डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,897.34 −27.43

डॉलर 83.528 +0.018

रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,450 | 01 किलो 99,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 12 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 264, पृष्ठ-10 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-10 गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश...


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत

## नव-नियुक्त 1500 PGT शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास,
वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग,
झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग,
झारखण्ड सरकार

**श्री बैद्यनाथ राम**
मा0 मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता,
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,
झारखण्ड सरकार

दिनांक : 12 जुलाई 2024 (शुक्रवार), अपराह्न 12:30 बजे
स्थान : प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 329360 (School Education and Literacy) 2024-25

### अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा

# आज जनसंख्या बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है : राजकुमारी देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर आमजनों को जागरूक करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का अयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, बीडीओ रौशन कुमार, विधायक प्रतिनिधि विनय पासवान, सांसद प्रतिनिधि अखलेश्वर मेहता, मुखिया संघ के सचिव अमरेंद्र ठाकुर, नरेश पासवान ने संयुक्त रूप से फीताकाट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि अपने देश में जनसंख्या काफी तेजी से बढ़ रहा है, जो आज बड़ी समस्या बन चुकी है। इसके लिये जनसंख्या नियंत्रण करना सबसे ज्यादा आवश्यक है। जनसंख्या



वृद्धि से आज कई समस्या उत्पन्न हो रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे रोकथाम के लिये कई योजनाएं चला रही है। जरूरत है लोगों को जगरूग करने की। खुशहाल परिवार के लिये परिवार नियोजन के उपाय कारगर है। इस मौके पर स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि सीमित परिवार हर मामले में खुशहाली का प्रतीक होता है, छोटे परिवार में ही बच्चों को बेहतर परवरिश संभव होती है, इसलिए विश्व जनसंख्या दिवस के माध्यम से आमलोगों को नियोजित परिवार के विषय में संकल्पित होने की जरूरत है। इस कार्यक्रम के बाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, डॉ. दीपक कुमार, विनय पासवान, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जगरूगता रथ को रवाना किया। इस मौके पर प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता, परिवार कल्याण कार्यकर्ता सचितानंद, एएनएम राजमुनी देवी, अर्चना कुमारी, सहिया साथी सीमा सिंह, सोनी देवी, अनिता देवी, मीणा देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन पखवाड़ा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार से परिवार नियोजना पखवाड़ा का शुरूआत किया गया,जो 31 जुलाई तक चलेगा.उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ. मनोज थामस,डा अरविंद कुमार,बिपियम पंकज पाण्डेय व बिनोद तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इससे पहले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना किया, जो पूरे क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करेगा.इसके अलावा नप मुख्यालय में जन जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गई.प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन का स्थाई और अस्थाई दोनो साधन उपलब्ध रहेगा.परिवार नियोजन हेतु कई प्रकार के अस्थाई साधन हैं,जो जरूरतमंदों को निःशुल्क दिया जा रहा है.जिसमे माला एन,कंडोम,छाया की गोली और अंतरा सुई सहित अन्य अस्थाई साधन शामिल हैं.उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं.कार्यक्रम का संचालन मिथलेश दुबे ने किया। मौके पर बिडियम रवि कुमार,संतोष कुमार,पंकज कुमार,कर्मचंद कुमार,एएनएम रानी कुमारी,पूर्णिमा रानी,ललिता कुमारी,रीना कुमारी,राजेंद्र सोनी, इसरार हवारी,अनिल पासवान,राजन कुमार ,प्रभु कुमार,संजय ठाकुर,सहित प्रखंड प्रशिक्षक दल, सहिया,सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### विश्व जनसंख्या दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली




**हरिहरगंज।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मारिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में मारिया पब्लिक स्कूल हरिहरगंज तथा एम पब्लिक छकनबाग के स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली हरिहरगंज शहर भ्रमण करते हुए जगह विगहा, कोइरी विगहा होते हुए अल्फा बेट्ज स्कूल पहुंची। जहां बच्चों द्वारा कई कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सेंटर हेड सोनी कुमारी ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या आज चिंता का विषय है। इसे रोकने के लिए शिक्षा के माध्यम से सशक्त करने की आवश्यकता है। लड़के लड़कियों में जब तक भेदभाव नहीं मिटेगा तब तक जनसंख्या नियंत्रण मुश्किल है। वही एम परवेज आलम ने कहा कि सोच बदलने की आवश्यकता है। तभी जाकर जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस अवसर पर विवेक मौर्य सचिन कुमार सुजीत कुमार ज्योति कुमारी रिया कुमारी ताजिया परवीन शबाना परवीन ब्यूटी कुमारी आदि उपस्थित थे।

### एटिक सेंटर में 25 किसानों को मिला धान का बीज व नैनो यूरिया

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय परिसर हैदरनगर स्थित किसान सलाहकार केन्द्र (एटिक सेंटर) में सफल 25 किसानों को प्रत्यक्षण के लिए इस वर्ष धान का बीज दिया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि वर्ष 2024 - 25 अंतर्गत फूड एंड न्यूट्रीशन योजना के तहत प्राप्त 240 किलो धान का बीज फसल के प्रत्यक्षण को लेकर 25 किसानो के बीच वितरण किया गया है। सहायक तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां ने किसानों के प्रति चिंता जताते हुए कहा कि अब तक इस प्रखंड में अल्प वर्षा से अधिकांश खेत सूखे पड़े हैं। बावजूद किसानों के बीच बीज प्रत्यक्षण करने के प्रति आस और उत्साह कायम है। वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय और पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र के किसानों में मेहनत, उमंग और खेती के प्रति हिम्मत में कमी नहीं है। कमी है तो मात्र सिंचाई की, उन्हें भगवान भरोसे खेतों में पानी मिलने की आस हर साल बरसात के मौसम में रहती है। बोरिंग और पंपसेट से समुचित खेती करना कतई संभव नहीं है। बीज वितरण कार्यक्रम में किसान मित्र कुणाल सिंह, संजय मेहता का अपेक्षित सहयोग मिलने की सराहना भी की गई। इसके साथ ही उपस्थित किसानों के बीच नैनो यूरिया, नीम तेल आदि का भी वितरण जनसेवक जयप्रकाश राम की उपस्थिति में किया गया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में इटको के युवक की मौत

**विश्रामपुर।** नेशनल हाइवे-139 पर नावा बाजार थाना क्षेत्र के लोहा पुल के समीप एक पिकअप और बाइक के बीच गुरुवार की दोपहर में हुई हुई सीधी टक्कर में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाने से पहले ही एक की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग व पुलिस के सहयोग से घायल युवक को मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। नावा बाजार के थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस ने घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की। प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया कि नावा बाजार थाना के इटको निवासी सरयू बैठा का 28 वर्षीय पुत्र विकास रजक अपनी बाइक पर बीरबल रजक के साथ छतरपुर से घर लौट रहा है। इसी क्रम में नावा बाजार चेक पोस्ट के निकट लोहा पुल के समीप बाइक और अज्ञात पिकअप में टक्कर हो गयी जिसमें विकास की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी है। बीरबल रजक गंभीर रूप से घायल है।

### भाजपा की सरकार बनी तो स्वास्थ्य सहिया को दिलवायेंगे 15 हजार मासिक वेतन : विधायक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर पितांबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिवार नियोजन पखवाड़ा को लेकर नीलांबर पितांबरपुर से सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर पांकी के विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता द्वारा गुरूवार को रवाना किया गया। रथ रवानगी के पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा कक्ष में पखवाड़ा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुरूआत की गयी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि छोटा परिवार रहने से अच्छे कपड़े, अच्छी शिक्षा, अच्छे मकान में रहकर लोग अपना जीवन यापन कर सकते हैं। वही स्वास्थ्य सहिया के बारे में विधायक ने कहा कि जिस भी काम को हमारे बहनें ले लेती हैं उसको बखूबी पूरा करती हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इस सरकार में इन लोगों को उचित मानदेय नहीं मिल पा रहा है। अगर हमारी सरकार बनी तो हम कम से कम 15000 मासिक वेतन के रूप में दिलवाएंगे। स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में झारखंड में प्रथम स्थान लाने के लिए सीएससी प्रभारी को धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा की आप एवं आपकी टीम बधाई के पात्र हैं।

# झरगड़ा में पुलिस पिकेट स्थापित कराने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी ने पलामू सांसद वीडी राम से मिलकर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। इस दौरान मुखिया ने सांसद को बुके देकर स्वागत किया। मुखिया द्वारा सांसद को दिए गए मांग पत्र में झरगड़ा मोड़ से डाक बंगला होते हुए सरहु पुल तक पक्की सड़क निर्माण, पतरा पंचायत सचिवालय से बनसपती गांव तक पक्की सड़क निर्माण, सुपहा माध्यमिक विद्यालय की घेराबंदी एवं चाहरदीवारी निर्माण, झरगड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय की दर्जा देने, ग्राम सुकनाडेरा श्मशान घाट पर शेड निर्माण, झरगड़ा में चंदीप चौधरी के घर से



बघमनवा सनोज रजवार के घर तक नाला निर्माण, झरगड़ा में श्मशान घाट की चहारदीवारी निर्माण, ग्राम सुपहा में श्मशान घाट पर शेड निर्माण, झरगड़ा के गायत्री फिल्ड पर स्टेडियम का निर्माण और झरगड़ा पंचायत में पुलिस पिकेट की स्थापना की शामिल है। सांसद वीडी राम ने मुखिया को आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर आपकी सभी मांगों पर यथा संभव प्रयास कर पूरा किया जाएगा। मुखिया अशोक चौधरी ने अपने पंचायत वासियों के तरफ से सांसद का आभार प्रकट किया एवं सर्व प्रथम सड़क की दयनीय स्थिति को सुधारने का अनुरोध किया।

## ज्योति कुमार ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्टेशन रोड मोहम्मदगंज निवासी ज्योति कुमार (नेहा) की द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ज्योति की छोटी बहन भी वर्तमान में रिम्स रांची में एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है। उसका भाई पुणे से एमबीए की तैयारी में जुटा है। ज्योति अपने माता पिता के साथ जमशेदपुर में ही रहती हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय पिता अभय सिंह, माता विभा सिंह के प्रेरणा व अपने दादा कृष्ण बिहारी सिंह सहित अपने परिजनों के आशीर्वाद देती है। ज्योति की प्रारंभिक शिक्षा से लेकर दसवीं और बारहवीं स्कूल ऑफ एक्सेलेंस जमशेदपुर से करने के बाद कोलकता विश्वविद्यालय के सेठ आनंद राम जयपुरिया कॉलेज



से बी. कॉम स्नातक (अकाउंट व फाइनेंस) की परीक्षा पास की। स्नातक करने के दौरान ही सीए की तैयारी के दौरान ही तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। उसका शुरू से ही सीए परीक्षा पास करने का सपना था। उसने बताई कि सीए बनने के लिए हार्ड वर्क बहुत जरूरी है। हर दिन बेसिस पर अपना टारगेट सेट करना चाहिए कि तय लक्ष्य अनुरूप एचीव कर पा रहे हैं या नहीं। उसने बताई कि निकट भविष्य में किसी प्राइवेट फर्म में नौकरी और प्रैक्टिस करेगी। इसके बाद अपना सीए फर्म खोलने का मुख्य लक्ष्य है।

### शांति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है : डीएसपी

**किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** मुहर्रम को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद के साथ कई सदस्यों ने भाग लिया। डीएसपी ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने आपसी सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। बीडीओ ने कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है। वहीं बीडीओ व थाना प्रभारी ने ताजिया जुलूस निकाले जाने वाले जगहों की जानकारी ली। मुहर्रम को लेकर चिन्हित जगहों पर गश्ती की जाएगी। बैठक में एसआई सतीश कुमार गुप्ता, रणजीत सिंह, धनंजय गोप, हेमंती बास्के, एएसआई मनोज दास के अलावे राजीव रंजन, भोला गुप्ता, गंगा जायसवाल, सोनू जायसवाल, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, अरविंद पासवान, कृष्ण कुमार सिंह, अशोक यादव, उदय सिंह, बल्लू बलराम, इरफान शाहिद, अमित सिंह, राजकुमार गौतम, महेंद्र यादव, ओमप्रकाश अकेला, लखन यादव, उमेश साव, अरुण मिश्रा, विश्वदीप कुमार, सत्येंद्र भुइयां, महताब शाहिल, मो. इरशाद, गुलाम मुतुर्जा, शमशाद अंसारी, टुडे आलम, कृष्ण मुरारी मिश्रा सहित दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। मुहर्रम पर्व पर सौहार्द बनाये रखने का शांति समिति सदस्यों ने लिया निर्णय लिया।



**'मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण मनाने का संकल्प'**

**हैदरनगर।** गुरुवार को थाना परिसर मोहम्मदगंज में अंचल अधिकारी रणबीर कुमार की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। प्रभारी थाना प्रभारी शेख अमानुल्लाह के संचालन में समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजनों ने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण मनाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने समाज में आपसी सदभाव बनाने और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भी संकल्प लिया। प्रभारी थाना प्रभारी शेख अमानुल्लाह ने कहा कि पर्व के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। ताजिया कमेटी को जुलूस को तय रूट मैप के अनुरूप ही निकालने और जुलूस में डीजे साउंड का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया।

### पाटन में डाक चौपाल का आयोजन

# ग्रामीणों को डाक घर के योजनाओं के बारे में दी गयी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन उपडाक घर अंतर्गत डाक ओवरसियर विकास कुमार के द्वारा बुधवार को 'डाक चौपाल' का आयोजन किया गया। डाक चौपाल में पाटन उपडाक घर के अंतर्गत आने वाले सभी बीओ के बीपीएम और एबीपीएम सहित सभी डाककर्मी उपस्थित हुए। 'डाक चौपाल' में डाक घर के योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया गया। जैसे- ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर, किसान वर्ग के लोगों के लिए ग्रामीण डाक जीवन बीमा, नौकरी, पेशेवर और ग्रेजुएट लोगों के लिए डाक जीवन बीमा जैसे सुरक्षा बीमा योजना, 10 साल तक के बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना, महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र, डाक घर बचत खाता, पोस्ट ऑफिस में डाक घर और सरकार के द्वारा चलाया जा रहा अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दिया गया। वहीं लोगों से अपील किया गया कि वे अपने पंचायत के नजदीकी डाक घर में जाकर या घर बैठे इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। ग्रामीण डाककर्मी घर-घर जाकर भी इन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को देंगे। इस डाक चौपाल में मुख्य रूप से पाटन उप डाकघर के एसपीएम सुकेश कुमार के साथ मुकेश कुमार, उत्तम कुमार, राहुल दुबे, अनुज यादव, लाल बाबू, आकाश, विशाल, ओपी सिंह, सहित अन्य ग्रामीण व डाककर्मी उपस्थित थे।



### निर्धारित मार्ग से ही अखाड़ा ताजिया के साथ निकाला जाएगा

# नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय पर लगने वाले भीड़ से निजात दिलाने को बाइपास का हो प्रबंध : इंस्पेक्टर

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** अगामी 17 जुलाई को होने वाला मुहर्रम त्योहार को लेकर नावाबाजार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विश्रामपुर पुलिस इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान व संचालन हिंदू मुस्लिम एकता समिति के सचिव मोहम्मद यासीन खान की।

मौके पर विश्रामपुर इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने कहा कि मुहर्रम त्योहार पर निकलने वाले जुलूस में एनएच 98 मुख्य मार्ग पर काफी भीड़भाड़ हो जाने के कारण आवागमन बाधित हो जाती है। ऐसे में वैकल्पिक रास्ता के तौर पर बाईपास से छोटे वाहनों का आवागमन चालू रखें। जिसके कारण एनएच 98 मुख्य मार्ग पर चलने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। बड़े वाहनों को एनएच 98 पर ही रोक दिया जाएगा। त्योहार के दौरान प्रखंड क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस अपने चिन्हित मार्ग से ही अखाड़ा ताजिया के साथ निकाला जाएगा।



बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी ने कहा कि मुस्लिम धर्मावलंबी त्योहार को शांति व आपसी सौहार्द के साथ मनाए। जो देश की पहचान है, खूबसूरती है व आगे भी कायम रखने के लिए हमें एक दूसरे के धर्म व त्योहारों का सम्मान करें। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि मुहर्रम त्योहार के दौरान अपने थाना क्षेत्र से निकलने वाले जुलूस पर पैनी नजर रखी जाएगी। प्रशासन किसी भी अफवाह को लेकर पुलिस जवान मुस्तैद रहेंगे। त्योहार के दौरान एनएच 98 पर लगने वाले भीड़ से निजात पाने के लिए बाईपास मार्ग के साथ मेले में खेल करतब दिखने वाले युवकों को चोट लगने पर चिकित्सकीय सुविधा के साथ पानी, लाइट व अन्य सुविधा लोगों को प्रदान की जाएगी। नावाबाजार मोहर्रम कमेटी बरसाती पानी से बचने के लिए फील्ड में वाटर प्रूफ पंडाल लगाए, ताकि दूर दराज से मेला देखने आए महिला बच्चा को परेशानी न हो। उक्त मौके पर मुख्य रूप से एसआई विपिन कुमार, रितेश लकड़ा, एएसआई सुधीर कुमार, उप प्रमुख मिर खुर्शीद आलम, समाजसेवी सफिर आलम, जमालुद्दीन खान, राजेंद्र सोनी, विजय शरण गुप्ता वकील अंसारी सुल्तान मियां, जगदीश सिंह निर्मल यादव शेख मुमताज खान, मीर आरिज आलम, आजम शाह सहित काफी संख्या में बुद्धिजीवी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर गुरुवार को शांति समिति का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने की। संचालन थाना प्रभारी अंचित कुमार ने किया। इस मौके पर दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित थे। लोगों को संबोधित करते हुए कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि कोई भी त्योहार हो उसे शांति पूर्वक मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी तरह का दिक्कत हो तो थाना को तुरंत सूचित करें। थाना आपकी सेवा में हाजिर रहेगा। वहीं थाना प्रभारी अंचीत कुमार ने कहा कि हमारी पैनी नजर हर जगह है। गुनाह करने वाले कभी बक्सा नहीं जाएगा। इस मौके पर उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, प्रमोद यादव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम, बकोरिया मुखिया संतोष उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, संजय यादव, जुबेर खान, बाबर खान, भाग्य रसुल अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, इस्लाम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 12 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-264, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com





गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश के लिए...

संसेक्स
79,897.34 -27.43

डॉलर
83.509 -0.004

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 73,370
01 किलो 94,390

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### हेमंत सोरेन ने सुनी आम लोगों की शिकायतें और समस्याएं

# जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : सीएम

**कहा, राज्य हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का यथोचित एवं त्वरित समाधान कराने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं एक-एक लोगों से उनके आवेदनों को लिया और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। लोगों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है।

**कई महत्वपूर्ण नीतियां बनी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्ष में उनकी सरकार गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचकर जन समस्याओं को सुलझाने के प्रयास कर रही है। उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण नीतियां बनाई हैं। सरकार की संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। इन सभी प्रभावी नीतियों तथा योजनाओं का सीधा लाभ आम जनमानस को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं को लोगों के घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रही है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार तथा सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। इसके लिए हम प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं को उनतक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग, सहभागिता और आशीर्वाद से ही विकसित एवं समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा।

## स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों (पीजीडी ) के अनुशंसित सात विषयों यथा, हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित एवं इतिहास विषय के सफल अभ्यर्थियों के बीच 12 जुलाई को अपराह्न 12:30 बजे से प्रभात तारा मैदान, धुर्वा में नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव (वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य, कर एवं संसदीय कार्य विभाग), मंत्री सत्यानंद भोक्ता (श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग), मंत्री वैद्यनाथ राम (स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# जिले में बढ़ रहे मानसिक रोगियों की संख्या





- **दो तरह के होते हैं मानसिक रोगी सायकोटिक व निरोटिक : डा. आशीष**
- **प्रतिमाह 200 मरीज पहुंच रहे इलाज कराने**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में मानसिक रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के जो आंकड़े सामने आये है वह काफी चौकाने वाला है। प्रति माह 180 से 200 नए लोग मानसिक रोगी के शिकार हो रहे है। प्रतिदिन के आकड़ों की बात करें तो 6 से 7 नए मरीज आते है। 65 से 70 पुराने मरीज अपना इलाज करवाने एमएमसीएच पहुंचते है। इनमें ज्यादातर मरीज डिप्रेशन के शिकार है। यह आंकड़ा काफी चौकाने वाला है। एमएमसीएच में कार्यरत मनोचिकित्सक डॉ आशीष कुमार ने बताया कि मानसिक रोगी दो प्रकार के होते है। सायकोटिक व निरोटिक। सायकोटिक लक्षण वाले मरीज मारपीट, चिड़चिड़ापन, हल्ला हंगामा करते नजर आएंगे। निरोटिक लक्षण वाले मरीज तनाव में तो रहेंगे। साथ ही उनको पहचानना मुश्किल है। वह अपने आप मे खोए हुए नजर आएंगे व पता नहीं चलेगा। उन्होंने बताया कि उनके पास ज्यादातर सायकोटिक लक्षण वाले मरीज आते हैं। डॉ. सुशील कुमार के अनुसार गर्मी के दिनों में मरीजो की संख्या काफी बढ़ जाती। जबकि ठंढ़ का मौसम स्थिर रहता है। डॉक्टर का कहना है मानसिक रोगी बढ़ने का मुख्य कारण इंसान के दिनचर्या में बदलाव होना है। वहीं दूसरा कारण मोबाइल का ज्यादा उपयोग करना है, जो मानव जीनव के सभी वर्ग के लोगों लिए काफी खतरनाक है। इनमें बच्चा, बूढ़ा, युवा वर्ग के लोग शामिल हैं। तीसरा नशीला पदार्थ का सेवन करना माना जा रहा है। आवश्यकता से अधिक किसी वस्तु की चाह रखना मूल कारण है मानसिक रोगी बढ़ने का।

## एक नजर

### रांची विश्वविद्यालय का 65वां स्थापना दिवस आज

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का 65वां स्थापना दिवस 12 जुलाई को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना शामिल होंगे। रांची विश्वविद्यालय झारखंड का सबसे पुराना और पहला विश्वविद्यालय है।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज 14 जुलाई और हिमंता विश्व सरमा 16 को आएंगे झारखंड



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय हो गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 14 जुलाई और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह-प्रभारी हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची पहुंचेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों नेता तैयारियों की समीक्षा करेंगे। शिवराज 14 जुलाई को रांची में पार्टी की ओर से खिजरी विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह और विजय संकल्प सभा में हिस्सा लेंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से छह जुलाई से विधानसभावार कार्यकर्ता अभिनंदन व विजय संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा। हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

# झारखंड में पांच चरणों में नहीं होगा चुनाव : के रवि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/रामगढ़।** द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में केंद्रीय चुनाव आयोग के उपचुनाव आयुक्त ने एक बड़ा निर्णय लिया है। गुरुवार को बैठक के दौरान यह बात स्पष्ट हो गई है कि झारखंड में पांच चरणों में चुनाव नहीं होंगे। यहां कितने चरणों में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी, इसकी घोषणा जल्द ही होगी। बैठक से बाहर निकल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने इस बात की जानकारी दी।

मीडिया से बात करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। ऐसे सभी वोटरों को इसमें शामिल करना है, जो 18 वर्ष से ऊपर हो चुके हैं। बीएलओ घर-घर जाकर लोगों से बात कर रहे हैं। झारखंड में हर व्यक्ति को वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने की वजह को भी उजागर किया जा रहा है। किन बिंदुओं पर कमी रही है, उसे दुरुस्त किया जाना है। किस तरह मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें मतदान केंद्र तक लाना है, इस पर पूरा ध्यान चुनाव आयोग का है। जो मतदाता बूथ तक नहीं पहुंच सकते हैं, चुनाव कर्मी उनके घर तक पहुंचेंगे। इसके अलावा युवा मतदाताओं पर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। लोकतंत्र में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी हो, इसे लेकर अभी से ही योजना तैयार की जा रही है।

## जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल

**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 13 जुलाई को सहजानंद चौक स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने गुरुवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण है। बैठक में पार्टी के जिला, नगर अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, पूर्व विधायक और पार्टी से पूर्व में चुनाव लड़े उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे।

### लव जिहाद, लैंड जिहाद के नाम पर सुनियोजित तरीके से घटाई जा रही आदिवासी आबादी

# संथाल परगना में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/पाकुड़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को पाकुड़ में राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि ठगबंधन सरकार की तुष्टीकरण नीति में घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। आदिवासी आबादी खतरे में है। ऐसा लगता है कुछ दिनों में अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने 1951 से लेकर 2011 तक हुई जनगणना रिपोर्ट को रखते हुए कहा कि यह भारत सरकार की सेंसस रिपोर्ट है, जो नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से पहले की है। उन्होंने कहा कि आज जनसंख्या दिवस है और आंकड़े बताते हैं कि कैसे संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही और मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित ढंग से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 1951 में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44.67 प्रतिशत, मुस्लिम आबादी 9.44 प्रतिशत और सामान्य आबादी 45.91 प्रतिशत थी। आज 2011 की जनगणना रिपोर्ट को देखें, तो मुस्लिम आबादी शेष पृष्ठ 9 पर

# हाईकोर्ट से रांची विवि के गेस्ट फैकेल्टी को नौकरी से हटाने पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के गेस्ट फैकेल्टी की ओर से दायर याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए रांची यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया है कि इन गेस्ट फैकल्टी को अभी नहीं निकला जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि रांची यूनिवर्सिटी में नीड बेस असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में आगे की प्रक्रिया जारी रखी जा सकती है। इस मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी। कोर्ट ने मामले में रांची यूनिवर्सिटी को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। रांची विश्वविद्यालय के गेस्ट फैकेल्टी अरविंद कुमार एवं अन्य की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। उनकी ओर से कहा गया है कि रांची यूनिवर्सिटी संविदा पर नीड बेस असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति कर रही है, इसके लिए विज्ञापन भी निकल गया है। नीड बेस असिस्टेंट शेष पृष्ठ 9 पर

### चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में फटा बॉयलर

# 4 मजदूर झुलसे, 2 की हालत गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड में रामगढ़-हजारीबाग की सीमा पर स्थापित चिंतपूर्णी स्टील प्लांट का बॉयलर फटने से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा बुधवार देर रात लगभग 2:30 बजे हुआ है। आनन-फानन में चारों को इलाज के लिए रामगढ़ लाया गया। दो मजदूरों को रामगढ़ के होप हॉस्पिटल और दो को रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्लांट प्रबंधन ने बताया कि बॉयलर में जाम होने के कारण अचानक स्पार्क हुआ और बहुत तेज आवाज के साथ फट गया। बॉयलर से निकले गैस से वहां काम कर रहे मजदूर झुलस गए हैं। फैक्ट्री के भट्टी में लोहा गलने का काम चलता रहता था। बुधवार की देर रात लगभग 2:30 बजे भट्टी में विस्फोट हो गया, जिससे वहां काम कर रहे मुन्ना प्रसाद यादव और जितेंद्र यादव गंभीर रूप से झुलस गए। वह दोनों बिहार राज्य के गया जिले के रहने वाले हैं। प्लांट में जब विस्फोट शेष पृष्ठ 9 पर

## रांची में तैनात किए गए 200 अतिरिक्त जवान

**रांची।** पुलिस मुख्यालय ने रांची में अपराध पर अंकुश लगाने और विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए दो सौ अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है। इन अतिरिक्त जवानों को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में लगाया जाएगा। इसके अलावा, पेट्रोलिंग में भी जवानों को लगाया जाएगा। रांची पुलिस ने कुल 15 चेक प्वाइंट बनाए हैं, जहां नाकेबंदी की सभी व्यवस्था की गई है। रात के समय विशेष रूप से एंटी क्राइम चेकिंग और पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। रांची पुलिस ने अतिरिक्त जवानों की तैनाती को लेकर पुलिस मुख्यालय से अनुरोध किया था। उल्लेखनीय है कि रांची के विधि व्यवस्था और अपराधिक घटना पर अंकुश लगाने को लेकर दो दिन पूर्व ही आईजी और डीआईजी देर रात में औचक निरीक्षण कर कई निर्देश दे चुके हैं।

## आज कल





## इंडिया

# मेट्रो युग आए या फ्लाई ओवर में अटके झारखंड?



सुनील बादल

हमारे मूल राज्य बिहार की राजधानी पटना में डेढ़ दर्जन से अधिक फ्लाई ओवर के बाद मेट्रो रेल परियोजना अंतिम दौर में है और हम 24 सालों में 13 सरकारों के बाद आधा दर्जन फ्लाई ओवर बनते देख खुश हैं कि चलो अब कुछ हो रहा है जिससे राजधानी की सभी 6 सड़कों पर ट्रैफिक के साथ युद्ध नहीं लड़ना पड़ेगा! स्राजधानी में रातू से अंदर आने वाले हजारों ऑटो रेल के डिब्बे की तरह जुड़े दिखते हैं और इस सबसे भारी ट्रैफिक वाले रूट में दशकों से जाम लगता रहा है। अब तो लोगों ने इसे अपने दुर्भाग्य की तरह स्वीकार कर लिया है। कहने को ट्रैफिक पुलिस के जवान बढ़ते जा रहे हैं पर वे तत्पर होने के बजाय आसपास के होटलों में बैठकर रांची से बाहर की गाड़ियों को पकड़ने की ही जुगत में लगे रहते हैं और उनके सामने से बिना परमिट ऑटो,नो एंट्री में ट्रैक्टर,कथित ग्रामीण सिटी बस, दबंगों की कोच या एसी बसें गुजरती रहती हैं। अब ट्रैफिक / पुलिस के कोई भी वरीय अधिकारी गश्ती में नहीं देखे नहीं जाते जिनका डर हो। जब राजधानी में ऐसा नजारा है तो अन्य शहरों की बात ही क्या?



हजारीबाग में दो पहिया वाहन चालक और सवारी बिना हेल्मेट घूमते हैं। रांची में सभी बड़े अधिकारियों और नेताओं के रहने से आशा थी कि इस सबसे धनी राज्य की राजधानी श्रेष्ठतम ना सही अच्छी होगी पर इसकी हालत एक बड़े गांव जैसी हो गई है जहां सड़क किनारे सब्जी और मनमानी पार्किंग से बाहर के निवेशक क्या यहां की युवा पीढ़ी भी यहां आना नहीं चाहती। यहां के बड़े अधिकारी और नेता मानते हैं कि समस्या है पर स्थायी समाधान के लिए मेट्रो उनकी प्राथमिकता में नहीं है। मेट्रो ने जिस प्रकार वीरान गुरुग्राम को बहुराष्ट्रीय कंपनियों का हब बना दिया, नोएडा को दूसरी दिल्ली तो दिल्ली एनसीआर को विश्वस्तरीय नगर उस दौड़ में हम बहुत पीछे हैं। कुछ विद्वानों ने रांची में ऊपर की लटकी पटरी पर चलने वाली भारत के असफल मोनो रेल और अत्याधुनिक लूप रेल पर समय बर्बाद किया और पब्लिक का पैसा भी जबकि मेट्रो की जमीन के अंदर और बाहर चलने की अनूठी सुविधा यहां के लिए वरदान साबित हो सकती थी। एक अधिकारी ने हास्यास्पद जवाब दिया कि यहां जमीन के अंदर पत्थर हैं इसलिए मेट्रो संभव नहीं, दूसरे ने बताया कि यहां पैसेंजर कहां हैं? छोटा शहर है न! मेट्रो संभावनाओं के द्वार खोलता है और यदि क्रमवार इसे रामगढ़ हजारीबाग से कोडरमा तक तो दूसरी ओर गुमला, जमशेदपुर डाल्टनगंज जैसे शहरों को जोड़ दिया जाए तो यह स्वर्ग बन जाए और आइटी से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तथा बड़े निवेशकों की पहली पसंद भी पर संभवतः कुछ लोग इसे पूर्व के उपनिवेश की तरह दोहन स्थल बनाकर रखना चाहते हैं और नीति निर्धारकों को भ्रमित करते हैं। पटना मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर (कंकड़बाग के मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक) को मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 2 लाइनों और 24 स्टेशनों वाला पटना मेट्रो बिहार की राजधानी और सबसे बड़े शहर पटना में निमार्णाधीन एक शहरी मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) है। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल)।

30.91 किमी पटना मेट्रो के चरण 1 परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) राइट्स द्वारा तैयार की गई थी और 9 फरवरी, 2016 को बिहार राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित की गई थी। इस परियोजना को 6 फरवरी, 2019 को केंद्र सरकार की मंजूरी मिली और पीएम मोदी ने 17 फरवरी, 2019 को इसकी आधारशिला रखी। इस परियोजना को आंशिक रूप से जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) से आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) ऋण के माध्यम से वित्तपोषित करने की योजना है। अनुमानित लागतः 13,365.77 करोड़ रुपये

अनुमानित सवारियां : 2.10 लाख/दिन (2026)। पटना विकास का नया इतिहास लिखने की ओर अग्रसर है और हम प्रयोगों में उलझे हैं।

# मेनहर्ट घोटाला मामले में विधायक सरयू राय ने दर्ज कराई प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मेनहर्ट घोटाला को लेकर विधायक सरयू राय ने गुरुवार को रांची के डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में विस्तारपूर्वक तथ्यों को देते हुए सरयू राय ने डोरंडा थाना प्रभारी से आग्रह किया कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार इसकी जांच शीघ्र की जाए। मेनहर्ट घोटाला के दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि विधायक की ओर से आवेदन दिया गया है। एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मेनहर्ट घोटाला के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के जांचोपरांत सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं करने के संबंध में विधायक सरयू राय के जरिये झारखंड हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की गयी थी। इस रिट याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। साथ ही, सरयू राय को निर्देश दिया था कि वह किसी पुलिस थाना में प्राथमिकी दायर करें, अथवा किसी सक्षम न्यायालय में मुकदमा दायर करें। इसके बाद विधायक सरयू राय ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।




## एक नजर

### विश्व जनसंख्या दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है। अत्यधिक तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ही यह दिवस मनाई जाती है। यह जागरूकता मानव समाज की नई पीढ़ियों को बेहतर जीवन देने संदेश देती है। बच्चो को बेहतर शिक्षा, भेजना, वस्त्र, स्वस्थ वातावरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भविष्य में देन के लिए छोटे परिवार की आवश्यकता निरंतर बढ़ती जा रही है।

### परिवार नियोजन पखवाड़ा की शुरूआत

# जनसंख्या नियंत्रण पहली प्राथमिकता : डीडीसी

**महिला बंध्याकरण 3363, एनएसवी 204 का लक्ष्य**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर परिवार नियोजन पखवाड़ा की शुरूआत गुरुवार को एमएमसीएच में की गयी। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, डीडीसी शबीर अहमद, पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, राजस्तर के नोडल पदाधिकारी उज्वल कुमार, एनपीडीसीडी के मो. अताउल ने संयुक्त रूप से दीप जला कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। संचालन डॉ. दीपक कुमार ने किया। इस वर्ष परिवार नियोजन की थीम विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की है शान दिया गया है। मौके पर उपविकास आयुक्त शबीर अहमद ने कहा कि पहली प्राथमिकता




है कि जनसंख्या को सही ढंग से रखा जाए। जनसंख्या को नियंत्रित करना प्राथकिता होना चाहिए। परिवार नियोजन का जो भी साधन है उसे शत प्रतिशत लोगों के बीच जागरूक करने आवश्यश्कता है। परिवार नियोजन को लेकर चलायी जा रही योजनाओं को लोगों के बीच बताने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महंगाई बढ रही है, संसाधनों की कमी हो रही है उस स्थिति में अपने परिवार को सीमित रखने की जरूरत है। उन्होंने सहिया, एएनएम, जीएनएम को भी इसके बारे में लोगों को जानकारी देने की बात कही। एनपीडीसीडी के मो. अताउल ने कहा कि फैमिली प्लानिंग के लिए 15 से 49 वर्ष की कोई भी महिला रिपोडेक्टिव प्रजन्न को कम करें। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस वर्ष परिवार नियोजन की थीम विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दंपति की है शान है। उन्होंने परिवार नियोजन को लेकर चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पिछले वर्ष परिवार नियोजन को लेकर अच्छा कार्य करने वाले स्वाथ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। उनमें सदर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, लेस्लीगंज प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी के अलावा सरीता देवी, अनिता कुमारी सिंह, अनुपमा सिंह को घड़ी व शॉल देकर सम्मानित किया गया।

**विभिन्न प्रखंडों को मिला लक्ष्य**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 78 नसबंदी, 8420 महिला बंध्याकरण किया गया है। पलामू जिले में पखवाड़ा का बंध्याकरण के लिए 13244,नसबंदी के 815 आईयूसीडी 20381, प्रसवोत्तर अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण 28567,अंतरा 20381 का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन पखवाड़ा के अंतर्गत विश्रामपुर को 454, चैनपुर 393, छतरपुर 384, हरिहरगंज 192, हुसैनाबाद 492 ,मनातू 222, सदर 427 लेस्लीगंज 217,पांकी 274 तथा पाटन को 315 बंध्याकरण का लक्ष्य इस पखवाड़े भर में पूरा करने लक्ष्य दिया गया है। नसबंदी के लिए पूरे जिले में इस वर्ष में 815 लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से इस पखवाड़े में 204 पूरा करना है। बताते चलें कि पिछले वर्ष नसबंदी में 1084 की जगह केवल 78 तथा 10218 की जगह 2824 महिला बंध्याकरण किया गया था। पलामू जिले में एनएचभी के लिए 204 व महिला बंध्याकरण के लिए 3363, आइयूसीडी में 1698, पीपीआइयूसीडी 2381 का लक्ष्य रखा गया है। पलामू जिले में वित्तीय वर्ष में 2023-24 में एनएसभी में 78 व बंध्याकरण ऑपरेशन 8420 हुआ था।

## न्यूज बॉक्स

### पंडित गौरी बाबा स्मृति मंच ने किया फलदार पौधा रोपण

**मेदिनीनगर।** पंडित गौरी बाबा स्मृति मंच द्वारा बुधवार को पंडित गुरू सहाय नगर बेलसेनियां रेड़मा में फलदार पौधा लगाया गया। मंच के संरक्षक मंडल के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी के नेतृत्व में पेड़ लगाऐं जीवन बचाऐं अभियान के अन्तर्गत फलदार आम वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने पंडित गौरी बाबा के वंशजों के तीन पुश्तों के सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ.आनन्द मुरारी तिवारी (पूर्व विभागाध्यक्ष भूगर्भ विज्ञान,रांची विश्वविद्यालय) पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर गोविंद तिवारी, निर्वतमान वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी,नवीन कुमार,राजकमल तिवारी,प्रेमकमल तिवारी, नीलकमल तिवारी,कुणाल शांतिप्रिय तिवारी,अर्पिता कुमारी,छोटू कुमार,आदित्य नमन,रुद्र कुमार ने फलदार आम वृक्ष का पौधा लगाया। सभी ने जिला प्रशासन, वन विभाग,रेलवे के स्थानीय अधिकारियों से मानवता की सेवा, प्रकृति के विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया। वार्ड पार्षदों ने रेलवे प्रशासन से सघन वृक्षारोपण अभियान में आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रमंडल में जिस तरह से गर्मी का प्रभाव बढ़ रहा है उसमें पौधारोपण ही एकमात्र विकल्प है। प्रमंडल में रहने लायक अनुकूल वातावरण नहीं होने पर लोगों का दैनिक जीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा। जिससे रोजगार,आर्थिक विकास पर संकट मंडराने का भी भारी खतरा है। नदी नाला,तालाब,छोटी नदियां,जंगल,के बचाव के साथ ही चियांकी पहाड़ की तरह जिले के पहाड़ों पर सघन वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए आंदोलन की आवश्यकता है। इस दौरान मंच के संस्थापक समाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी ने इस तरह के अभियान का शुरूआत करने के लिए धन्यवाद दिया।

### जगनारायण पाठक का कांग्रेस में अविस्मरणीय योगदान रहा : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में पलामू जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंडित जगनारायण पाठक का 29 व पुण्यतिथि मनायी गयी। कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन के मैदान में स्थित उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित जगनारायण पाठक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद पर लंबे समय तक रहे। पार्टी की सेवा की। पार्टी हित में उनके योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता। उनके नेतृत्व में पलामू में कांग्रेस का संगठन काफी मजबूत था। पंडित जगनारायण पाठक पलामू कांग्रेस में भीष्म पितामह के रूप में जाने जाते थे। उनके कार्य करने की शैली अद्भुत थी। बेहतरीन संगठन कर्ता के रूप में पूरे कांग्रेस में उन्हें जाना जाता था। उन्होंने कहा कि जब भी वरिष्ठ कांग्रेसियों से उनके काम करने का तरीका के बारे में सुनते हैं तो एक नई ऊर्जा सभी को मिलता है। निश्चित रूप से वह पलामू कांग्रेस जन के प्रेरणा स्त्रोत थे। पंडित जगनारायण पाठक का कांग्रेस पार्टी के हित में योगदान अश्विमरणीय रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेहद गरीबी माने जाते थे। उनके जीवन से सभी को सीखने की जरूरत है। मौके पर उनके पुत्र आलोक पाठक, पुत्र बधू डॉ. प्रमिला पाठक, अनीश पाठक, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, अरविंद पासवान, ईश्वरी प्रसाद सिंह, सुरेश पाठक, विद्या सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, नसीम खान, सत्येंद्र सिंह, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, मिथिलेश कुमार सिंह, परिचित दुबे, चिंतामणि तिवारी, अनिल सिंह, अजय साहू,अरविंद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, उमेश प्रसाद, उदय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### 35 वार्ड में टैंकर से पानी कीआपूर्ति करें निगम : रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने निगम द्वारा टैंकर से पानी की आपूर्ति बंद कर दिए जाने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले नगर निगम द्वारा निगम के कुछ क्षेत्रों में टैंकर से पानी आपूर्ति किया जा रहा था, परंतु थोड़ा बरसात का पानी गिरते ही आपूर्ति बंद कर दिया गया है, जो चिंता का विषय है। निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्र रेड़मा,बारालोटा, पोखराहा ,मटपुरही के वार्ड नंबर 4,5,6,7,17,18,19,33 सहित कई वार्डों में निगम द्वारा पानी की आपूर्ति नहीं किया गया। उल्टे निगम के पूर्व के जन प्रतिनिधि, पूर्व मेयर अरुण शंकर, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने अपने निजी खर्चों से पानी बांटने का दंभ भी भरा, लेकिन आज उनका पानी देने की बात कहना गलत साबित हो गया। मौके पर अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भुइयां, शैलेश त्रिपाठी मौजूद थे।

# अधूरा नाली निर्माण व टूटी सड़क बनी परेशानी का सबब



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम अंतर्गत वार्ड नंबर 7 में वर्ष 2022 में घर तक नाली निर्माण किया गया था। जिसमें संवेदक द्वारा नाली का निर्माण करने से पहले अच्छी स्थिति में पीसीसी पथ को तोड़ दिया गया और वापस उसे नाली निर्माण के बाद स्लैब डालकर ढालने की बात कही गई। नाली निर्माण कार्य बीच में ही छोड़ दिया गया। 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरे नाली निर्माण तथा टूटी हुई सड़क की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। पीसीसी पथ को बीच से तोड़े जाने के कारण उसकी हालत पूरी तरह जर्जर हो चुका है। स्लैब को भी मनमाने ढंग से जहां-तहां ढंका गया है। अधिकतर जगहों पर बड़े-बड़े खाली जगह हैं, जिसमें कभी भी छोटी बड़ी घटना घट सकती हैं। इस मोहल्ले के लोग इसी रास्ते से मुख्य पथ पर निकलते हैं। आलम यह है कि इस रास्ते पर बाइक लेकर चलना भी अत्यंत दूभर हो गया है। इस मामले की जानकारी होने पर नगर आयुक्त जावेद अहमद ने कहा कि एक बार जांच कर लेने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। अगर मुहल्ले वासियों को टूटे रोड से परेशानी हो रही है, तो उसके लिए पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाएगा।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक का अभिनंदन

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भंडार,विश्रामपुर के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कामेश्वर राम का अभिनन्दन किया गया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शिक्षक नेता हरिशंकर मिश्र,मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी,सदर डीडीओ वीरेंद्र कुमार द्विवेदी,विश्रामपुर डीडीओ विनय तिवारी,सेवानिवृत्त डीडीओ अशोक तिवारी,सेवानिवृत्त एचएम सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता,शिक्षक राहुल शंकर तिवारी,शिक्षिका निशा,प्रियंका कुमारी,पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने श्री कामेश्वर राम को पुष्प गुच्छ व शाल प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर सभी ने कामेश्वर राम के शानदार व बेदाग सेवाकाल की सराहना करने के साथ एक मृदुल व निष्ठावान शिक्षक हैं।

### आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने सांसद वीडी राम को सौंपा ज्ञापन

# चौकीदार बहाली की खामियों से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने गुरुवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सांसद वीडी से मिलकर चौकीदार नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन को त्रुटि पूर्ण बताते हुए विरोध दर्ज कराया। मौके पर समिति के सदस्यों ने सांसद को पलामू जिला में 155 पद चौकीदार के भर्ती के निकाला गया है। दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड राज्य का एक मात्र जिला पलामू है जो अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है, लेकिन अनुसूचित जाति के लिए उपरोक्त पद के लिए आरक्षण शून्य दिखाया गया है। बाकि कैटेगरी को कैटेगरी वाइज आरक्षण दे दिया गया है। इसमें ऐसा प्रतीत होता है कि अनुसूचित जाति के आरक्षण रोस्टर के साथ छेड़ छाड़ कर दुसरे वर्ग को लाभ पहुंचाने का कुचक्र रचा गया है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति



पलामू किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आजादी से अभी तक इस पद पर पासवान जाति का बहाली होता था। कहीं कहीं अन्य जाति के लोग भी थे व अभी तक विज्ञापन द्वारा कभी भी इस पद के लिए बहाली नहीं हुआ था। 2024 में चौकीदार का बहाली निकाला गया उसमें अनुसूचित जाति का पद शून्य दिखाया गया है जो काफी निंदनीय है। संघर्ष समिति मांग करती है कि वर्तमान विज्ञापन को निरस्त कर नए सिरे से विज्ञापन जारी कर अनुसूचित जाति को आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए अनुसूचित जाति को आरक्षण दिया जाए। मौके पर शिष्टमंडल में संघर्ष समिति के संरक्षक सुनील पासवान, अरविंद पासवान,अशोक पासवान, प्रभु राम,संजय पासवान, जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र पासवान, सहित अशोक पासवान,अजय प्रकाश, विनय मांझी, रघुनाथ पासवान, कुश कुमार, मनोज कुमार, संजय बैठा, राजेन्द्र पासवान, विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# नर्सिंग होम, जांच घर के सामने बेतरतीब तरीके से वाहनों के लगाने से लगता है जाम

प्रभुदयाल तिवारी

**मेदिनीनगर।** शहर में तमाम प्रतिष्ठानों के बाहर पार्किंग की समस्या विकराल होती जा रही है। खासकर चिकित्सा प्रतिष्ठानों के बाहर सुबह से शाम तक दो व चार पहिया वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। उन प्रतिष्ठानो के पास पार्किंग को छोड़कर बाकी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बताते दें कि पार्किंग के नाम पर निजी अस्पतालों व क्लीनिकों के पास इंतजाम नही हैं। नर्सिंग होम के बाहर वाहन जैसे-तैसे लगा रहत है। नगर निगम क्षेत्र के कई वार्ड में मुख्य सड़कों के किनारे प्रतिष्ठित डॉक्टरों द्वारा कई नर्सिंग होम संचालित हैं, जिससे जाम की समस्या रोज बनी रहती है। शादी-ब्याह, लगन




व त्योहारों में यह जाम इस कदर बढ़ जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ट्रैफिक व्यवस्था का भी यही हाल है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**मरीजों को पार्किंग सुविधा देना है : सीएस**

सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमासर सिंह ने कहा कि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत ओपीडी को छोड़ कर जितने भी जिले में नर्सिंग होम, क्लीनिक, जांच घर हैं उन्हें पार्किंग की सुविधा मरीजों को देना है। अगर इस तरह मामला लेकर उनके पास लोग आते हैं, तो पलामू स्वास्थ्य विभाग की तरफ से संचालक को गाइडलाइन जारी किया जाएगा। जिले में चल रहे नर्सिंग होम या जांच घरों में जितने भी बेड हैं। उसके अनुसार पार्किंग की सुविधा सुनिश्चित करना होगा, नहीं तो क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत कारवाई की जाएगी।

## संस्कारशाला

### शिक्षा विभाग की नई गाइडलाइन जारी, असेंमबली में होंगी 17 गतिविधियां

# प्रार्थना सभा में ही सिखाया जाएगा अनुशासन और योग

रेवती रमण

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना ने सभी सरकारी तथा सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रार्थना सभा में आदर्श असेंबली नामक गाइडलाइन जारी किया है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालयों में 17 गतिविधियां होंगी। पलामू जिले के सभी सभी सरकारी विद्यालयों में इसे लागू किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बच्चों को ड्रम की ताल पर मार्च पास्ट करना होगा। हर दिन बच्चे एक प्रतिज्ञा भी लेंगे। इसका उद्देश्य प्रार्थना सभा को मनोरंजक और आकर्षक बनाना है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम छात्र-छात्राएं पंक्तिबद्ध होंगे। शिक्षकों की उपस्थिति में




**'हर दिन बच्चे एक प्रतिज्ञा भी लेंगे। इसका उद्देश्य प्रार्थना सभा को मनोरंजक और आकर्षक बनाना है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम छात्र-छात्राएं पंक्तिबद्ध होंगे। शिक्षकों की उपस्थिति में प्रार्थना गीत,संविधान की प्रस्तावना, विद्यार्थी की प्रतिज्ञा व राष्ट्रगान एक सुर में गाया जाएगा'**

प्रार्थना गीत,संविधान की प्रस्तावना, विद्यार्थी की प्रतिज्ञा व राष्ट्रगान एक सुर में गाया जाएगा। तत्पश्चात महत्वपूर्ण दिवस, मुख्य समाचार, प्रश्नोत्तरी, प्रेरक प्रसंग बच्चों एवं शिक्षकों तथा छात्रों का जन्म दिवस मनाना शामिल होगा। सप्ताह में 2 दिन प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक बच्चों को संबोधित करेंगे। प्रत्येक सप्ताह में मंगलवार तथा शुक्रवार को योग व्यायाम आदि करने के पश्चात राष्ट्रगान होगा। हर एक मंगलवार को छात्रों का नाखून,बाल,जूता दांत और ड्रेस आदि की साफ सफाई की जांच की जाएगी। इसके उपरांत प्रार्थना सभा का विसर्जन होगा एवं ड्रम की ताल पर कदमताल करते हुए छात्र कक्षा में वापस जाएंगे। हालांकि विद्यालयों के लिए यह नियम फिलहाल चुनौती पूर्ण होगा क्योंकि उच्च विद्यालयों में ड्रम इत्यादि खरीदने के लिए राशि निर्गत की जाती है, परंतु प्राथमिक तथा मध्य विद्यालयों में इसका कोई प्रावधान नहीं है। उच्च विद्यालयों में भी गिने-चुने विद्यालयों में ड्रम सेट की व्यवस्था है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने बताया कि विद्यालयों को समुचित राशि विद्यालय विकास तथा संसाधनों की खरीदारी के लिए दी जाती है, परंतु इसमें कहीं ना कहीं शिक्षकों की उदासीनता के कारण और पर्याप्त राशि होने के बावजूद उसका क्रय नहीं किया जाता। विभाग परियोजना द्वारा दिए गए प्रार्थना सभा को लेकर दिए गए दिशा निर्देश को लागू करने को प्रतिबद्ध है। सभी स्कूलों को इस बाबत गाइडलाइन दे दिया गया है। सभी प्रधानाध्यापक इसका पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

### छह मुहान पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत गुरुवार को स्थानीय छहमुहान पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान 26 मोटरसाइकिल व 5 टेंपो को सदिक मंजिल चौक, रेड़मा चौक से ऑनलाइन फाइन के लिए परिवहन कार्यालय भेज दिया गया। इस दौरान एक लाख दो हजार छह सौ रूपए का चलान काटा गया। जब्त सभी दो पहिया वाहनों व टेंपों को शहर थाना में रखा गया है। यह जानकारी ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने दी।

**आवश्यकता है**

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

### नागरमल मोदी सेवा सदन में ओपीडी की सेवा शाम में भी उपलब्ध

# कम खर्च, समुचित इलाज, सही व्यवहार है इसकी पहचान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भावना अच्छी हो, व्यवहार अच्छा हो, इलाज अच्छे हों, यही तो अस्पताल का मतलब होता है। इसी की चाहत हर इंसान की होती है। धनी वर्ग को तो यह आसानी से मिल जाता है, मगर गरीबों के लिए तो यह दिवा स्वप्न ही रह जाता है। कॉरपोरेट अस्पताल गरीबों के लिए दिवा स्वप्न हैं। गरीब जब उन कॉरपोरेट अस्पतालों की छत तक निगाह ऊपर करता है, तो उसके सिर से गमछा जमीन पर गिर जाता है। वहीं, दूसरी ओर सरकारी अस्पताल हैं, जहां के व्यवहार और इलाज से गरीब मायूस नजर आते हैं। आए दिन देखने, सुनने को जो मिलता है, वह संतोषजनक मालूम नहीं पड़ता है। फिर भी कुछ आमूल सुधार हुए हैं, मगर वह कितना कारगर है, यह तो जनता ही समझती है। अपने मूल विचारों में कम खर्च, समुचित इलाज और सही व्यवहार के वादे के साथ पिछले 66 वर्षों से अनवरत सेवा देती आ रही एक अस्पताल ऐसा है और उसका नाम है नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल।




## आपके अच्छे अनुभवों व आशीर्वाद अस्पताल की पूंजी है

अपने घर-परिवार, आस-पड़ोस में जब वह नागरमल मोदी सेवा सदन के अपने अच्छे अनुभवों को बताता है तो उनके दिल से जो दुआ, आशीर्वाद निकलता है, वह नागरमल मोदी सेवा सदन के प्रबंधकों, चिकित्सकों के पास पहुंचता है और यही दुआ, आशीर्वाद इस अस्पताल की पूंजी है। तभी तो अपने 66 वर्षों की लंबी यात्रा में इसने अनेकों उपलब्धियां प्राप्त की हैं और हमेशा नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आज इस अस्पताल को केवल झारखंड ही नहीं, केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अच्छे अस्पताल के रूप में पहचाना जाता है। रांची में अच्छे डॉक्टर, बुनियादी और शुरूआती रूप में मोदी सेवा सदन के माध्यम से ही मिला है।

## सेवा सदन का अमृत वर्ष एक दशक में मनाया जाएगा

अब एक दशक ही दूर है, जब सेवा सदन का अमृत वर्ष मनाया जाएगा। श्री तुलस्यान कहते हैं कि यहां शाम चार बजे से शाम सात बजे तक भी ओपीडी की सेवा उपलब्ध होती है। शाम को ओपीडी की सेवा बहुत कम ही अस्पताल में देखने को मिलती है। इस अस्पताल में हृदय रोग विभाग भी है, जहां बहुत गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा कम खर्च पर उपलब्ध होती है। सही व्यवहार के साथ समुचित इलाज करना यहां की विशेषता है। इस अस्पताल में ब्लड बैंक का होना भी सभी उपलब्धियां में से एक है। वर्तमान में सदन में 170 नर्सें हैं, जो मरीजों के सेवा के लिए अथक प्रयास करती हैं।

## एक नजर

### दुर्घटना : बाइक से गिरकर युवक घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के झलुवा गांव निवासी मंसूर अंसारी का पुत्र ताजमहल अंसारी 20 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि तजमुल अपने मोटरसाइकिल से अपने घर से कल्याणपुर गांव जा रहा था। इस बीच कल्याणपुर ओवर ब्रिज के पास दो गाय आपस में लड़ रहा था। उसे बचाने के क्रम में उसकी मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल, समाजसेवी ने कराया इलाज

**केतार।** केतार- कांडी मुख्य पथ पर बुधवार की देर शाम ताली गांव के समीप बाइक दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मिथलेश ठाकुर (26) और पानपति देवी (30) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार मुकुन्दपुर गांव निवासी मिथलेश ठाकुर बुधवार की देर शाम अपने भाभी को बाईक से लेकर परसोडीह जा रहा था। इसी क्रम में ताली गांव के समीप बाईक अनियंत्रित हो गया। इस घटना में मिथलेश को फेस, और पैर में चोट लगी है,घायलों को इलाज के लिए केतार के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल, समाजसेवी ने कराया इलाज

**केतार।** केतार- कांडी मुख्य पथ पर बुधवार की देर शाम ताली गांव के समीप बाइक दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मिथलेश ठाकुर (26) और पानपति देवी (30) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार मुकुन्दपुर गांव निवासी मिथलेश ठाकुर बुधवार की देर शाम अपने भाभी को बाईक से लेकर परसोडीह जा रहा था। इसी क्रम में ताली गांव के समीप बाईक अनियंत्रित हो गया। इस घटना में मिथलेश को फेस, और पैर में चोट लगी है,घायलों को इलाज के लिए केतार के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# पुलिस ने ओपी ले जाकर 16 वर्षीय बच्चे की कर दी पिटाई, बच्चा गंभीर



### पुलिस ने कहा...

**बंशीधर नगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण ने कहा घटना की जानकारी नहीं है घटना के बारे में जानकारी ली जा रही है। जो भी मामला सामने आएगा उस मामले की जांच की जाएगी। तथ्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भवनाथपुर थाना अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के कवलदाग गांव निवासी उदय राम के 16 वर्षीय पुत्र सत्या कुमार पासवान पुलिस की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल किशोर ने बताया कि वह हरिहरपुर हाईस्कूल में 10 वीं कक्षा का छात्र है।

नौ जुलाई को पहले से काट कर रखे गए बांस को घर लाने को लेकर उसकी सगी चाची सविता देवी के साथ झगड़ा हुआ था। मारपीट का वीडियो एक और चाची प्रिया देवी ने अपने मोबाइल से बना लिया। उसके बाद सविता देवी ने हरिहरपुर ओपी में मारपीट की घटना को लेकर शिकायत कर दी। उक्त वीडियो को पुलिस को दे दिया। उसके बाद उसी दिन हरिहरपुर ओपी पुलिस ने उसे पकड़कर साथ ले गई। आरोप लगाया कि ओपी में ले जाकर पुलिस ने उसकी जमकर पिटाई की। उठाकर जमीन पर पटका भी दिया। पुलिस ने उसके तलवे पर डंडे से पीटा। उसके बाद उसे 10 जुलाई की शाम को ओपी में सत्या के पिता से बांड लिखाकर छोड़ा दिया गया। उसके बाद रात में ही सत्या जब दर्द से कराहने लगा, तब परिवारवालों को पुलिस द्वारा पीटे जाने की जानकारी हुई। उसके बाद गुरुवार को उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। भुक्तभोगी किशोर के पिता ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस के वरीय अधिकारियों से शिकायत करेंगे। पुलिस अधिकारियों से उन्हें न्याय नहीं मिला तो कोर्ट जाएंगे।

# बीडीओ कार्यालय में भेंडर व पशु शेड लाभुकों का चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत की पूर्व मुखिया मधु दुबे गुरुवार को पशु शेड के दर्जनों लाभुकों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंची। और प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत के कार्यालय कक्ष में मिली। इस दौरान पूर्व मुखिया एवं राम प्रवेश यादव,नागेंद यादव, जगदीप यादव, माया देवी, सत्येन्द्र चौधरी, महेंद्र चौधरी, सुरेन्द्र कुमार पासवान, बिजय कुमार, संजय राम, सबिता देवी एवं अम्बिका रजक आदि लाभुकों ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्ष 2021-22में मनरेगा योजना से निर्मित हुए पशु शेड उनकी राशि भेंडर आनंद यादव के खाते में नही भेजकर किसी अन्य भेंडर के खाते में भेजकर राशि दिलाई जाय। पूर्व मुखिया ने बीडीओ को लिखित रूप से बताया कि उनके कार्यकाल में मनरेगा के 51 पशु शेड की स्वीकृति मिली थी। जिसमें पंचायत के भेंडर आनंद यादव ने 20लाभुकों को कुछ ही समान देकर कहा कि आप लोग बना लीजिये।

### बीडीओ कार्यालय में दो घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

बीडीओ कार्यालय में आये सोनपुरवा पंचायत के पूर्व मुखिया मधु दुबे, उनके पति सह प्रतिनिधि आनंद दुबे, एवं एक दर्जन पशु शेड के लाभुक बीडीओ से पूर्ण किये गए शेड की राशि दिलाने की मांग कर ही रहे थे कि इसी बीच भेंडर आनंद यादव आ गये।इस दौरान लाभुकों एवं पूर्व मुखिया द्वारा भेंडर पर कई गंभीर आरोप लगाये गए। और कहा गया कि जिनका शेड नही बना है उनको पेमेंट दिया गया,और हम सभी लोग शेड पूर्ण कर तीन साल से घूम रहे हैं और अभी तक राशि नही मिली। साथ ही कहा गया कि भेंडर होने के बाद भी उनके द्वारा पर्याप्त सामग्री नही दी गई, जिसके कारण उन्हें कर्ज लेकर पशु शेड पूरा करना पड़ा।

# प्रखंड सभागार में बीपीओ ने की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**



प्रखंड सभागार में शिक्षा विभाग के बीपीओ विभा रानी कुजुर के द्वारा समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक में ई- विद्या वाहिनी में शिक्षक/ पंचायत की उपस्थिति की समीक्षा, सत्र 2023- 24 में कक्षा 8 में अध्ययन छात्र -छात्राओं की साइकिल वितरण की सूची बीआरसी कार्यालय में जमा करने, वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्राओं को पोशाक के लिए प्रतिवेदन जमा करने, वीतीय वर्ष में समान कोटि के साथ- छात्राओं को मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति जमा करने, वर्ग 1, 6 एवं कक्षा 11 में नए नामांकन का प्रतिवेदन देने, पाठ पुस्तक का उठाव तथा वितरण करने ई -विद्या वाहिनी में एंट्री करने, सभी छात्रों का बैंक खाता एवं आधार का जांच प्रतिवेदन जमा करने, प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा, प्रोजेक्ट रेल की समीक्षा, पीएम पोषण योजना (एमडीएम)का एसएमएस की समीक्षा। इस मौके पर प्रभारी हेडमास्टर सुधा कुमारी, रमाकांत तिवारी, अनिल कुमार पांडेय, बीआरपी मुदस्सर नजर, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। एसडीपीओ ने नगर उंटारी सभी थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह बताया कि अपराध नियंत्रण और पुराने कांड को निष्पादन करने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने सभी थाना प्रभारीयों को अपने-अपने क्षेत्र में भीड़-भाड़ जगहों तथा रात्रि में गस्ती बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू उत्खनन पर रोक लगाने,पुराने कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वाहन दुर्घटना को देखते हुए गुरुवार से अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

# प्रदेश के सत्ता सीन पार्टी झामुमो के जिला सचिव ने लिया मामले का संज्ञान

**खबर का असर**

**उप विकास आयुक्त के पास लिखित शिकायत कर बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना मद की 50,000 रुपए लाभुक के खाते में भुगतान कराने की किया मांग**


वेंडरों के खाते में भुगतान कर दी गई बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि

प्रखंड पदाधिकारीयों के आगे न तो राज्य सरकार का निर्देश काम आया और न ही जिले के उप विकास आयुक्त का

संवाददाता। डंडाई

प्रखंड में ना तो राज्य सरकार का निर्देश काम आया और न ही जिले के उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा का। मामले में प्रखंड पदाधिकारियों का जो मन किया वहीं उनके द्वारा किया गया। इतना ही नहीं लाभुकों का हो हंगामा के साथ-साथ प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष की मांग भी उनके आगे

पासवान के सवालों के बाद मामले का खुलासा हुआ। उनके द्वारा अपने संबोधन में बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि 50000 रुपए को सीधे उनके खाते में

के 24 बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि भिन्न-भिन्न वेंडरों के खातों में हस्तांतरित हो चुका है। यह सुनते ही उक्त बीडीसी के साथ-साथ बैठक में भाग लिए सभी लोग

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना मद की 50000 रुपए लाभुक के बजाय वेंडरो के खाते में हो रहे राशि भुगतान मामले से संबंधित दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल शीर्षक में छपी खबर का प्रदेश के सत्ता सिन पार्टी झामुमो के गढ़वा जिला सचिव मनोज ठाकुर ने संज्ञान लिया है। मामले को लेकर उन्होंने गुरुवार को उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा के पास लिखित शिकायत किया है। वही आवेदन के माध्यम समाचार पत्र में छपी खबर को उन्होंने सही बताते हुए कहा है कि मनरेगा से संचालित उक्त योजना मद की 50000 की राशि सीधे लाभुक के खाते में भुगतान होना है। उप विकास आयुक्त को दिए आवेदन के माध्यम मामले में उन्होंने प्रखंड पदाधिकारीयों को दोषी पाया है और कहा है की राशि को आपस में बंदर बांट करने के लिए योजना मद की 50000 रुपए लाभुक के बजाय वेंडर के खाते में उनके द्वारा भुगतान कराया जा रहा है। वहीं उन्होंने वेंडरो के माध्यम कमीशन के रूप में कटौती हो रहे भारी भरकम राशि की भी जानकारी उप विकास आयुक्त को देते हुए मामले पर काफी नाराजगी व्यक्त किया है। संबंधित मामले से सरकार की छवि खराब होने की बात बताते हुए जिला सचिव ने जिले के सभी प्रखंडों में जांचों परांत नियमानुसार उक्त राशि को भुगतान कराने की मांग किया है।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह खुर्द गांव के पंडा नदी से पुलिस ने गुरुवार की सुबह अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस को आते देख चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया की उक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को पत्रचार किया गया है। उल्लेखनीय है की एनजीटी द्वारा नदियों से बालू उत्खनन पर रोक लगाने के बाद भी बालू कारोबारी पंडा और सोन नदी से बालू उठाव करने से बाज नहीं आ रहे हैं। हालांकि पुलिया ने विगत पंद्रह दिन में पुलिस ने आधा दर्जन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त करने में सफलता हासिल किया है।

## न्यूज | बॉक्स

### झामुमो युवा नेता ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर की चादर पोशी



**श्री बंशीधर नगर।** झामुमो युवा नेता सह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पद के पूर्व प्रत्याशी ताहिर अंसारी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री, मिथिलेश कुमार ठाकुर, हफीजुल अंसारी और इरफान अंसारी को मंत्री बनाये जाने पर हिन्दुस्तान के राजा ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चादर पोशी की। उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित झारखंड में अमन-चैन, सुख-शांति और समृद्धि की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि गरीब नवाज हिंदुस्तान के राजा हिंद वाले हैं, उनके दरबार से आज तक कोई खाली नहीं लौटा हैं। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव शौकत अंसारी, आलम बाबू, इस्माइल अंसारी, इस्लाम खान उर्फ मुन्ना खान, मजलूम अंसारी उपस्थित थे।

### नाईट किक्रेट टूर्नामेंट में विंढमगंज ने बेलाबार को हराकर, फाइनल मुकाबला जीता



**केतार।** केतार प्रखंड के बेलाबार गांव में आयोजित नाईट किक्रेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबला का उद्घाटन समाजसेवी पंकज सिंह और मुखिया मुंगा साह ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेलाबार की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 45 रन बनाये। इधर जवाबी पारी खेलने उतरी विंढमगंज(उत्तरप्रदेश)की टीम ने अंतिम ओवर में 46 रन बनाकर इस मुकाबले को दो विकेट से जीत लिया। विजेता टीम और उप विजेता टीम को आयोजन कमिटी और मुख्य अतिथि पंकज सिंह के द्वारा ट्राफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मैन ऑफ द सीरीज का खिताब श्याम सिंह को मिला। इस मौके पर दीपक सिंह, बबलू सिंह, अशर्फी मेहता, नंदू प्रजापति,श्याम बिहारी राम, हेमंत कुमार, सुकेश कुमार,पवन सिंह,मंगल मेहता, तौफीक अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### माउंट हेरा ऑगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष बने सद्दाम



**श्री बंशीधर नगर।** माउंट हेरा ऑगेर्नाइजेशन के पदाधिकारियों की बैठक नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन स्थित साहिद सिद्दिकी के आवास पर गुरुवार को आयोजित किया गया। मुहर्रम मनाने को लेकर माउंट हेरा ऑगेर्नाइजेशन कमेटी का विस्तार किया गया ,जिसमें अध्यक्ष सद्दाम आलम को मनोनीत किया गया, वहीं उपाध्यक्ष मो आरिफ खान को मनोनीत किया गया। साथ ही 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया नव मनोनीत अध्यक्ष सद्दाम आलम ने कहा कि माउंट हेरा ऑगेर्नाइजेशन के पदाधिकारियों के द्वारा जो मुझे जिम्मेवारी दी गई है उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा की आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मुहर्रम का त्योहार मनाया जायेगा। मौके पर शाहिद सिद्दीकी, ताकिब खान, अमन हीरो, आशिक अंसारी, वारिस हाशमी, गोलू आलम, अतीक आलम, शमशेर सिद्दीकी, अनीश खान, शादाब खान, आमिर सुमानी, अब्दुल आजाद, शहंशाह खान साहीद खान, राजू अंसारी, लड्डन खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य केंद्र में परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन





**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन मुखिया बेबी देवी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजन कुमार दास के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह मेला 11 जुलाई से 10 अगस्त तक चलेगा, जिसमें महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी, आईयूडी, पीपीआईयूसीडी, अंतरा छाया और परिवार नियोजन से संबंधित सामग्री का वितरण किया जाएगा। डॉ. रंजन दास ने जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस मेला में पहुंचकर परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी और उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। उद्घाटन के मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. अभिनीत विश्वास, प्रखंड लेखा प्रबंधक सह कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अरुण लकड़ा, वीरेंद्र मिश्रा, अनुज कुमार, चंद्रशेखर यादव, सुनिल पटेल और अन्य कर्मचारी और सहिया उपस्थित थे।

### सचिव के विरुद्ध शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



**श्री बंशीधर नगर।** शंकर प्रताप देव इंटर महाविद्यालय के कर्मियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर महाविद्यालय के सचिव राज राजेंद्र प्रताप देव पर कई गंभीर आरोप लगाया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में महाविद्यालय कर्मियों ने लिखा है कि सचिव के द्वारा मनमाने तरीके से प्रभारी प्राचार्य राजू प्रसाद राज को पद से हटाकर शंकर प्रताप देव डिग्री महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कृष्णा जायसवाल को इंटर का भी प्रभारी प्राचार्य बना दिया गया। यही नहीं शासी निकाय तथा जैक से बिना उसके नाम का अनुमोदन कराए ही स्थानीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक को डरा धमकाकर महाविद्यालय के खाता में भी उसे हस्ताक्षरी बना दिया और 16 अप्रैल 24 से उसी के हस्ताक्षर से कोई भी लेन-देन अथवा भुगतान हो रहा है। सचिव के मनमाने कार्यों का विरोध करने के कारण प्रभारी प्राचार्य राजू प्रसाद राज तथा प्रधान लिपिक मदन सिंह का जनवरी 24 से वेतन भी रोक दिया गया है।

### फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान गोलीबारी करने वाले एक युवक को कामगारों ने दबोचा



**मेराल।** थाना गेट से महज 50 गज की दूरी पर एन एच 75 सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य में गुरुवार की शाम करीब 7:15 बजे पिलर नंबर एक के पास गोलीबारी कर भाग रहे युवक को कामगारों ने हिम्मत कर पकड़ लिया तथा मेराल थाना को सुपुर्द कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी दीपक कुमार पांडे तथा डीएसपी नीरज कुमार मेराल थाना में पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार गोलीबारी करने से पहले युवक काम करा रहे एमजीसीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी के अकलवानी स्थित ऑफिस का चक्कर लगाया था। वहां से आने के बाद वह युवक पिलर नंबर 1 एक के पास अंधाधुन चार पांच फायर कर बाइक से थाना की तरफ ही भाग रहा था की थाना पुलिस के सहयोग से कामगारों ने एक युवक को धर दबोचा।

**स्वास्थ्य**

### विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर परिवार नियोजन पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

# बढ़ती जनसंख्या से लोगों को परेशानी होगी : शांति देवी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर परिवार नियोजन पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि आज जनसंख्या जिस तेजी से बढ़ रही है उसे आने वाले समय में लोगों को काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे देश जनसंख्या वृद्धि को कम करने के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं और सफल भी हो रहे हैं। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज से परिवार नियोजन कार्यक्रम शुरू हो गया। यह अगले 1 महीने तक चलेगा उन्होंने कहा कि आज हर लोगों को परिवार नियोजन विधि अपनाना चाहिए। साथ ही हम दो हमारे दो के बाद परिवार नियोजन के अलग-अलग विधि को अपना कर जनसंख्या नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद कमजोरी होने जैसी धारणा बन गई है। ऐसे में सहिया लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करें। परिवार नियोजन के लिए अपनाए जाने वाले विधि को अपने की सलाह दे। साथ ही महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी के लिए जागरुक करते हुए उन्हें अस्पताल लाय। इस मौके पर डॉ विकास केशरी, डॉ सतनारायण कुमार, एसटीटी रंजू मिश्रा, सुभाष पासवान, अर्बन बीटीटी सत्यनारायण मालाकार, आशा शर्मा, अरुण चौबे, पिंकी कुमारी, संतोष पासवान, अनुज प्रसाद सहित शहरी एवं ग्रामीण सहिया मौजूद थे।




### परिवार नियोजन पखवारा का किया गया शुभारंभ

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर गुरुवार को अनुमंडल अस्पताल परिसर में 11 जुलाई से 10 अगस्त तक चलने वाला परिवार नियोजन पखवारा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, जिप प्रतिनिधि प्रमोद राम, प्रमुख प्रतिनिधि रबिंद्र पासवान, उप प्रमुख गणेश देव, तथा उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जनसंख्या नियंत्रण पर जानकारी देते हुए अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने बताया की स्वास्थ विभाग द्वारा कई योजना चलाया जा रहा है जिसमे बंध्यकरण आपरेशन, पुरुष नसबंदी, कॉन्डम सहित अन्य योजना है जिससे बढ़ते जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है। कार्यक्रम में नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह, प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा, बीपेश राज तमांग, अनुरंजन पांडेय, कृति कुमारी, अनिमेष राज, रेशम कुमारी सहित काफी संख्या में अस्पताल के कर्मी और ग्राम सहिया उपस्थित थे।

## एक नजर

### आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुरुवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नावाडीह मुखिया कंचन देवी व संचालन बीपीओ राजेश्वर रजक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार सुमन, नौनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा पूर्व मुखिया मेघन दांगी उपस्थिति थे।

### पत्रकार संघ प्रखंड इकाई के अध्यक्ष बने संतोष यादव

**कुंदा(चतरा)।** गुरुवार को जेजेए पत्रकार संघ प्रखंड इकाई की आवश्यक बैठक पत्रकार संतोष यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में पत्रकार संघ के पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार संतोष यादव को अध्यक्ष, अजित कुमार यादव को सचिव व कोषाध्यक्ष अरुण गुप्ता को बनाया गया। पत्रकार प्रखंड इकाई के अध्यक्ष श्री यादव ने कहा की पत्रकारों के लिए स्थानीय राजनीति, भ्रष्टाचार और अपराध जैसे मामलों की रिपोर्टिंग करना किसी युद्ध की स्थिति से कम नहीं है।

### कुंदा में पत्रकारों ने किया पौधारोपण

**कुंदा(चतरा)।** चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप के दिशा निर्देश पर गुरुवार को कुंदा प्रखंड में पत्रकार संघ के द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम संघ के प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव व चतरा प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष बंटी कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। कोषाध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए चतरा प्रेस क्लब के द्वारा 20 जुलाई तक जिले में पौधारोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आम लोगों से अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की जा रही है।

### सीएचसी में परिवार नियोजन पखवारा शुरू

**चंदवा।** विश्व जनसंख्या दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 11-31 जुलाई तक चलने वाले परिवार स्वास्थ्य मेला पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी,सीओ जय शंकर पाठक, सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज देवी ने कहा कि तेजी से बढ़ रही जनसंख्या चिंतनीय है,अगर बढ़ती जनसंख्या पर लगाम नही लगा तो भविष्य में देश को काफी परेशानियों से जूझना पड़ सकता है। हमें जनसंख्या नियंत्रण के प्रति प्रतिजागरूक होने की जरूरत है।

# 17 किलो अफीम के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू** थाना क्षेत्र सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम निवासी धर्मेंद्र प्रसाद साव को पुलिस ने छापामारी कर 16 किलो 9.20 ग्राम अफीम के साथ साथ धर दबोचा,पुलिस ने बरामद की गई अफीम की बाजार मूल्य 84 लाख 60 हजार बताया है. पुलिस अधीक्षक लातेहार के गुप्त सूचना मिली थी की धर्मेंद्र प्रसाद साव ग्राम राजगुरु थाना बारियातू जिला लातेहार के द्वारा अवैध रुप सें अफीम की खरीद बिक्री का धंधा किया जाता है.तत्वरित करवाई करने पर उसके घर सें भारी मात्रा मे अवैध अफीम की बरामदगी हो सकती है.तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ



आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में एक छपा मारी दल का गठन किया गया.जिसमें पुअनि राजा दिलावर थाना प्रभारी बारियातू, पुअनि विक्रांत कुमार उपाध्याय थाना प्रभारी बालूमाथ, सअनि बालेश्वर गंझु, एवं शस्त्र बल शामिल थे. छापामारी दल के द्वारा धर्मेंद्र प्रसाद साव पिता स्व. धनेश्वर साव ग्राम राजगुरु थाना बारियातु जिला लातेहार की घर सें विधिवत तलासी करने पर धनमेंन्द्र साव के घर सें 16 किलो 920 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ बरामद हुआ. जिसका बाजार मूल्य लगभग 84 लाख 60 हजार रुपया है. जिसको विधिवत जप्ति सूची बनाकर जप्त किया गया.तथा अभियुक्त धनमेंन्द्र प्रसाद साव ग्राम राजगुरु थाना बरियातू जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया. अभियुक्त धर्मेंद्र साव के द्वारा अफीम के इस अवैध व्यापार करने अन्य लोगों को संलिप्ता की संबंध में भी बताया गया. इस संबंध में बारियातू थाना कांड संख्या.46/24 दिनांक 10/07/2024 धारा 17( सी )18 (बी ) 22 (सी )एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. अवैध अफीम के धंधे में सनलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी अनुसन्धान किया जा रहा है. अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध लातेहार पुलिस के द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी की जाती रहेगी. गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक एंड्राइड मोबाइल अफीम को वजन करने हेतु दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया है.

## तीन माह थी गर्भवती पत्नी की पति द्वारा पीट-पीट कर हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

महुआडांड़ थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत के औरोंटोली निवासी अमित लकड़ा ने अपनी पत्नी सरोज मिंज उम्र 35 वर्ष की पीट-पीट कर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। ग्रामीण महिला और पुरुष वर्ग ने बताया की आरोपी शराबी था और दिन में ही पत्नी को पीट कर हाथ तोड़ दिया था। वह हमेशा शराब पीने के पैसे को लेकर अक्सर मार पीट करता धा।घर में रखे आनाज को शराब पीने के लिए बेचा करता था।मृतक महिला अपने और बच्चों के पालन पोषण के लिए दूसरे के घर में मजदूरी करती थी।ग्रामीणों ने बताया कि महिला के दो बेटी एक बेटा है। साथ ही मृतक महिला तीन माह से गर्भवती थी। रात में भी मारपीट किया जिससे उसकी मौत हो



गई। घटना बुधवार की देर रात की है।इधर घटना की सुचना पाकर तुरंत ही महुआडांड़ डीएसपी के नेतृत्व में एसआई बंधन तिर्की पहुंचे। जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। इस संबंध में डीएसपी हिमांशु चन्द्र मांझी ने बताया कि आरोपी पति शराबी था। अक्सर शराब पीकर मार पीट करता। बुधवार की रात मार पीट करने से शायद महिला की मौत हुई है। वही शव की घर के अंदर रूम साड़ी बांध कर फांसी कर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है लगता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या व आत्महत्या कहा जा सकता है।इधर मृतक महिला के परिजनों में थाने हत्या करने आरोप लगाकर लेकर आवेदन कारवाई की मांग की है।

### लाखों की लागत से बनी जल मीनार, बनी शोभा की वस्तु

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर लाखों की लागत से बना जल मीनार विभागीय लापरवाही के कारण बनी शोभा की वस्तु। ज्ञात हो कि जल मीनार का निर्माण अस्पताल पहुचाने वाले मरीजों व आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपब्ध कराने को लेकर किया गया था। ताकि मरीजों को फिल्टर पानी उपलब्ध हो सके। लेकिन लोगों का कहना है कि निर्माण होने के बाद कुछ दिन ही काम किया। उसके बाद खराब हुआ, लेकिन विभगा द्वारा चालु करने की पहल नहीं की गई। उसके बाद यह मात्र शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। ऐसे में मरीज को लाखों के लागत से बने जल मीनार के बाबजूद अस्पताल पहुंचने वाले आम लोगों को शुद्ध पेयजल हेतु दूसरे जगह जाना पड़ता है।

### संजय कुमार रवि ने किया बारी व बनहरदी पंचायत का दौरा

**चंदवा।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी संजय कुमार रवि के नेतृत्व में कार्यकताओं ने चंदवा प्रखंड के बारी व बनहरदी पंचायत में जनसंपर्क कर आम ग्रामीणों से आगामी विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की बेहतरी तथा सर्वांगीण विकास के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने नौजवानों को सजग व परिवर्तन के लिए तैयार रहने कि भी अपील की है। जनसंपर्क अभियान में पूर्व जिला अध्यक्ष आजसू पार्टी लातेहार सह झारखंड आंदोलनकारी जितेंद्र सिंह, झारखंड विकास मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार उरांव, भुनेश्वर यादव,नागेश्वर यादव, चंद्रदेव उरांव,जितेंद्र यादव, प्रेमप्रताप सिंह,राजेश उरांव, संजय राम,महेंद्र यादव समेत कई लोग शामिल थे।

## 12वर्ष की उम्र में लापता बच्चा, 18 वर्ष बाद घर लौटा, परिजन हुए खुश

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज(चतरा)**

जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत गेंजना पंचायत के इंद्राही गांव में एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां इंद्राही गांव निवासी नरेश यादव का पुत्र कैलाश यादव जो बारह वर्ष की उम्र में दोस्तों के साथ दूसरे शहर जाकर खो गया था, वो अचानक दो दिन पहले अपने घर लौट आया। कैलाश ने बताया की घर से जाने के बाद उसे काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा, उसने बताया की यहां से वो अपने दोस्तों के साथ मुंबई चला गया। वहां कुछ दिन काम करने के बाद अपने चाचा से मिलने गोवा गया जहां उसके चाचा प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते थे। पर वहां जाने पर



कुछ पता न चल सका। आखिरकार थक हार कर कैलाश वहा काम करने लगा, समय बीतता गया कुछ दिन बीतने के बाद कैलाश को लगा की अच्छी नौकरी के लिए उसे कुछ करना होगा और उसने वहां के डोंन बोस्को में पढ़ाई की। उसके बाद इवेंट के काम में लग गया और मन से काम करने लगा। घर वापसी की बात पर कैलाश ने बताया की उसके साथ काम करने वाले दोस्तों द्वारा लगातार घर जाने के लिए उकसाने के बाद मन बनाया की उसे घर जाना है और अपने घर की खोज में निकल गया और हंटरगंज पहुंचकर कमरा लेकर घर के खोज में लगा रहा।

## पांचवीं बार मंत्री बनने के बाद सत्यानंद भोगता पहुंचे माता भद्रकाली मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी**

पांचवीं बार झारखंड सरकार में मंत्री बनने के बाद राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता ने गुरुवार को जिले के इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर पहुंचे। मंत्री श्री भोगता अपने समर्थकों के साथ माता भद्रकाली की पूजा-अर्चना कर देश व राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही इस अवसर पर मंत्री श्री भोगता ने मंदिर परिसर में पौधारोपण भी



किया। इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने चतरा जिले की जनता को उनके स्नेह और प्यार के लिए अभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले व राज्य का विकास हमारी सरकारी की प्राथमिकता है। हमारी सरकार आम लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिससे अम जन लाभान्वीत भी हो रहे हैं। वहीं. मंदिर पहुंचने पर राजद कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़े के साथ आतिशबाजी कर मत्री श्री भोगता का भव्य स्वागत किया।

### वृद्ध ने पेड़ में फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के फूलसु रोड स्थित रुद टांड बड़का आम बगीचा के सामने महुआ पेंड़ मे एक वृद्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। आत्म हत्या के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीण पशु चराने गए थे। जहां महुआ पेंड़ मे चपल खोलकर ब्लु टी-सर्ट व लुंगी पहने वृद्ध को गमछा को फाड़कर फांसी लगाकर झूलता देख इसकी जानकारी पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव को दिया।

**हेल्थ**

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर परिवार कल्याण स्वास्थ्य मेला आयोजित

# स्वास्थ्य जागरूकता रथ किया गया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जयवंत लकड़ा व उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल द्वारा बारी बारी से दीप प्रज्वलित कर के किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लकड़ा ने परिवार स्वास्थ



मेला कों लेकर 11जुलाई से 10अगस्त तक चलने वाली परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर लोगो को जनसंख्या नियंत्रण हेतु परिवार नियोजन की जानकारी दी। डॉक्टर लकड़ा ने कार्यकर्म के तहत महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबन्दी की जानकारी देते हुई लोगो को जनसंख्या नियंत्रण हेतु परिवार नियोजन के अन्य तरीकों को बताते हुए इसे अपनाने पर जोर दिया। डॉक्टर ने 1 माह तक चलने वाले परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने हेतु सभी जन प्रतिनिधियों से इसकी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार पर जोर दिया। मौके परबीपीएम ओम प्रकाश, मैनेजर संजय कुमार, विनोद कुमार, बमभोली प्रसाद, सभी स्वास्थ्य कर्मी, प्रखंड के सभी गांव के स्वास्थ साहिया आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०-02,गढ़वा**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या -RDD/SD/GARHWA/03/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम अटौला में स्थित खेल मैदान का विकास कराने तथा बहुद्देशीय खेल स्टेडियम निर्माण। | 4,09,15,000.00 | 8,18,500.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.07.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक-16.07.2024 से दिनांक-26.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0-02,गढ़वा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय-29.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0-02,गढ़वा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० -8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02,गढ़वा

PR 329289 Rural Development(24-25).D



**समाहरणालय, गढ़वा**
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

आम-सूचना

मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत् मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण एवं मतदान केन्द्र भवन/स्थल का परिवर्त्तन प्रस्ताव विभाग को प्रेशित की गई थी। विभागीय पत्रांक 4200 दिनांक 08.07.2024 द्वारा मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को प्रेशित की गई थी। विभागीय पत्रांक 4214 दिनांक 09.07.2024 के द्वारा उक्त प्रेशित प्रस्ताव पर आयोग के पत्रांक 64/पूर्व अनु0-1/झार.वि.स./2024 दिनांक 09.07.2024 द्वारा सहमति प्रदान की गई है। संलग्न सूची में 081-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का 04 मतदान केन्द्र संशोधित की गई है। मतदान केन्द्रों का विवरण निम्नवत् है:-

| विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | पूर्व में अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्त्तमान में अनुमोदित मतदान केन्द्र संख्या एवं नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 81-भवनाथपुर | 115. आँगनबाड़ी केन्द्र, मकरी | 115. पंचायत भवन, मकरी |
| 81-भवनाथपुर | 148. पंचायत भवन, अरसली उत्तरी (उत्तरी भाग) | 148. राजकीय मध्य विद्यालय, अरसली |
| 81-भवनाथपुर | 234. प्राथमिक विद्यालय, हरिजन टोला (पुराना भवन) | 234. मध्य विद्यालय, नगर उँटारी |
| 81-भवनाथपुर | 243. उत्कमित मध्य विद्यालय, जंगीपुर (मध्य भाग) | 243. नव प्राथमिक विद्यालय, नयाखाँड़ |

अतः इस आम-सूचना के माध्यम से 81-विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी संबंधित आम जनों/मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि अपने क्षेत्र के उक्त संशोधित मतदान केन्द्रो पर अपना मतदाता पहचान-पत्र संबंधी कार्य एवं निर्धारित तिथियों को मतदान करना सुनिश्चित करेंगे।

ह-/
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह- उपायुक्त, गढ़वा।

PR 329285 Election(24-25)D



**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

अतिअल्पकालिन निविदा, ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई-टेन्डर रेफरेन्स नं0-02/2024-25/EE/BCD/GARHWA दिनांक-11.07.2024

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| कम | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Proposed Renovation of DC Residence at Garhwa. | ₹ 77,54,300.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :- 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 18.07.2024 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :- 25.07.2024 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :- 27.07.2024 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0-02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :- 9955921643
8. ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :- 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रकिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक-06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 329349 Building(24-25)#D



**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।**
**Email: - nphussainabad@gmail.com**

ज्ञापांक............../दिनांक..................

पथ विकेताओं के 12 सदस्यों के चुनाव संबंधित सूचना
(विभागीय अधिसूचना सं0- 2005, दिनांक-05.04.2016)

झारखण्ड पथ विकेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विकेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियम) संशोधित नियमवाली 2016 के प्रावधानों के अनुसार पथ विकेताओं के 12 प्रतिनिधि के चुनाव आयोजन करने हेतु निर्धारित प्रकिया के आलोक में निकाय स्तर से निम्नवत् समय सीमा निर्धारित की जाती है:-

(टाउन वेंडिंग समिति के 12 सदस्यों का चुनाव हेतु प्रस्तावित समय सीमा (Time Line))

विभागीय अधिसूचना 2005, दिनांक- 05.04.2016 द्वारा अधिसूचित झारखण्ड पथ विकेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमवाली 2015 तथा झारखण्ड पथ विकेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के नियम संख्या 14 के अनुसूची 1 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में टाउन वेंडिंग समिति (TVC) के 12 सदस्यों के चुनाव हेतु प्रस्तावित समय सीमा निम्नवत् है:-

| कम सं | चुनाव संबंधी कार्य के विभिन्न चरण | विस्तृत विवरण | तिथि का निर्धारण अधिसूचना जारी करने की तिथि 15.07.2024 |
|---|---|---|---|
| 1 | टाउन वेंडिंग समिति के कुल निधारित 30 में 12 सस्यों के प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रकिया से चुनाव से संबंधित अधिघोषण जिसमें कोटि/लिंग आरक्षण रोस्टर वर्णित है। | स्थानीय समाचार पत्रों/सूचना पट्ट में प्रदर्शित करते हुए: (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-2) | 15.07.2024 |
| 2 | पथ विकेताओं की सूची का प्रकाशन एवं इसकी प्रति टाउन वेंडिंग समीति या स्थानीय प्राधिकारण जैसी स्थिति हो उसे सौपना/उपलब्ध कराना अर्थात चुनाव घोषित होने के साथ ही। | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-4) | 22.07.2024 |
| 3 | क्षेत्रीय पथ विकेताओं की सूची को नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित करना। | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-4) | 23.07.2024 |
| 4 | नामांकन का कार्य (अंतिम तिथि) | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-3घ) | 26-27.07.2024 |
| 5 | नामांकन पत्रों की जॉच | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-8) | 29.07.2024 |
| 6 | अंतिम रुप से जॉच किये गये वैध नामांकित पत्रों का प्रकाशन | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-8 उपकंडिका-10) | 29.07.2024 |
| 7 | नाम वापसी लेने का समय | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-10 | 30.07.2024 |
| 8 | अंतिमसूची का प्रकाशन | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-10) | 30.07.2024 |
| 8.1 | अगर अंतिम सूची आरक्षण रोस्टर अनुरुप 12 सदस्यों के रहने पर निर्विरोध की घोषणा | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-21) | 31.07.2024 |
| 9 | मतदान की तिथि | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-3 घ) | 7.08.2024 |
| 10 | मतगणना की तिथि | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-20) | 07.08.2024 |
| 11 | चुनाव परिणाम की घोषणा एवं विजयी प्रमाण पत्र वितरण | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-20) | 12.08.2024 |
| 12 | चुनाव परिणाम की अधिसूचना जारी करना | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-24) | 13.08.2024 |
| 13 | सरकार/विभाग को सूचित करना | (नियम 14 के अनुसूची-1 कंडिका-24) | 14.08.2024 |

PR 329371 (District) 24-25 (D)

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद।

## एक नजर

### नि:शुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया



**बोकारो।** उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को जिले भर में मातृ शिशु दिवस पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सघन हीमोग्लोबिन जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सदर अस्पताल? बोकारो, अनुमण्डलीय अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया, जहां सभी गर्भवती महिलाओं एवं धातृ महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। इस दौरान चिकित्सक टीम द्वारा शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने से होने वाले नुकसान के संबंध में भी बताया गया।वहीं, शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा को बूस्ट करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां अपने आहार में शामिल करने की बात कहीं। महिलाओं को साग, पालक, शिमला मिर्च और ब्रोकली खाना चाहिए।

### भारी मात्रा में अवैध लकडी जब्त



**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के आईईएल स्थित देव शो आरा मील पर वन विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान बंद आरा मशीन से अवैध रूप से रखे गए भारी मात्रा में लकड़ी को जब्त किया गया है। इस संबंध में बोकारो रेंज के प्रभारी डीएफओ संदीप शिन्दे ने बताया कि देव शो आरा मील जिसका संचालन बिनोद शाह कर रहा था, जो पहले से ही बंद है, लेकिन सूचना मिल रही थी कि बंद आरा मिल में चुपके-चुपके से नए लकड़ियों का चिरान हो रहा है। इसी सूचना पर छापेमारी की गई है और इस दौरान भारी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त किया गया है।

# गिरिडीह पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह की साइबर थाना पुलिस ने गुरुवार को कई स्थानों पर छापेमारी कर छह अपराधियों को दबोचने में सफलता पायी। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 12 मोबाइल के साथ एक एटीम समेत कई सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सरिया के नगर केशवरी निवासी मीतलाल मंडल, बगोदर के अटका निवासी चंदन कुमार, जमुआ के चुंगलों निवासी बीरेंद्र मंडल, बेंगाबाद थाना इलाके के महदेया निवासी पंकज मंडल, गांडेय के महजोरी निवासी अब्दुल कयूम और बरमसिया निवासी कमरुद्दीन अंसारी शामिल हैं।
गिरफ्तार अपराधियों के अपराध के तरीके की जानकारी देते हुए एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि सारे अपराधी युवाओं के नंबर फेसबुक से खोज कर उन्हें ऑनलाइन सेक्स के लिए इन्वाइट करते, और लड़की की फेक फोटो का इस्तेमाल कर न्यूड वीडीओ करते, और स्क्रीन शॉट लेकर ठगी किया करते थे। इतना ही नहीं इन अपराधियों के निशाने पर गर्भवती महिला भी हुआ करती, जिन्हें ये अपनी ठगी का शिकार बनाते। यही गिरफ्तार अपराधी लोगों को राशन वितरण करनेवाले विभाग का कर्मी बता कर उनसे ओटीपी मांगते और उन्हें भी ठगी का शिकार बनाते थे।

### साल 2025 के अंत तक बनकर तैयार होगा 100 बेड का रनिंग रूम

**जमशेदपुर।** रेलवे रनिंग स्टाफ के लिए जल्द ही 100 बेड का रनिंग रुम बनकर तैयार हो जाएगा. इसके लिए काम शुरू कर दिया गया है। इसके बनते ही एक साथ 194 रनिंग स्टाफ ठहर पाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को टाटानगर एआरएम अभिषेक सिंघल ने प्रेस वार्ता में दी। एआरएम ने बताया कि कुल 7 करोड़ की लागत से इस रनिंग रूम को तैयार किया जा रहा है जो पुराने परिसर से ही जुड़ा होगा। इसमें सेंट्रलाइज्ड एसी की सुविधा होगी, जिससे रनिंग स्टाफ को काफी सहूलियत मिलेगी। फिलहाल रनिंग रूम में एक साथ 94 स्टॉफ के ठहरने की व्यवस्था है। हालांकि यहां प्रतिदिन औसत 150 स्टाफ ठहरते हैं। पूर्व में यहां सिर्फ 22 कमरे और 83 बिस्तर थे, जिसे बढ़ाकर 29 कमरे और 94 बिस्तर किया गया है। इसके अलावा रनिंग स्टाफ को किसी तरह की समस्या ना हो इसके लिए सभी कमरों में एसी लगाया गया है। पूर्व में रनिंग स्टाफ के लिए रेलवे वाटर बैंक से पानी की सप्लाई की जाती थी पर अब अलग से ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर पानी की सप्लाई की जाती है।

### ईचागढ़ प्रखंड में सभी विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड कार्यलय के सभागार में गुरुवार को सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई. बैठक में क्षेत्र की विधायक सविता महतो भी शामिल हुईं। प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी और उसकी प्रगति रिपोर्ट दी। उन्होंने प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों से भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर किसानों के बीच कृषि उपकरण और बीजों का भी वितरण किया गया। मौके पर 11 किसानों के बीच पंपसेट और धान व मकई का बीज वितरण किया गया। बैठक में प्रमुख गुरुपद मार्डी, अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष कान्हाई लाल बेसरा, उपाध्यक्ष अघोर महतो, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम घोषाल, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो समेत कई पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### 60 हजार से ज्यादा घरों में की गई लार्वा की जांच

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में डेंगू के पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद हरकत में आयी प्रशासनिक मशीनरी ने युद्धस्तर पर लार्वा की जांच शुरू कर दी है. तीन दिनों में अबतक 60 हजार से ज्यादा घरों में डेंगू लार्वा की जांच की गई। साथ ही लार्वा मिलने पर मच्छर रोधी दवा का छिड़काव किया गया। इस अभियान में जमशदेपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद, चाकुलिया नगर पंचायत समेत जुस्को की टीम शामिल है। सभी टीमों ने नगर निकायों में लगभग 40 हजार कंटेनरों (पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि) की जांच की। जिसमें 360 कंटेनरों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया व अन्य कंटेनरों को खाली कराया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छर जनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के लिए मच्छरों के प्रजनन के संभावित स्त्रोतों को खत्म करना बहुत जरूरी है। इसके लिए एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग और साफ-सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

# अब झारखंड में चलेगा राहुल बाबा और हेमंत बाबा का राज : इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद संभालने के बाद पहली बार धनबाद पहुंचे ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी का जिला प्रशासन की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। धनबाद के उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने अपने आवास पर मंत्री को गुलदस्ता देखकर स्वागत किया। इसके साथ ही गठबंधन के सभी नेताओं ने भी मंत्री का स्वागत किया।
इस दौरान इरफान अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गोबिंदपुर से साहिबगंज सड़क को फोर लेन करने के लिए पहल की जा रही है। गांव को शहर से जोड़ने के लिए काम किया



जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लेकर कहा की बाबूलाल जी आजमाए हुए नेता है। अब भाजपा को चाहिए नए फेस को आगे करना चाहिए। भाजपा बार बार एक पुराना कैसेट लगा देती है। जबकि बाबूलाल जी को यहां के लोगो ने नकार दिया है, जो पांच एसटी सीट थी उसे हमलोगों ने जीता है। उन्होंने कहा कि अब यहां पर एकतरफा राज चलेगा राहुल बाबा और हेमंत बाबा का। आने वाले चुनाव में हमारी गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करेगी। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सारे पदाधिकारी सुधर जाए नही तो करवाई की जायेगी।

### बाइक से गिरकर पत्नी की मौत, पति बेखबर

**गिरिडीह ।** बगोदर थाना इलाके में गुरुवार को सड़क हादसे में लोचनि देवी (50 )की मौत हो गईं। लोचनि देवी अपने पति के साथ बाइक में हजारीबाग के बरही से बगोदर आ रही थी और बगोदर में बाइक से नीचे गिर पड़ी।
हैरानी की बात तो ये भी रहा कि पति के साथ बाइक में होने के बाद भी उसके पति को इसकी भनक तक नहीं लगा कि उसकी पत्नी लोचनि देवी भी गिर गई और उसकी मौत हो गईं। कुछ दूर जाने के बाद जब पति ने देखा कि पत्नी बाइक पर नहीं है, तो उसने खोजना शुरू किया और वापस लौटा, तो पत्नी को सड़क पर पाया, जहां लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। इस बीच जानाकारी मिलने के बाद बगोदर थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

**जमशेदपुर।** वजन संख्या समाधान फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश में कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की. फाउंडेशन के अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव जनसंख्या बढ़ने से अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। समग्र विकास की राह में रोड़े उत्पन्न होते हैं। ऐसे में देश में कठोर जनसंख्या कानून समय की मांग है। प्रदर्शन में रीना चौधरी, विवेक सिन्हा, नागमणि गुप्ता, सुमित शर्मा, शेखर महतो, शोभा श्रीवास्तव, रानी ठाकुर, भारती कुमारी, मधु माला, रचना श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### नाराज राशन कार्डधारियों ने प्रखंड मुख्यालय का किया घेराव

**पोटका।** पोटका प्रखंड के हाथीबिंदा गांव के लोगों ने बृहस्पतिवार को पोटका प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। लोगों का आरोप है कि पीडीएस डीलर अन्नपूर्णा महिला समिति उन्हें चार माह से राशन नहीं दे रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन के नेतृत्व में दर्जनों कार्डधारियों ने रैली निकाल कर प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया। बीडीओ से मिलकर अनाज उपलब्ध कराने की मांग की वहीं बीडीओ ने सभी की बातों को सुनने के बाद मार्केटिंग ऑफिसर डॉ अशोक कुमार को जांच कर एक सप्ताह के अंदर गरीब राशन कार्डधारियों को अनाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### टाटा स्टील के विजय-टू खदान में हाइवा व टैंकर में टक्कर, दो घायल



**चाईबासा।** टाटा स्टील की विजय-टू लौह अयस्क खदान में 11 जुलाई की दोपहर लगभग 12 बजे पानी टैंकर व हाइवा के बीच सीधी टक्कर में टैंकर वाहन के चालक राज पूर्ति पिता बुधराम पूर्ति व हाइवा के खलासी छोटू पूर्ति पिता दुर्गा पूर्ति घायल हुये। दोनों घायलों को टाटा स्टील की नोवामुंडी अस्पताल में इलाज हेतु भेजा गया है। दोनों खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। दोनों वाहन व घायल बराईबुरु गांव के निवासी हैं।

### शराब दुकान में चोरी करने वाले अंतर राज्यीय गिरोह के सरगना समेत आठ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर पुलिस ने शहर और आस-पास के क्षेत्रों के शराब दुकानों में लगातार हो रही चोरी का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में अंतर राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने सरगना समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जुगसलाई गौरीशंकर रोड निवासी मो। राजू उर्फ विजय मुंडा, सिदगोड़ा बागुनहातू निवासी दिलीप कालिंदी, जुगसलाई निवासी मो। अफजल, बारीडीह निवासी अंकित करण, गम्हरिया निवासी लालटू गोराई, खिरोद गोराई, साकची निवासी राजा सिंह उर्फ कोदु सरकार उर्फ कद्दू और गोलमुरी निवासी साबा सिंह उर्फ लड्डू सिंह शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, घटना में इस्तेमाल की गई चार कार, 55 पेटी शराब, आठ मोबाइल फोन और ताला तोड़ने के लिए इस्तेमाल करने वाला औजार बरामद किया है। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से एक साथ 20 मामलों का उद्भेदन हुआ है। शहर की शराब दुकानों में हो रही चोरी के उद्भेदन के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया था। मंगलवार को सूचना मिली कि एक कार में कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके बाद पुलिस ने गालूडीह के सालबनी मोड़ के पास जांच अभियान चलाया। मौके पर पुलिस ने अफजल, मो। राजू, दिलीप और अंकित को पकड़ लिया, जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

# देश में जल्द लागू हो जनसंख्या कानून : प्रो शिवदयाल साहू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के कार्यालय में ज्ञापन सौपकर देश में जल्द जनसंख्या कानून लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस तरह से देश में जनसंख्या बढ़ रही है उसी के निमित्त सख्त कानून बनाने हेतु जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के द्वारा डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया।
जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के लोहरदगा संयोजक शिवदयाल साहू की अध्यक्षता में ज्ञापन सौपा गया। जिसमें मुख्य रूप से शिवदयाल साहू, सतीश पांडे, चंदन गोयल, अशोक कसकर, देवेंद्र कुमार मंडल, प्रमोद प्रजापति, सुधांकर साहू, संजय पांडे, विवेक अग्रवाल, कमलेश महतो, मनोज महाली सचिन कुमार साहू उपस्थित थे।





## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।

### आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पलामू जिला के जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों एवं मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 05(रा0)(वि0)/दिनांक 13/06/2024 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत निम्नांकित योजनाओं का लाभ लेने हेतु उनसे विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिसके लिए 30/07/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र0 | योजना का नाम | शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई रू0 में। | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई रू0 में। | अनुदान एवं लाभुक अंशदान का विवरण। | अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | 101 | 30 | 0.5445 (2420/– रू0 प्रति इकाई) | 1815/– रू0 प्रति इकाई | 605/– रू0 प्रति इकाई | स्वीकृत कार्य में प्रति इकाई सरकार का अनुदान 75 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 25 प्रतिशत निहित होगा। | 1.आवेदनकर्त्ता जलाशय केज कल्चर के लाभुक हो। 2.लाभुक द्वारा केजों में वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा है तथा लाभुक द्वारा अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत वर्षो का केज में मछली उत्पादन का आकड़ा लिखित रूप में देना अनिवार्य होगा। |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | 101 | 04 | 3.84 (प्रति यूनिट 1.60 लाख) | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अनुदान की राशि 1.28 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 1.12 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | अनु0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक को अंशदान की राशि 0.32 लाख प्रति एकड़ एवं अन्य/सामान्य वर्ग के लाभुक को अंशदान की राशि 0.48 लाख प्रति एकड़ देय होगा। | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0जा0/अनु0ज0जा0/महिला लाभुक लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 20 प्रतिशत निहित होगा। एवं अन्य/सामान्य वर्ग लाभुक को प्रति इकाई सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत एवं लाभुक का अंशदान 30 प्रतिशत निहित होगा। | 1. तालाब 0.50–1.00एकड़ होना आवश्यक है। 2. तालाब से घर की दूरी 1कि0मी0 की दूरी के आस–पास हो। 3. तालाब संबंधी स्वच्छता प्रमाण पत्र उपलब्ध हो। 4. अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के लाभुको को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। 5. तीन दिवसीय या पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 6. स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण एवं तालाब का फोटोग्राफ लाभुक के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| 3 | पुरस्कार | 101 | 03 | 0.60 | सभी वर्ग के लाभुक को अनुदान की राशि 30000/– रू0 देय होगा। | शेष लाभुक अंशदान होगा। | – | 1. प्रगतिशील मत्स्य मित्रों/मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य उत्पादकों/उत्कृष्ट हैचरी संचालक आवेदन कर सकते है। 2. तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। 3. मछली उत्पादन संबंधित विवरणी पूर्ण हो। 4. वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभाग से मत्स्य स्पॉन प्रात किया हो। 5. आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। |

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR 329301 (Fish) 24-25 (D)

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024

दिनांक : 15/07/2024 समय–10 बजे पूर्वा0 से 4 बजे अप0 तक

सूचना

स्थान : जिला नियोजनालय स्थित श्रम कार्यालय मैदान, डालटनगंज।

राज्य के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय स्थित श्रम कार्यालय मैदान, डालटनगंज में दिनांक 15/07/2024 को समय पूर्वा0 10 बजे से अप0 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत एक दिवसीय "रोजगार मेला" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Experience | Age | Salary: Net Pay after deduction | Salary: Monthly CTC | Salary: Other Allowance | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | | 10 | 11 |
| 1 | Anand Motor's Daltonganj | HR Manager | 01 | MBA | 5 Yrs. | 25-30 | 15,000/- to 20,000/- | 22,000/- | PF+Insentive | Palamu |
| | | CXM Manager | 01 | MBA | 3 Yrs. | 20-25 | 12,000/- to 15,000/- | 17,000/- | | |
| | | Sales Executive | 10 | Graduation | 1 Yrs. | 20-40 | 12,000/- | 14,000/- | | |
| 2 | Aashi Care Hospital Daltonganj | Anesthetist | 01 | Diploma in Anesthesiology | 2 Yrs. | 27-48 | Negotiable/ Competitive Salary Pkg | | As per Hospital Policies | Daltonganj |
| | | Duty Medical Officer | 02 | MBBS with valid MCI | 2 Yrs. | 27-48 | | | | |
| | | Hospital Manager | 02 | MBBS/BDS/MBA IN Hospital Administration | 2 Yrs | 25-45 | | | | |
| | | Pharmacist | 02 | B-Pharma/ D-Pharma | 2 Yrs | 25-45 | | | | |
| | | Nursing Staff | 05 | ANM/GNM | 2 Yrs | 23-45 | | | | |
| | | Senior Nursing Incharge | 04 | B.Sc Nursing/GNM | 2 Yrs | 23-45 | | | | |
| | | X-Ray Technician | 02 | Diploma in X-Ray Technician | 2 Yrs | 23-45 | | | | |
| | | OT Technician | 02 | Diploma in OT Technician | 2 Yrs. | 23-45 | | | | |
| | | Lab Technician | 02 | B.Sc.MLT/ DMLT | 2 Yrs. | 23-45 | | | | |
| | | Plumber/Electrician | 02 | 10th Pass/ITI | 2 Yrs | 23-45 | | | | |
| | | Gunman | 02 | Inter/Graduate with own arm license | 2 Yrs | 23-48 | | | | |
| 3 | Chaitanya India India Credit Pvt Ltd, Daltonganj | CRE | 100 | Inter | -- | 18-28 | 10,890/- | -- | PF, Bonus | Palamu & Garhwa |
| 4 | Freedom Employability Academy | Teacher | 60 | Graduation (Any Stream) | -- | 18-45 | 11,560/- | 14,440 | PF, HR, Fuel | Chhattisgarh |
| 5 | Bajaj Allianz Life Insurance Pvt Ltd, Daltonganj | Insurance Consultant | 100 | 10th Pass | -- | 18+ | -- | -- | -- | Palamu |
| 6 | Credit Access Grameen Ltd, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 100 | 12th/ITI | -- | 19-29 | 10,225/- | 12,250/- | EPF/ESI/Bonus/ TA | Garhwa |
| 7 | SIS Limited, Garhwa | Sec. Guard | 100 | | -- | 19-40 | 15,500-22,500 | | PF/ESIC/Gratuity/ Yearly Increment etc. | Jharkhand, NCR, South |
| | | Sec. Supervisor | 50 | | -- | 19-40 | 19500-25500 | | | |
| | | GTO | 50 | | -- | 19-40 | 27500 | | | |
| 8 | Hotel Blue Bird, Daltonganj | Accountant | 1 | B.Com | -- | 22-30 | 10,000/- | -- | Food Accommodation | Daltonganj |
| | | Sturd | 2 | 12th | -- | 20-30 | 10,000/- | -- | | |
| | | House Keeping | 2 | 10th | -- | 20-30 | 8,000/- | -- | | |
| 9 | Maiyan Babu Hospital, Daltonganj | ANM | 05 | ANM | 2 Yrs | 20+ | 8,500/- | -- | -- | Daltonganj |
| | | GNM | 05 | GNM | 3 Yrs | 22+ | 12,000/- | -- | -- | |
| 10 | Aviral Rakshak Services Pvt Ltd, Ranchi | Sec. Guard | 20 | 10th | 1 Yrs | 21-40 | 8000/- | 10000/- | PF&ESIC | Ranchi & Daltonganj |
| | | Driver | 02 | 10th | 1 Yrs | 21-40 | 8000/- | 10000/- | | |
| | | Nurse | 02 | GNM | 1 Yrs | 21-40 | 8000/- | 10000/- | | |
| 11 | Quess Corp Ltd. :- Tata Motors | Apprenticeship | 100 | 12th/ITI | -- | 18-23 | 14,500/- | -- | Transport& Canteen | Pantnagar |
| | Metalman | Apprenticeship | 50 | ITI | -- | 18-30 | 13000/- | -- | -- | Haryana |
| | Dixon | Apprenticeship | 100 | 10th/12th/ITI | -- | 18-25 | 10,275/- | -- | -- | Noida |
| 12 | Bharat Finance Inclusion Ltd, Ranchi | Loan Officer | 20 | 12th with DL | -- | 18-28 | 12,000/- | -- | Fuel, Insurance, Bonus etc. | All over Jharkhand |
| 13 | Vision India Service Pvt Ltd : Hindalco Industries | Naps Trainee | 100 | ITI | -- | 18-30 | 12500/- | -- | Subsidies Food | Renukoot, UP |
| | Suzuki Motors, Gujrat | Trainee | 100 | ITI | -- | 18-24 | 15500/- | 21500/- | PF, Food etc | Gujrat |
| | Subros | Trainee | 100 | ITI | -- | 18-28 | 11500/- | -- | Rs 500 Attendance Bonus, Rs 50 per hours OT | Noida, UP |
| | Minda Furukawa | Associate Operator | 100 | 10th/12th/ITI | -- | 18-27 | 13684-14368 | -- | Rs 1000 Attendance Bonus | Rewari, Haryana |
| 14 | V R Enterprises, Ranchi | Language Lab Coordinator | | BCA/MCA/B.Sc.IT/ BIT/B.Tech/ Graduation with PGDCA/DCA | -- | 22-35 | 10K | -- | -- | District/ Block |
| 15 | Utkarsh Small Finance Bank | Credit Officer | 50 | Inter | -- | 18-32 | 8,000/- | 10,500/- | PF, Fuel, Increment, Bonus | Jharkhand |
| | | CSO | 10 | Graduation | DCA/ADCA | 18-28 | 10,000/- | 13,000/- | | |
| | | Sales Executive | 20 | Graduate | -- | 18-28 | 13,500/- | 17,700/- | | |
| 16 | VSS Enterprises :- Honda Motor Cycle & Scooters | Bike Assemblers | 100 | ITI | -- | 18-29 | 15,107/- | 21,800/- | PF,ESI,OT,Bonus, Bus, Canteen etc. | Bangalore |
| 17 | Barbeque Nation Hospitality Ltd | Range Chef (Kitchen Helper) | 100 | 10th Pass | -- | 18-30 | 10,000/- | -- | Free Food & Accommodation | Anywhere in India |
| | | Guest Service Associate | 100 | 10th Pass | -- | 18-30 | 10,000/- | -- | | |
| 18 | Satin Credit care Network Ltd | Exe. (TCSO) | 15 | 12th Pass | -- | 18-30 | 12,900/- | 20,400/- | PF, Fuel, Incentive | Palamu, Garhwa |
| | | Sr. Exe (Sr. CSO) | 15 | 12th Pass | -- | 18-32 | 15,300/- | 23,300/- | | |
| | | Collection Officer | 15 | 12th Pass | -- | 18-32 | 13700-17900 | 20500-25500 | | |
| 19 | Metalman Auto Pvt Ltd | Machine Operator | 100 | ITI | -- | 18-35 | 18,232/- | 21,125/- | PF, ESIC etc. | Bangalore |
| | | Associate | 100 | 8th Pass | -- | 18-35 | 17,960/- | 20,900/- | | |
| 20 | Svamaan Financial Service Pvt Ltd. | Field Assistant Trainee | 100 | Graduation | -- | 18-28 | 10000-15000 | -- | PF, Fuel, Incentive | Jharkhand |

मेला में भाग लेने के ईच्छुक अभ्यर्थी को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित नहीं है तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से कर लें। अभ्यर्थी स्वयं भी अपना निबंधन विभाग के अधिकृत पोर्टल jharniyojan.jharkhad.gov.in पर कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन/नवीकरण का कार्य स्थगित रहेगा। सभी आवेदनकर्त्ता अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, स्थानीय प्रमाण प्रत्र एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ इस मेला में चयन हेतु उपस्थित होंगे। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 329322 District(24-25).D

# करियर चाहिए बच्चे नहीं की बढ़ती प्रवृति

**टेस्ट** ट्यूब बेबी के अस्पताल छोटे-बड़े शहरों में बढ़ रहे हैं, विभिन्न कारणों से घटते प्रजनन दर, महानगरों में युवा विशेष तौर पर कॉर्पोरेट संस्कृति वाली पीढ़ी की संतानोत्पत्ति के प्रति निरंतर बढ़ती अरुचि भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। एक अनुमान के अनुसार अगले दस वर्ष के भीतर भारत में आईवीएफ उद्योग लगभग पांच गुना वृद्धि के साथ 370 करोड़ डॉलर के बराबर हो जाएगा, जो 2020 में 80 करोड़ डॉलर से भी कम था। इन तथ्यों से यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि प्रजनन क्षमता में कमी आ रही है, बल्कि इसकी पृष्ठभूमि में संतानोत्पत्ति के प्रति बढ़ती अरुचि है। कॅरिअर के कारण बच्चे पैदा करना अभिजात्य वर्ग की प्राथमिकता में लगभग अंतिम छोर पर पहुंच गया है। पश्चिमी देशों की तरह इस प्रकार एक नए समाज की संरचना हो रही है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उपेक्षित एवं वंचित वर्ग संबंधी गणना तथा आंकड़ों के वैज्ञानिक संग्रहण का अपना लक्ष्य निर्धारित किया है। यह अनूठा है, क्योंकि विगत 30 वर्षों से 11 जुलाई (विश्व जनसंख्या दिवस) को जनसंख्या संबंधी बड़े-बड़े आयोजनों में नए विषयों के प्रति संकल्प लिए जाते रहे हैं। इनमें वंचित वर्ग उपेक्षित ही रह जाता था। लेकिन अब संयुक्त राष्ट्र को उसका ख्याल आया है। इसके पीछे वर्तमान संदर्भ और भविष्य की जनसंख्या संबंधी कुछ अनुमान हैं। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार, अगले पच्चीस वर्षों में दुनिया के मात्र एक तिहाई देशों (204 में से 49 देशों) में ही पर्याप्त प्रजनन दर रहेगी, जो इस शताब्दी के अंत तक मात्र तीन प्रतिशत यानी 204 में से छह राष्ट्रों तक सिमट कर रह जाएगी। अनुमान के अनुसार, आबादी में वृद्धि मुख्यतः अफ्रीकी देशों में होगी। माना जाता है कि शताब्दी के अंत तक आधी आबादी अफ्रीकी राष्ट्रों में पैदा होगी। इसके साथ ही प्रजनन की प्रवृत्ति मूलत : निम्न मध्यवर्ग तक सीमित रह जाएगी, जिससे भविष्य में व्यापक वर्गभेद होने की आशंका है, क्योंकि आबादी में निम्न आय वर्ग की संतानों की बहुतायत होने तथा उच्च वर्ग में संतानोत्पत्ति से बेरुखी होने के कारण उपलब्ध संसाधनों और राजनीति पर धीरे-धीरे नियंत्रण बदल जाएगा, जो अभिजात्य वर्ग को स्वीकार नहीं हो सकता है। विडंबना यह होगी कि सामर्थ्यवान के पास संतान नहीं और संतान वाले के पास संसाधन नहीं। आशंका यह भी है कि प्रजनन के अभाव में अनेकानेक विकसित राष्ट्रों में अप्रवासी और शरणार्थी भारी संख्या में प्रवेश करेंगे। जनसंख्या असंतुलन का एक विशिष्ट उदाहरण है दक्षिण कोरिया और नाइजीरिया की वर्तमान स्थिति। पिछले कुछ वर्षों में जहां दक्षिणी कोरिया में ऋणात्मक प्रजनन दर रही है, वहीं नाइजीरिया में प्रजनन दर लगभग प्रति महिला सात बच्चों की पाई गई है। ऐसे में संसाधनों का पुनः बंटवारा होना लाजिमी है। कोरिया की महिलाएं अपने व्यावसायिक जीवन की उन्नति और बच्चों के लालन-पालन की बढ़ती लागत के कारण संतान देर से या नहीं पैदा करती हैं। इस ऋणात्मक वृद्धि के कारण सृष्टि पर कई विषम प्रभाव भी पड़ेंगे। सामान्य तौर पर तो आबादी की कमी से सहज एवं सुगम जीवन की प्रत्याशा रहती है, किंतु इस कमी के कारण किंचित महत्वपूर्ण व्यवसाय यथा कृषि अत्यधिक प्रभावित होंगे, जिससे खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण आदि पर असर पड़ेगा। कम आबादी से लोगों का व्यावसायिक रुझान श्रम विहीन, तकनीकी कौशल, शोध आदि की ओर होगा। आशंका है कि घटती आबादी भू-राजनीतिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को भी जन्म देंगी। इसी कारण 1994 में जनसंख्या वृद्धि को 2.1 बच्चे प्रति महिला तक सीमित करने का लक्ष्य तय किया गया था, ताकि संतुलन कायम हो सके। वर्तमान परिदृश्य भविष्य में असंतुलन की आशंका को दर्शाता है। भारत में भी जनसंख्या स्थिरीकरण एक गंभीर चुनौती है। औसत आयु में वृद्धि, बेहतर चिकित्सा सुविधाओं, संसाधनों की उपलब्धता के चलते अगले कुछ वर्षों में संख्यात्मक वृद्धि तो दिखेगी, किंतु वास्तविक रूप में प्रजनन दर निरंतर घटती जा रही है। आशंका है कि शताब्दी के अंत तक प्रजनन दर मात्र एक बच्चा प्रति महिला तक सीमित हो जाएगी। अतः आवश्यक है कि आबादी का गुणावगुण के आधार पर विश्लेषण हो न कि महज जनसंख्या को बोझ मानकर। संतुलन समय की आवश्यकता है, तो प्राकृतिक रूप से संतानोत्पत्ति को कायम रखना भविष्य की आवश्यकता।यहां एक बात उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ग मजबूरी में और कुछ राजनीति के तहत अधिक बच्चे पैदा कर रहे हैं इसलिए सरकार को दोनों स्थितियों की समीक्षा करनी चाहिए।

इन दिनों

# भारत की परिवार नियोजन यात्रा: हमारे निर्णायक क्षण और चुनौतियां

**इस** विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर, हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।



जगत प्रकाश नड्डा

**जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया**

भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि, परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है। 10-24 वर्ष की आयु के 369 मिलियन युवाओं के साथ, भारत एक परिवर्तनकारी जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तैयार है। इसके अलावा, पिछले कुछ दशकों में, इस कार्यक्रम में काफी विकास हुआ है और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है, जिसमें क्लिनिक-आधारित से लेकर लक्ष्य-उन्मुख तरीके और अब परिवार नियोजन विकल्पों को स्वैच्छिक रूप से अपनाना शामिल है। यह बदलाव आबादी की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को ढालने का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030 के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है। किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं, जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन को मातृ एवं शिशु रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है और इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसने समग्र नीतिगत उद्देश्यों को व्यापक तरीके से विस्तारित किया है। भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ, यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। **राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तार :** जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप, वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरूआती चरण में हैं, जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है। **कार्रवाई का आह्वान :** हम विश्व जनसंख्या दिवस 2024 मना रहे हैं, जिसका विषय है 'मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल।' हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल, जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं, के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं, जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है, जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है, साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं, गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं, जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक व सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवार नियोजन सेवा अदायगी में सुधार के लिए पर्याप्त निवेश किया जा रहा है, जिसमें अस्थायी और दीर्घकालिक गर्भनिरोधक विधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पर्याप्त बजटीय आवंटन और स्वास्थ्य सुविधाओं और सामुदायिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के तेज विकास को देखते हुए, सरकार हमारे विजन को इससे जोड़ने और प्रसारित करने के अवसर का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सूचना और सेवाओं तक पहुंच के मामले में कोई भी पीछे न छूट जाये। हमारे परिवार नियोजन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है।

**(केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री, भारत सरकार)**

## मिशन परिवार विकास (एमपीवी) : परिवार नियोजन में बदलाव

भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक, मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिये जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। साथ ही, एक मजबूत परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और गर्भनिरोधकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को तैयार किया गया था। आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ और कार्यक्रम में शामिल जिलों में इनके उपयोग में तेजी देखी गयी, जो एमपीवी कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

### भारत का नेतृत्व और प्रगति

जैसा कि मई २०२४ में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के ३०वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

## आपकी बात



### जन हित में एक प्रयास

**उपरोक्त** बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल भेज कर उक्त बातें कहीं। इन्होंने आगे कहा की झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा गेतलसूद डैम में प्रस्तावित वर्ल्ड बैंक की मदद से 800 करोड़ के लागत से बनने वाला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट योजना के क्रियान्वयन होने से अनगड़ा, गेतलसूद और ओरमांझी के करीब 1500 से अधिक मछुआरों के परिवार एवं भारी संख्या में ग्रामीणों को इस पावर प्लांट लगाने से उनके परिवारों के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ जाएगी जो गेतलसूद डैम में आश्रित है। श्री नायक ने आगे कहा कि इस योजना का ग्राम सभा और स्थानीय दलित आदिवासी मूलवासी समाज जबरदस्त तरीके से पुरजोर विरोध वर्ष 2020 से ही किया जा रहा है स्मरण हो कि इस योजना को अमली जामा पहनाने हेतु मंगलवार को गेतलसूत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था जिसमें स्थानीय ग्रामीण ,पुलिस प्रशासन ,जन प्रतिनिधि और पावर प्लांट निर्माण करने वाली कंपनी सेकी के प्रतिनिधि शामिल हुए थे जिसमें ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जान देंगे मगर पावर प्लांट नहीं लगने देंगे। श्री नायक ने आगे कहा कि गेतलसूद डैम के निर्माण में वहां के स्थानीय लोग विस्थापन का दंस भी झेल चुके हैं और विस्थापन की मार से उबरे भी नहीं है कि उन विस्थापित परिवार के ऊपर अब रोजी रोजगार का संकट खड़ा हो रहा है क्योंकि गेतलसूद डैम से उन लोगों का रोजी रोजगार बना हुआ है जो पावर प्लांट के लगने से छिन जाएगा इन्होंने यह भी कहा कि स्मरण हो की 2020 में इस योजना को लगाने के दिशा में प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया था ग्रामीणों एवं मछुआरों के जबरदस्त विरोध होने के कारण उक्त योजना ठंडे बस्ती में चला गया था।



विजय शंकर नायक

**(केंद्रीय उपाध्यक्ष आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच)**

धर्म-समुदाय

# हिन्दुत्व, भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान



डॉ. प्रशांत बड़थ्वाल

**हिन्दुत्व** ऐसी अवधारणा है जो भारतीय समाज और राजनीति में गहरी जड़ें जमाए हुए है। यह शब्द केवल एक धार्मिक विचारधारा का प्रतिनिधित्व नहीं करता, बल्कि एक जीवन दर्शन, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय चेतना का भी प्रतीक है। हिन्दुत्व को समझने के लिए, जैसा कि कहा गया है, व्यक्ति को सर्वप्रथम 'स्व' को जागृत करना होगा। यह आत्म-जागृति की प्रक्रिया न केवल व्यक्तिगत स्तर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज और राष्ट्र के स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिन्दुत्व की अवधारणा को समझने के लिए, हमें इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक आयामों का गहन अध्ययन करना होगा। यह विचारधारा भारतीय उपमहाद्वीप के प्राचीन ज्ञान और परंपराओं से उत्पन्न हुई है, लेकिन समय के साथ इसने कई परिवर्तन और विकास देखे हैं। आधुनिक संदर्भ में, हिन्दुत्वने एक राजनीतिक और सामाजिक आंदोलन का रूप ले लिया है, जो भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान के विचारों को आगे बढ़ाता है। हिन्दुत्व की अवधारणा को समझने के लिए, हमें सबसे पहले इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझना होगा। हिन्दुत्व शब्द का प्रयोग 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में शुरू हुआ, लेकिन इसकी जड़ें भारतीय उपमहाद्वीप के प्राचीन इतिहास में गहरी हैं। यह शब्द 'हिन्दू' और 'तत्व' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है हिन्दू होने का सार' या 'हिन्दू विचारधारा का मूल तत्व'। हालांकि, यह केवल धार्मिक प्रथाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सांस्कृतिक और दार्शनिक दृष्टिकोण है जो जीवन के सभी पहलुओं को समाहित करता है। हिन्दुत्व की अवधारणा को समझने के लिए व्यक्ति को अपने आंतरिक स्व को जागृत करना आवश्यक है। यह आत्म जागरण की प्रक्रिया है जो व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने में मदद करती है। हिन्दू दर्शन में, यह माना जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति में एक दिव्य चेतना निहित है, जिसे आत्मा कहा जाता है। इस आत्मा की पहचान और इसके साथ तादात्म्य स्थापित करना ही हिन्दुत्वका मूल लक्ष्य है। हिन्दुत्व में आत्म जागरण की प्रक्रिया कई चरणों से गुजरती है। सबसे पहले, व्यक्ति को अपने वर्तमान स्थिति के प्रति जागरूक होना पड़ता है। यह जागरुकता न केवल बाहरी परिस्थितियों के प्रति होती है, बल्कि अपने आंतरिक विचारों, भावनाओं और प्रवृत्तियों के प्रति भी होती है।

> **हिन्दुत्व को समझने के लिए व्यक्ति को सर्वप्रथम 'स्व' को जागृत करना होगा। यह आत्म-जागृति की प्रक्रिया न केवल व्यक्तिगत स्तर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज और राष्ट्र के स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से

हामीन हकी नगपुरिया
Ramdeo Baraik · 4 m ·
जोहाइर,
भाइ-बहिन आउर संगीमन,... See more

माय बहिन बेटी

माय बहिन बेटी, धरती कर हेकंय माटी,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।१।।

जगत में करंयन उमन, नित नावां सृष्टि,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।२।।

गरब से कहंयन उमन, हेकी हामीन बेटी ,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।३।।

काम करंयना उमन, लगाय एड़ी-चोटी,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।४।।

नज़इर में रहंयन उमन, घरे जरी-बुटी,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।५।।

रामदेव बड़ाईक ✍रांची ।

2 · 1 comment 2 shares

## X - से

India Post @IndiaPostOffice · 13h
बच्चों का आधार अपडेट करना हुआ आसान, डाक विभाग कर रहा है अहम योगदान
#DakSewaJanSewa
#Aadhaar




Jyotiraditya M. Scindia and 7 others
79 · 403 · 1.8K · 101K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# तार्किक पाठ्यक्रम समय की मांग



प्रियंका सौरभ

**एनसीई**आरटी कक्षा छह से दस तक की इतिहास, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव कर रहा है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली में शिक्षण सामग्री का संशोधन पाठ्यक्रम के लिए समान होना चाहिए। लेकिन भारत में स्कूली पाठ्यक्रम हमेशा नवीनतम शोध के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। पक्षपातपूर्ण या संकीर्ण दृष्टिकोण से बचने के लिए स्वतंत्रता के बाद से, हमारी स्कूली पाठ्यपुस्तकें अकसर कला, साहित्य, दर्शन, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास में भारत की प्रगति को मान्यता देने से बचती हैं। पहले की पाठ्यपुस्तकें भारतीय इतिहास के बारे में एक ऐसा दृष्टिकोण बनाती हैं जो विश्व की सभ्यता पर भारत के गहन प्रभाव को दबा देती है। इसके परिणामस्वरूप हमारी राष्ट्रीय पहचान और ऐतिहासिक कथा के बारे में एक विषम धारणा बनती है। स्कूली विद्यार्थियों को कम उम्र में ऐतिहासिक घटनाओं और संघर्षों की आक्रामकता के संपर्क में लाना उन्हें संकट में डाल सकता है। स्कूली पाठ्यक्रम में शिक्षा के अनुचित चरणों में ऐतिहासिक संघर्षों का परिचय, बच्चों के दिमाग में व्यापक ऐतिहासिक संदर्भ की कमी की धारणा को अमर कर सकता है। एक संतुलित कथा बच्चों के दिमाग में दुश्मनी और पूर्वाग्रह पैदा करने के जोखिम को कम करती है। एकतरफा ऐतिहासिक तथ्य स्कूली बच्चों के बीच सामाजिक सामंजस्य और आपसी सम्मान में बाधा डालेंगे। सार्थक पाठ्यपुस्तक संशोधनों का विरोध एक पुरानी संकीर्ण वैचारिक विचार प्रक्रिया को दर्शाता है, जो भविष्य में ऐतिहासिक शिकायतों और शत्रुता को शाश्वत बनाता है। एक संतुलित, विश्वसनीय और भरोसेमंद ऐतिहासिक कथा, संघर्ष समाधान और आपसी सम्मान के सकारात्मक उदाहरणों को रेखांकित करती है। स्कूली छात्रों को एक संतुलित इतिहास पढ़ाना जो संघर्ष-आधारित कथाओं को कम करता है, उन्हें भारत की विरासत के बारे में बेहतर जानकारी के साथ जिम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण नागरिक बनने में सक्षम बनाता है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें बच्चों में संज्ञानात्मक और भावनात्मक आधार बनाती हैं, जो भविष्य के आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए आवश्यक है। संतुलित कथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करने का कोई भी प्रयास अंत नहीं बल्कि एक शुरूआत है। छात्रों को ऐसी संतुलित पाठ्यपुस्तकों से जो आधार मिलता है, वह उन्हें बाद के वर्षों में एक गहरी ऐतिहासिक समझ बनाने में मदद करेगा। स्कूली पाठ्यपुस्तकों को छात्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने में उत्तरदायी होने के लिए बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है। पाठ्य पुस्तकों में क्या पढ़ाया जाए और क्या न पढ़ाया जाए, इसकी चर्चा लगातार होती रही है, क्योंकि स्कूल की पाठ्यपुस्तकें ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा सुविधाजनक विमर्श को आगे बढ़ाया जा सकता है। विवाद तब होता है, जब एक विमर्श आपके लिए सुविधाजनक होता है और दूसरे वर्ग के लिए असुविधाजनक। वर्तमान में इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में किए गए कुछ बदलावों से संबंधित विवाद को भी उसी संदर्भ में देखना चाहिए, जब एक वर्ग का सुविधाजनक दृष्टिकोण दूसरे वर्ग के विमर्श के अनुरूप नहीं होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



बोधि वृक्ष

# सूर्य देवता के 7 बड़े मंदिर, जहां हर पल बरसता है आशीर्वाद

**हिंदू** धर्म में ऊर्जा के केंद्र माने जाने वाले भगवान सूर्य के देशभर में कई ऐसे मंदिर हैं, जो न सिर्फ लोगों की आस्था के लिए बल्कि अपनी भव्यता और खूबसूरती के लिए भी जाने जाते हैं। **भारत के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर :** सूर्य देव का हमारे जीवन में कितना महत्व है, यह बात किसी ग्रंथों में ही नहीं, बल्कि विज्ञान ने भी ये साबित कर दिया है। चूंकि, सूर्य यानी भगवान सूर्य भारत के नौ ग्रहों में से एक हैं, जीवन में इसके महत्व को समझते हुए ही शायद सूर्य मंदिरों का निर्माण हुआ है। वहीं, रोजाना सुबह दर्शन देने वाले सूर्य देव के देशभर में कई ऐसे प्रसिद्ध मंदिर हैं, जिसे देखने के लिए लोग देश-विदेश से आते हैं। जिसमें ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर से लेकर गुजरात के मोढ़ेरा स्थित सूर्य मंदिर में आध्यात्मिक राज छिपे हुए है।



**आइए आपको बताते है देश के सात प्रमुख सूर्य मंदिर के बारे में-**

धार्मिक मान्यता है कि, सूर्य देव की पूजा करने से मान-सम्मान, प्रतिष्ठा बढ़ती है। ऐसा करने से जीवन की असफलताओं को सूर्य देव सफलता का आशीर्वाद देते हैं।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# WhatsApp यूजर्स के लिए खुशखबरी

**क्यों खास है यह फीचर?**

**1. अधिक चेतना और व्यावसायिकता:** HD मेडिया अपलोड क्वालिटी की सुविधा उपयोगकर्ताओं को अपनी फाइलों की अच्छी गुणवत्ता में भेजने में मदद करती है। यह खासकर व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्हें अपनी क्रिएटिव फाइलों की अच्छी गुणवत्ता में साझा करना होता है।

**2. अधिक विकल्प :** अब यूजर्स को अपनी पसंदीदा गुणवत्ता का चयन करने का अधिक विकल्प मिला है। वे अब अपनी फाइलों को स्टैंडर्ड, मीडियम या HD गुणवत्ता में भेज सकते हैं, जैसे उन्हें ठीक लगे।

**3. बेहतर साझा करने की सुविधा:** इस फीचर से अब यूजर्स अपनी फाइलों को अधिक सुसंगत रूप से साझा कर सकते हैं, जिससे उनकी अनुभूति और समय की बचत होती है।

**4. अधिक गहराई:** HD मेडिया अपलोड से फाइलों में अधिक गहराई और जानकारी होती है, जिससे उन्हें देखने वाले यूजर्स को अधिक लाभ होता है।




**नवीनतम फीचर का उपयोग कैसे करें?**

- इस नई सेटिंग को ढूँढना आसान है। आपको बस WhatsApp की सेटिंग में जाना है।
- फिर आप स्टोरेज और डेटा चुन सकते हैं। दो नई 'मीडिया अपलोड क्वालिटी' सेटिंग उपलब्ध हैं।
- पहली है स्टैंडर्ड क्वालिटी (SD), जो आपको छोटी फाइल साइज के साथ तेजी से मीडिया डिलीवर करने की सुविधा देती है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### दीपक प्रकाश को राज्यसभा का सचेतक बनाए जाने पर दी बधाई



**लोहरदगा।** भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को राज्यसभा का सचेतक बनाए जाने पर लोहरदगा भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ने बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव,पूर्व सांसद, सुदर्शन भगत, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, और पूर्व विधायक रमेश उरांव,सधनु भगत, जिलाध्यक्ष मनीर उरांव,ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, चंद्रशेखर अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राजकिशोर महतो राकेश प्रसाद, राजमोहन राम,उमेश कार्यकाल,बालकृष्णा सिंह ,राजकुमार वर्मा, नवीन कुमार टिंकू ,हर्षनाथ महतो, पशुपति नाथ पारस, सामेला भगत, भारती सिन्हा,कलावती देवी, सहित अन्य ने दी है।

### परिवार नियोजन में उत्कृष्ट काम करने पर कुडू सीएचसी प्रभारी डॉ सुलामी सम्मानित

**कुडू-लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू के द्वारा परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो को विश्व जनसंख्या दिवस पर सदर अस्पताल लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजमोहन खलखो द्वारा सम्मानित किया गया। इनके अलावा सिएचसी कुडू में पदस्थापित तत्कालीन चिकित्सक डॉ मरसा टोपनो को सबसे अधिक बन्ध्याकरण करने एवं प्रसव उपरांत कॉपर टी के लिए एएनएम रौशनी टोप्पो, तथा सुनीता तिग्गा एवं बसंती कुमारी को क्रमश परिवार नियोजन के तहत निरोध वितरण और अंतरा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके लिए सभी स्वास्थकर्मियों ने मुबारकबाद दी है। इस उपलब्धि पर प्रभारी डॉ सुलामी होरो ने बताया यह संयुक्त रूप से एकजुट होकर कार्य करने का नतीजा हा हम कामना करते हैं कि आगे भी इस तरह आप सभी मिलकर कुडू सिएचसी का नाम ऊपर रखेंगे।

### बगडू में किसानों के मध्य उन्नत बीज का किया गया वितरण



**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स में 80 किसानों के मध्य 750 किलो धान एवं मक्का बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में दलदलिया, चांपी, बगडू, केंद टोली, भुसाड़, बेट हट इत्यादि ग्रामों के किसानों के मध्य वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के दिशा निर्देश पर पर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में खान प्रबंधक राज सिन्हा, प्रद्युम्न कुमार, निताई दंडपात, सुनील चौधरी, प्रयत्न बड़ापंडा, माधुरी कुमारी, मुन्ना भगत, अबीर चक्रवर्ती, प्रकाश भगत, बंधन भगत आदि मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष हुए घायल

**भंडरा ।** भंडरा आकाशी मुख्य पथ में भंडरा थाना के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी घायल हो गए। घायल परवेज अंसारी को भंडरा प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख ईश्वरी मोहन शर्मा व स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा के निजी अस्पताल पहुंचाया। जिनका स्थानीय निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना में परवेज अंसारी को पैर व हाथ में चोट आई है। जानकारी के अनुसार परवेज निजी काम से बाइक में निकले थे। इसी दौरान थाना के समीप अज्ञात बाइक चालक ने ठोकर फरार हो गया।

## हाथियों का आतंक जारी, वन विभाग मौन

# किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है वन विभाग : ग्रामीण



### वन विभाग की टीम नहीं पहुचे, ग्रामीणों मे रोष

भंडरा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हाथियों का कहर जारी है इसके बावजूद भी वन विभाग द्वारा हाथियों को खदेड़ने की दिशा में सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब हाथी गडरपो व पोड़ हा में उत्पाद मचा रहे थे। तब सुचना देने के बावजूद भी वन विभाग की टीम गांव नहीं पहुंची। ग्रामीण ने बताया कि वन विभाग की टीम बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है जिसके बाद नींद से जागेगी।

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा** थाना क्षेत्र में तीसरे दिन भी हाथियों का आतंक जारी रहा। बीती रात भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी जुगिया टोली, गडरपो लालपुर, पोड़हा गांव में दर्जनों किसानों का घरों व धान चावल को चट गया वही किसानो के फसल हाथियों ने रौंदा डाला, कई ग्रामीणों के दिवार व गेट तोड़ने की सूचना है। हाथियों की संख्या 15 से 17 बताई जा रही है जिसमे एक हाथी झुण्ड से बिछड़ कर क्षेत्र में कोहराम मचा रहे हैं। हाथी दिन भर झाड़ी व पतरा में डेरा जमाए रहते हैं। जैसे ही रात होती है तो हाथी गांव की ओर कूच कर जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। बीती शाम अमदरी से निकलकर हाथियों का झुण्ड पलमी जुगिया टोली पंहुचा जहाँ सुको महली एवं बुधेश्वर महली के घर को तोड़ा दिया।

परिजन किसी तरह जान बचाकर वही निकले। साथ गांव मे दर्जनों केला के पेड़ को उखाड़ दिया। कटहर को भी बर्बाद किया जिसके बाद हाथियों का झुंड गडरपो गांव पंहुचा जहाँ सोमरा उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे चावल को चट कर दिया। गडरपो होते हुए हाथी पोड़हा तरीगन टोली पंहुचा जहाँ से हाथियों का झुण्ड सिसई क्षेत्र के बारन्दा की ओर निकल गये पर एक बड़ा हाथी झुण्ड से बिछड़ कर पोड़हा तरीगन टोली पहुंच गया। जहाँ हाथी ने जम कर उत्पात मचाया। हाथी ने उमेश मांझी के घर पहुंचकर घर मे चावल को चाट कर गया। जबकि गांव के ही दिनेश उरांव के गेट को तोड़ कर घर मे रखे चार बोरे धान को बर्बाद कर दिया। जिसके बाद हाथी पोड़हा जतरा बगीचा मे डेरा जमाये हुए है। हजारों की संख्या मे ग्रामीण हाथी देखने पहुंच रहे है। भीड़ और शोरगुल से हाथी गुस्से मे कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल




**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी - जारी थाना क्षेत्र के कमलपुर तिगरा निवासी इंदरजीत खेरवार अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल से गिरकर घायल हो गया। घायल की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि वहा बुधवार सुबह को अस्पताल जा रहे थे। घर से मोटर साइकिल लेकर निकले थे। आज 10 बजे के आसपास कमलपुर की सहिया ने फोन कर बताया कि आपके पति बंडोटोली भीखमपुर के मोटर साइकिल से गिरकर घायल हो गये है उसके बाद सहिया ने 108 फोन किया जिसके बाद सीएचसी डुमरी ले आए जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी परिसर में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया मुख्यातिथि प्रमुख जीवंती एक्का, चिकित्सा प्रभारी अलबेल केरकेट्टा द्वारा द्वीप जलाकर शुभारंभ किया गया मौके पर मुख्यातिथि प्रमुख ने कहा कि इस जनसंख्या दिवस का मुख्य नारा है हम दो हमारे दो, परिवारों में संख्या कम रहेगी तो तो घर परिवारवाद कुछ ठीक-ठाक रहेगा । छोटा परिवार में सभी लोगों के लिए कपड़ा लता, खान पान, पढ़ाई लिखाई अच्छा रहेगा। सब में सबका सहयोग भी अच्छा मिलेगा हमलोग स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से ही जनसंख्या वृद्धि दर को रोक लगा सकते हैं इसलिए इस अभियान को सफल बनाने के लिए आपलोग सभी जनप्रतिनिधि का भी सहयोग ले। ताकि हम सभी लोग मिलकर जनसंख्या दिवस के उद्देश्य को सफल बना सके।

चिकित्सा प्रभारी अलबेल केरकेट्टा ने कहा कि देश के कई राज्यों में यह कार्यक्रम चल रहा है जनसंख्या वृद्धि दर को रोकने के लिए महिला पुरुषों के लिए कई तरह की स्थाई और अस्थाई व्यवस्था है जिसे अपना कर हम जनसंख्या दिवस के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं और परिवार नियोजन को अपनाकर हमलोग सुखी जीवन को जी सकते हैं इसके पूर्व में बीपीएम राजेश केरकेट्टा द्वारा जनसंख्या दिवस के उद्देश्य,कार्यों और सफल बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई मौके पर डॉ रोशनी तिग्गा ,सुषमा मरियम सहित एएनएम, स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

## मनरेगा की योजनाओं की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा, कहा-

# एफटीओ के रिजेक्शन के मामलों का अगले तीन दिनों के अंदर पुनः रजिस्ट्रेशन कराएं

**यदि एक सप्ताह के अंदर ऑन गोइंग का कार्य पूर्ण नहीं होता है तो संबंधित बीपीएस का वेतन अवरुद्ध करने हेतु दिया गया आदेश**

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला प्रखंड कार्यालय में आज गुरुवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक प्रखंड कार्यालय पदाधिकारी मनरेगा, कनिया अभियंता, सहायक अभियंता मनरेगा के साथ संपन्न हुई। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। आधार बेस्ड पेमेंट के संबंध में एनपीसीटी फेल के मामले में 15 दिनों के अंदर सभी पंचायत में कैंप का आयोजन कर पोस्टल पेमेंट से बैंक में खाता खुलवाते हुए आधार बेस्ड पेमेंट करने का सभी को निर्देश दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने बीपीओएस रजिस्ट्रेशन के रिजेक्शन ट्रांजेक्शन के संबंध में निर्दिशित करते हुए कहा सभी एफटीओ के रिजेक्शन के मामलों को अगले तीन दिनों के अंदर पुनः रजिस्ट्रेशन कराएं।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन अंतर्गत सभी कूप जिनमें पटाई का कार्य चालू है, उनमें राज्य मद की निर्गत राशि का भुगतान पूर्ण करा कर पटाई का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ।

वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना अंतर्गत सभी फिजिकल कंप्लीट हुए खेल मैदाने का एमआईएस एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने हेतु सभी प्रखंडों के अए एवं खए को निर्देश दिया गया। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप अप्रूव्ड श्रेणी में कोडिंग कराए गए खेल मैदान को ऑन गोइंग कराने हेतु निर्देशित किया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना (2024- 2025) अंतर्गत सभी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर ऑन गोइंग कराकर एवं घेराव का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। यदि एक सप्ताह के अंदर ऑन गोइंग का कार्य पूर्ण नहीं होता है तो संबंधित बीपीएस का वेतन अवरुद्ध करने हेतु आदेश दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं उससे पूर्व की योजनाओं को यथा शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया । जिसमें दीदी बड़ी/ डोभा/प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की योजनाओं को ड्राइव चलाते हुए में अभिलंब बंद करने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023- 24 के प्राप्त लाभुकों की सूची प्रखंडों को उपलब्ध करा दी गई है।

## विकसित भारत की नई पहचान' परिवार नियोजन हर दंपति की शान

# किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए सही नहीं है जनसंख्या वृद्धि : डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गुरुवार को ₹विकसित भारत की नई पहचान' परिवार नियोजन हर दंपति की शान₹ कार्यक्रम सदर अस्पताल प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के उद्देश्य को समझना जरूरी है। आज भारत की जनसंख्या में युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है लेकिन यही जनसंख्या जब वृद्ध होगी तो इनकी संख्या ज्यादा होगी। यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए सही नहीं है। हमें देश की जनसंख्या को युवा रखना है तो जनसंख्या को नियंत्रित रखना होगा। बच्चों की संख्या दो ही रखें और उन्हें अच्छी तरह शिक्षित करें। उनके बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान दें। उनको एक बेहतर बचपन दें।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि एक माँ जब बार-बार बच्चों को जन्म देती है तो उसे बहुत शारीरिक व मानसिक कष्ट झेलना पड़ता है। आज परिवार नियोजन के कई स्थायी और अस्थायी तरीके हैं। परिवार नियोजन की जितनी जिम्मवारी महिला की है उससे कहीं ज्यादा पुरूष की है। बच्चों में 2-3 साल का अंतर अवश्य रखना चाहिए। हमें परिवार नियोजन के बारे ज्यादा से जानना चाहिए और दूसरों को भी बताना चाहिए। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर लोहरदगा जिला में परिवार कल्याण पखवाड़ा चलेगा। गांव-गांव जाकर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा परिवार नियोजन के बारे जानकारी दी जाएगी।

## सीएचसी कुडू में परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



**कुडू - लोहरदगा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सीएचसी कुडू में गुरुवार को परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो और डॉ अंजुलन आइन्द ने फीता काटकर किया। मौके पर सिएचसी प्रभारी श्रीमती होरो ने बताया कि विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पती की पहचान थीम पर आधारित जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चलेगा। उंन्होने कहा कि बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं के कारक बनते हैं।

### भाई-बहनों का व्यवहार संस्कार युक्त होना चाहिए : अखिलेश

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा दशम के भैया /बहनों के अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास , आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे। इस बैठक में भौतिक विभाग के आचार्य राजीव द्वारा आचार्यों और अभिभावकों के साथ सही तालमेल हो इस विषय को रखा गया और इस गोष्ठी के महत्व के बारे में भी प्रकाश डाला गया । भैया बहनों का रिजल्ट अच्छा हो । उनकी उन्नति के लिए आचार्य के साथ ही अभिभावकों का भी पूरा कर्तव्य बनता है कि इस विषय पर चिंतन करें। अभिभावकों से वातालाप के दौरान अपने समय से 1 घंटे का समय अपने पाल्य को देने का सुझाव रखा गया। विभाग प्रमुख के द्वारा भी अभिभावक संपर्क, भैया/बहनों के विकास संस्कार पर चर्चा हुई तथा उनके मार्गदर्शन के लिए बातें हुई।

### लाभुको के बीच बत्तख के बच्चे का किया गया वितरण



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा ब्लॉक परिसर में गुरुवार को बत्तख पालन के लिए प्रखंड के 30 लाभुकों के बीच बत्तख के बच्चे का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी व पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान एक-एक लाभुकों के बीच प्रति यूनिट 15 बत्तख के बच्चे बांटी गई। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि विभाग द्वारा बत्तख पालन में लोगो को बढ़ावा देने हेतु बत्तख का वितरण किया गया है ताकि बत्तख पालन कर ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके। वही पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का ने बताया कि 90% अनुदान में सरकार द्वारा बत्तख पालने के लिए चुजा वितरण किया गया है। मौके पर उपस्थित लोगों में जीतराम असुर, पानु देवी सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दर्जनभर लोग घायल, दो रिम्स रेफर

**लोहरदगा।** गुरुवार को पेशरार थाना क्षेत्र से शादी समारोह में पतरातु जा रही ऑटो को तेज रफ्तार से पीछे से आ रही 704 टर्बो लोहरदगा कि ओर जाने के क्रम में बगडू बुध बाजार के समीप धक्का मार दिया जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो रोड से सीधे खेत में जा गिरा। जिससे ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही इसमें सवार दर्जनभर लोग घायल हो गए। घायलों ने बताया कि ऑटो 3 से 4 बार पलटने की वजह से ऑटो सवार खेत पर जा गिरे जिस कारण दर्जनों लोग घायल हुए हैं। सभी घायल को दूसरे ऑटो से सदर अस्पताल लाया गया। घायल की पहचान पेशरार निवासी वासुदेव उरांव का पुत्र 40 वर्ष चारवा उराव, गंदरू उराव की पत्नी 39 वर्षीय तुलसी उरांव, यह दोनों गंभीर रूप से घायल को सदर अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। बाकी घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## मदरसा के बच्चों को दीन और सांस्कारिक शिक्षा दें : इम्तियाज अंसारी

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मदरसा हश्मतूर रजा सेन्हा में मोहर्रम के मौके पर नात पाक और निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की शुरूवात कलाम ए पाक की तेलावत से मौलाना जिब्राइल अहमद ने किया.मौके पर अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर इम्तियाज अंसारी ने कहा की बच्चो का बौधिक विकास की जांच के लिए निबंध प्रतियोगिता और नात प्रतियोगिता का आयोजना तीन -तीन माह में करते रहें.जिससे बच्चो की शिक्षा की गुणवक्ता की जानकारी मिलती है।जिसे बच्चो में पढ़ाई और शिक्षा के प्रति हौसला बढ़ेगा।मदरसा के शिक्षक बच्चो को दिन और सांस्कारिक शिक्षा दें।प्रतियोगिता मैं भाग लिए बच्चो हौसला बढ़ाने के लिये अतिथियों द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया।मौके पर हाफिज मोबिन,हाफिज गुलाम मुस्तफा, मौलाना जिब्राइल अहमद,पूर्व सदर मो इम्तियाज अंसारी, मुस्ताक अंसारी,बाबर अंसारी, रुस्तम अंसारी,अफरोज खान, गुलजार अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## परिवार नियोजन अपनायें और छोटा परिवार सुखी परिवार का लाभ लें : डा संजीत आनन्द

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सेन्हा में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी संजीत आनंद, डा रंजीता लकडा, डा प्रति कच्छप, जीएनएम सावित्री मिंज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। वही डॉ। संजीत आनंद ने कहा कि परिवार नियोजन अपनाये और छोटा परिवार सुखी परिवार का लाभ ले। वही परिवार नियोजन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया गया। महिला व पुरुष बंध्याकरण के लिये आगामी 20 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में पंजीयन किया जायेगा। जिसका पंजीयन होगा उस व्यक्ति का बंध्याकरण 22 जुलाई को शिविर के माध्यम से किया जायेगा।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/32/2023-24/RE-3

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM), Block-Shaligram Narayanpur (Hunterganj) | 50,14,200.00 | 1,00,300.00 | 10,000.00 | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–19.07.2024 से दिनांक–26.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.07.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा।

PR 329324 (Rural Development) 24-25 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/01/2024-25/RE-1

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | प्रखण्ड–मयूरहण्ड, पंचायत–हुसिया, ग्राम–महुअरी में उ0म0विद्यालय से खटाल तक पक्की नाली निर्माण। | 13,79,600.00 | 27600.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 02 | 02 | प्रखण्ड–मयूरहण्ड, पंचायत–हुसिया, ग्राम–महुआरी में बरगद से प्रा0 विद्यालय तक पक्की नाली निर्माण। | 24,47,300.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 03 | 03 | प्रखण्ड–मयूरहण्ड, पंचायत–हुसिया, ग्राम–हुसिया में बौधा रविदास के घर से सेराज मियां के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण सह पक्की नाली निर्माण। | 11,46,600.00 | 23000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 04 | 04 | प्रखण्ड–हण्टरगंज, पंचायत–पाण्डेयपुरा, ग्राम–पाण्डेयपुरा खूर्द में नगीना प्रजापति के घर से गोपाल साहनी के घर तक नाली निर्माण। | 21,35,300.00 | 42800.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –19.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक–19.07.2024 से दिनांक–26.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.07.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 329320 Rural Development(24-25)#D



कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक पुनर ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 07/2024-25 दिनांक: 09.07.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | प्रतापपुर | – | – | K.G.B.V, PRATAPPUR में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य । | 1555000 | 5000 | 31500 | 04 माह |
| 2 | हण्टरगंज | – | – | K.G.B.V, HUNTERGANJ में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण । | 1200000 | 2500 | 24000 | 04 माह |
| 3 | टण्डवा | गाड़ीलौंग | कमता | ग्राम कामता में उ0म0वि0 कामता में चाहरदिवारी का निर्माण। | 2462600 | 5000 | 49500 | 04 माह |
| 4 | चतरा | गंधरीया | गंधरीया | राजकीय मध्य विद्यालय में चार कमरा का निर्माण। | 4960300 | 5000 | 99500 | 06 माह |
| 5 | टण्डवा | कोयद | बरकुटे | लालदेव साव के घर से सिकनी नदी तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 7070100 | 10000 | 141500 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16/07/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 20.07.2024 से 27.07.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.329312 District(24-25):D

## एक नजर

### 26 जुलाई से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच इस महीने के अंत में होने वाली टी 20 और एकदिवसीय श्रृंखला का कार्यक्रम घोषित हो गया है। श्रीलंका दौरे का आगाज टी 20 श्रृंखला के साथ होगा जबकि एकदिवसीय श्रृंखला की शुरूआत 1 अगस्त से होगी। श्रीलंका दौरे पर भारत को तीन तीन मैचों की टी 20 और एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है। भारत 26 और 27 जुलाई को लगातार दो दिन श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच खेलेगा जबकि इस श्रृंखला का अंतिम मैच 29 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं एकदिवसीय श्रृंखला के अन्य दो मैच 4 और 7 अगस्त को खेले जाएंगे। टी20 श्रृंखला के तीनों मैच पल्लेकेले और तीनों एकदिवसीय मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। गौतम गंभीर के लिए यह बतौर भारतीय कोच पहला दौरा भी होगा।

### पिछली 5 पारियों में 5 का आंकड़ा भी नहीं छू सके बेन स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीमें लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेल रही हैं। ये इंग्लैंड के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जेम्स एंडरसन का अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच भी है। इस मैच में वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में मात्र 121 रनों पर आउट हो गई। इसके जवाब में इंग्लैंड टीम एक बड़ी बढ़त लेने की ओर अग्रसर है।

### एटकिंसन की घातक गेंदबाजी; क्रॉली व पोप का अर्धशतक

# टेस्ट मैच में इंग्लैंड मजबूत

**एजेंसी। लंदन**

गस एटकिंसन ने अपने पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरूआती दिन बुधवार को 45 रन पर 7 विकेट लेकर टेस्ट इतिहास में पदार्पण करने वाले इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी द्वारा एक पारी में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज किया। पहले दिन स्टंप्स तक, इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (76) और ओली पोप (57) के अर्धशतकों की मदद से 40 ओवरों में 189/3 का स्कोर बनाकर 68 रनों की बढ़त ले ली। पहले दिन जब सभी की निगाहें अपने विदाई मैच में जेम्स एंडरसन



पर थीं, तो वह एटकिंसन ही थे जिन्होंने ताबड़तोड़ विकेट लिए। उनका 7-45 वर्ष 1995 में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिक कॉर्क के 7-43 के बाद दूसरा और 1976 में जॉन लीवर के भारत के खिलाफ 7-46 से बेहतर था। एटकिंसन की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में 121 रन पर समेट दिया। एंडरसन, जिनकी बेटी ने लॉर्ड्स में टेस्ट मैच की शुरूआत का संकेत देने के लिए पारंपरिक घंटी बजाई थी, ने 10.4 ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। एंडरसन, जो 188 टेस्ट खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट के बाद सेवानिवृत्त होंगे, को इंग्लैंड टीम ने सम्मानित किया और कप्तान बेन स्टोक्स द्वारा पहले गेंदबाजी करने के लिए चुने जाने के बाद राष्ट्रीय गान के बाद उन्हें मैदान पर टीम का नेतृत्व करने के लिए कहा गया। एटकिंसन ने शानदार शुरूआत करते हुए टेस्ट क्रिकेट में अपनी दूसरी ही गेंद पर वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट को आउट कर दिया और बल्लेबाज को अपने स्टंप्स पर खेलने के लिए मजबूर कर दिया।

# सौरव गांगुली ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में अपने तीसरे सीजन की तैयारी कर रहे मोटरस्पोर्ट इवेंट इंडियन रेसिंग फेस्टिवल को पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के 2024 सीजन से पहले कोलकाता रॉयल टाइगर्स रेसिंग टीम का मालिक बनने से बढ़ावा मिला है।




**आठ शहर आधारित टीमें :** कोलकाता, हैदराबाद, बैंगलोर, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद - इस साल अगस्त से नवंबर तक प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। प्रतियोगिता में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए, कोलकाता पहली बार भाग लेने के लिए तैयार है। एसोसिएशन के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, गांगुली ने कहा, मैं इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता टीम के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट्स हमेशा से मेरा जुनून रहा है, जबकि यह अवसर न केवल मुझे इसके विकास में योगदान करने की अनुमति देता है बल्कि कोलकाता में मोटरस्पोर्ट तथा उत्कृष्टता और खेल कौशल की संस्कृति को बढ़ावा देने में मेरे विश्वास के साथ भी मेल खाता है। कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य भारतीय रेसिंग फेस्टिवल में एक मजबूत विरासत बनाना और मोटरस्पोर्ट प्रेमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करना है, जिससे कोलकाता रॉयल टाइगर्स फेस्टिवल में एक जबरदस्त ताकत बन सके।

## गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे पीयूष चावला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीनियर लेग स्पिनर पीयूष चावला दोबारा उत्तर प्रदेश लौट आए हैं और वह आने वाले घरेलू सीजन के साथ ही अगस्त में लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में होने वाली उत्तर प्रदेश टी20 लीग में भी खेलते दिखेंगे। दो बार के विश्व चैंपियन लेग स्पिन ऑलराउंडर 2016 में उत्तर प्रदेश छोड़कर गुजरात चले गए थे। उन्होंने सात साल तक गुजरात के लिए घरेलू क्रिकेट खेला और अब वह फिर से उत्तर प्रदेश वापसी के लिए तैयार हैं। वह फि लहाल उत्तर प्रदेश के लिए सफेद गेंद की क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी खेलने की संभावना से पूर्ण इनकार नहीं किया है।



ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए चावला ने बताया कि वह सफेद गेंद से उत्तर प्रदेश के लिए इस सीजन खेलेंगे लेकिन लाल गेंद यानी रणजी ट्रॉफी खेलने पर भी विचार करेंगे। चावला ने उत्तर प्रदेश के लिए अपना पिछला मैच अक्टूबर 2016 में जयपुर में बंगाल के खलिाफ खेला था, जिसमें वह चोटिल हो गए थे।

## विंबलडन : जोकोविच से भिड़ेंगे मुसेटी

**एजेंसी। लंदन**

वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन में इटली में सभी की निगाहें जानिक सिनर पर थीं, लेकिन यह लोरेंजो मुसेटी हैं जिन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचकर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के साथ मुकाबला करने की देश की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर के चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। बुधवार को मुसेटी ने अपने करियर का अब तक का संभवतः सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 7-6(5), 6-2, 3-6, 6-1 से हरा दिया। ऐसा करने पर, 22 वर्षीय खिलाड़ी इवेंट के इतिहास



में केवल चौथा इतालवी पुरुष एकल सेमीफाइनलिस्ट बन गया। मंगलवार को वर्ल्ड नंबर 1 सिनर के दानिल मेदवेदेव से हारने के बाद भी, मुसेटी ने अपने पहले प्रमुख क्वार्टरफाइनल में उत्कृष्ट और संयमित प्रदर्शन के साथ इतालवी टेनिस की ताकत की तुरंत याद दिला दी। 25वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने ग्रास-कोर्ट के एक विशिष्ट प्रतिद्वंद्वी को चकमा देने के लिए अपने स्लाइस बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल किया और जोकोविच के साथ अंतिम-चार मुकाबले की तैयारी कर ली। दो बार के एटीपी टूर टाइटलिस्ट मुसेटी ने तीन घंटे, 27 मिनट में यह मुकाबला जीता। ऑल-इंग्लैंड क्लब के नंबर 1 कोर्ट पर अपनी पहली उपस्थिति में मुसेटी की जीत की नींव उनकी सर्विस थी।

## यूरो 2024 में युवा लैमिन के जादुई गोल को गौतम अदाणी ने सराहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी स्पेन के युवा फुटबॉलर लैमिन यामल की सराहना की है। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में एक शानदार गोल किया। 16 साल के इस स्टार विंगर ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। यूरो 2024 सेमीफाइनल के दौरान फ्रांस के खिलाफ जब स्पेन 0-1 से पीछे चल रहा था, तब यामल ने टीम को बराबरी के स्कोर तक पहुंचाया। गौतम अदानी ने एक्स पर पोस्ट किया, कल 20:16 पर फुटबॉल की दुनिया थम सी गई थी। 16 वर्षीय लैमिन यामल ने 20 गज की दूरी से जादुई गोल किया। संयोग हो सकता है। प्रतिभा अविश्वसनीय! सभी युवाओं के लिए यह कितनी प्रेरणादायक कहानी है। विनम्र और चुनौतीपूर्ण शुरूआत, रोजाना अपनी मां से बात करना, अपने साथ स्कूल की पाठ्यपुस्तकें रखना और फिर भी इस युवा ने इतिहास रच दिया है।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई दर (सीपीआई-आईडब्ल्यू) मई में गिरकर 4 महीने के निचले स्तर 3.86 प्रतिशत पर आ गई है, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 4.42 प्रतिशत पर था। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई-आईडब्ल्यू) में इस वर्ष फरवरी से लगातार गिरावट आ रही है। अप्रैल में यह आंकड़ा 3.87 प्रतिशत पर था। ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्ल्यू मई 2024 में 0.5 अंक बढ़कर 139.9 अंक हो गया है। अप्रैल 2024 में यह 139.4 अंक पर था। ईंधन और ऊर्जा सेगमेंट में कमी आई है और मई 2024 में यह गिरकर 149.5 अंक रह गया है, जो कि अप्रैल 2024 में 152.8 अंक पर था। फूड और बेवरेज ग्रुप में ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्ल्यू मई 2024 में बढ़कर 145.2 अंक हो गया है, जो कि अप्रैल 2024 में 143.4 अंक पर था।

### अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह पर आई पहली मदर शिप

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोवलम बीच के पास भारत के पहले ट्रांस-शिपमेंट अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह पर गुरुवार को पहली मदर शिप आई। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी मर्क्स के जहाज 'सैन फर्नांडो' ने 2,000 से अधिक कंटेनरों के साथ बंदरगाह पहुंच कर इतिहास रच दिया। इस विशाल जहाज को पारंपरिक सलामी दी गई, जिसके बाद यह सफलतापूर्वक बर्थ पर पहुंच गया। पहली मदर शिप के आने के साथ, अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह ने भारत को विश्व शिपिंग बिजनेस के पटल पर ला दिया है। इस तरह यह बंदरगाह वैश्विक स्तर पर 6ठे या 7वें स्थान पर होगा। इस मौके पर केरल के बंदरगाह मंत्री वी.एन. वासवन, अदाणी बंदरगाह के अधिकारी और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने मदर शिप का स्वागत किया।

# बजट से पहले पीएम मोदी संग नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों की बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

23 जुलाई को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस दौरान उपस्थित थीं। पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों की बैठक शुरू हो गई है। आपको बता दें कि 23 जुलाई को मोदी सरकार 3.0 का बजट केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पेश करेंगी। इस बजट को लेकर ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक के जरिए पीएम मोदी जनता का मूड समझने की कोशिश करेंगे। पीएम जनता के बीच चल रही परेशानियों से अवगत होना चाहते हैं। वे अर्थशास्त्रियों के साथ विचार-विमर्श करने वाले हैं। वे आगामी केंद्रीय बजट को लेकर विचार और सुझाव लेने वाले हैं। इस बैठक में अर्थशास्त्रियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भागीदारी में हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य शामिल हैं।




### 22 जुलाई से शुरू हो रहा है संसद का बजट सत्र

22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। केंद्रीय बजट 2024-25 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बजट को लेकर कहा था, 'भविष्य को ध्यान में रहते हुए सरकार इस बार दूरगामी नीतियों के साथ बजट पेश करेगी। इसमें प्रमुख आर्थिक और सामाजिक सरोकारों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव की वजह से फरवरी में एक अंतरिम बजट पेश किया गया था।

### विकसित भारत का रोड मैप पर हो सकती है चर्चा

केंद्र सरकार ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार की इच्छा है कि आम बजट के जरिए विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने की है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत के रोडमैप पर भी विशेषज्ञों के सुझाव लेंगे। केंद्र सरकार का ध्यान गरीब, मध्य और निम्न मध्यवर्ग पर सबसे ज्यादा है। सरकार की तरफ गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के लिए नई योजना शुरू करने की भी योजना है।

# भारत में तेल, गैस अन्वेषण में 100 अरब डॉलर के निवेश के अवसर : पुरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुरी ने कहा, हमारे तलछटी बेसिन क्षेत्र के केवल 10 प्रतिशत पर ही अन्वेषण का काम किया जा रहा है, जो वर्तमान बोली समाप्त होने के बाद 2024 के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो जाएगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और किफायती तथा टिकाऊ तरीके से ईंधन उपलब्ध कराने के लिए तेल एवं गैस की खोज तेज करने का आह्वान किया। ऊर्जा वार्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अन्वेषण तथा उत्पादन (ईएंडपी)



क्षेत्र ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अभिन्न अंग है, जो सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ईएंडपी 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है। पुरी ने कहा कि भारत की अन्वेषण तथा उत्पादन क्षमता का अब भी पूरी तरह दोहन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे यह अजीब लगता है कि भारत प्रचुर भूवैज्ञानिक संसाधनों के बावजूद तेल आयात पर इतना अधिक निर्भर है। उन्होंने कहा कि भारतीय तलछटी बेसिन में करीब 65.18 करोड़ टन कच्चा तेल और 1138.6 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस मौजूद है। पुरी ने कहा, हमारे तलछटी बेसिन क्षेत्र के केवल 10 प्रतिशत पर ही अन्वेषण का काम किया जा रहा है, जो वर्तमान बोली समाप्त होने के बाद 2024 के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो जाएगा।

### भारत में डीमैट अकाउंट की संख्या बढ़कर 16.2 करोड़ हुई

**नई दिल्ली।** देश में डीमैट अकाउंट की संख्या जून में 42 लाख से बढ़कर 16.2 करोड़ हो गई है। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चालू वित्त वर्ष में औसत 34 लाख डीमैट अकाउंट हर महीने खोले गए हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल डिपॉजिटरीज सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) की बाजार हिस्सेदारी (कुल डीमैट खातों की संख्या में) लगातार बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि कुल डीमैट अकाउंट की संख्या के मामले में सालाना आधार पर नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) का मार्केट शेयर 4.3 प्रतिशत गिरा है।

## बीएफआईएल के शेयर 27 दिन में 86% चढ़े, कचोलिया का है निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों ने आज नई ऊंचाई छू ली। गुरुवार के कारोबार में बीएसई पर इंडेक्स कमजोर रहने के बावजूद कंपनी के शेयर 9 प्रतिशत उछाल के साथ 415 रुपये पर पहुंच गए। इसकी तुलना में, बीएसई सेंसेक्स दोपहर 1:45 बजे 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,760 पर था। इस छोटी कंपनी (स्मॉल कैप) के शेयरों ने पिछले 27 दिनों में 86 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। 6 जून को यह शेयर 223 रुपये पर था। वहीं, 14 मार्च 2024 के 154.55 रुपये के स्तर से अब तक यह शेयर 169 प्रतिशत बढ़ चुका है। बता दें, बीएफ आई एल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएससी) पर 29 अप्रैल 2024 को लिस्ट हुआ था। गौर करने वाली बात है कि कंपनी द्वारा जून 2024 तिमाही के लिए शेयरधारिता पैटर्न का खुलासा किया गया था, जिसके अनुसार निवेशक आशीष कचोलिया के पास बीएफआईएल में 2.19 करोड़ शेयर या 2.14 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

**बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लोहे का सामान बनाने का काम करती है, खासतौर पर वो घुमावदार लोहे के पुर्जे जो इंजन में लगते हैं और दूसरे मजबूत लोहे के उपकरण बनाती है।**

# रिलायंस जियो की 112 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो 2025 में संभावित रूप से 112 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन के साथ लिस्ट हो सकती है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने 10 जुलाई को एक रिपोर्ट में कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सही वैल्यूएशन मिलने के बाद जियो प्लेटफॉर्म्स को अलग कर लिस्टिंग करा सकती है। जेफरीज ने कहा, यह मानते हुए कि जियो रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्टेबल आउटलुक से अलग हो जाता है, हमारे लिए रिल स्टॉक का उचित मूल्य 3,580 रुपये होगा। अगर आईपीओ आता है तो बेस केस में (20 प्रतिशत होल्डिंग कंपनी डिस्काउंट के लिए




एडजस्टेड) रिल का उचित मूल्य 3,365 रुपये तक गिर जाएगा। अलग करने के मामले में, जेफरीज का टारगेट प्राइस उनके बेस केस में 14 फीसदी की बढ़ोतरी का संकेत देता है। उनके बुल केस में, फ्फ्छ का स्टॉक प्राइस 3,700 रुपये रहेगा, जो 18 फीसदी की बढ़ोतरी का संकेत देता है। ऑपरेशन के नजरिये से, जियो पहले टेलीकॉम कंपनी थी, जिसने हाल में टैरिफ में बढ़ोतरी का ऐलान किया। हालांकि, उन्होंने फीचर फोन टैरिफ को बरकरार रखा। एनालिस्ट्स ने कहा कि इससे जियो का मोनेटाइजेशन और सब्सक्राइबर मार्केट में ज्यादा हिस्सेदारी पर फोकस दिखा।

### भारत में वित्त वर्ष 25 में ग्रामीण मांग बढ़ने से बढ़ेगा निजी खपत

**नई दिल्ली।** ग्रामीण मांग में रिकवरी, सामान्य मानसून और कम होती महंगाई के कारण भारत में चालू वित्त वर्ष में निजी खपत बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंडिया रेटिंग्स और रिसर्च की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि निजी खपत में बढ़ोतरी होने से बैलेंस्ड ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा और प्रीमियम एवं वैल्यू सेगमेंट में अंतर कम होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि शहरी मांग में बढ़त जारी रहेगी, लेकिन इसकी गति धीमी होगी। इंडिया रेटिंग्स ने रिपोर्ट में आगे कहा कि वित्त वर्ष 25 में विकास में असमानता कम होगी। इसके कारण व्यापक स्तर पर विकास दिखेगा। पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण खपत में लगातार इजाफा देखा गया है।

# आज के टॉप शेयर की लिस्ट में आनंद राठी ने रखे ये 3 स्टॉक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 को लगभग 935 के पीक पर पहुंचने के बाद, जेके लक्ष्मी सीमेंट में काफी करेक्शन देखा गया है, जिससे यह लगभग 80 अंक गिर गया है, जो 9 प्रतिशत की गिरावट है। यह इसके ब्रेकआउट रेंज की पिछली अपर बाउंड्री के साथ मेल खाता है, जिससे एक आकर्षक खरीदारी का अवसर बन जाता है। टेक्निकली देखें तो, डेली रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 55 स्तर से उछल चुका है, जो स्टॉक के लिए संभावित सकारात्मक गति का संकेत देता है। इसलिए, 880-890 के रेंज में शेयर खरीदने की सलाह दी जाती है। साथ ही साथ, 960 के अपसाइड टारगेट और डेली क्लोजिंग बेसिस पर 845 पर स्टॉप-लॉस सेट करने की सिफारिश की जाती है। पिछले कुछ हफ्तों में, एथर ने हायर हाई और हायर लो का फॉर्मेशन करके लगातार अपट्रेंड दिखाया है, जो इसके मार्केट परफॉर्मेंस का पॉजिटिव संकेत है। हाल ही में, एथर ने अपने पिछले कंसोलिडेशन रेंज हाई 865 को पार कर लिया है और अब 896 के आसपास कारोबार कर रहा है। टेक्निकल एनालिस्ट के व्यू से, डेली चार्ट पर रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स ने एक बुलिश डाइवर्जेंस दिखाई है, जिससे पोटेंशियल अपवार्ड मोमेंटम का सुझाव मिलता है जो निवेशकों को आकर्षक लग सकती है।



## चुनाव आयोग की टीम ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# 24 जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों ने प्रस्तुत किए प्रतिवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा एवं नितेश व्यास ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा की। इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार तथा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आयोग के वरीय पदाधिकारियों ने झारखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने पर देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की ओर से झारखंड के सीईओ एवं पूरे राज्य की निर्वाचन टीम को बधाई दी। बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया।




### राजनीतिक दलों के साथ नियमित हो बैठक

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित अंतराल पर बैठकें करते रहें तथा उनके द्वारा बताए गए बिंदुओं पर समुचित कार्रवाई करने के साथ-साथ उन्हें नियमित रूप से संबंधित अद्यतन जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित करें।

### वोटर लिस्ट और डिजिटाइजेशन पर रहा जोर

भारत निर्वाचन आयोग से आए पदाधिकारियों द्वारा राज्य में चल रहे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, डिजिटाइजेशन, पुराने लैमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, पहचान पत्रों के वितरण, मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं, जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति एवं लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से समीक्षा की एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित करवाने के लिए निदेशित किया गया।

### हाउसिंग सोसायटी में 500 होंगे मेंबर, तो वहीं बनेगा बूथ

सीनियर डीईसी नितेश व्यास ने कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों के वैसी हॉउसिंग सोसाईटी जहां 500 से अधिक मतदाता हैं, वहां भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सोसाइटी के अंदर ही नया मतदान केंद्र बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जितना दक्षतापूर्वक और त्रुटि रहित होगा, मतदान प्रतिशत उतना ही बेहतर होगा। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद, झारखंड के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### वोटर आईडी वितरण की हो मॉनीटरिंग

समीक्षा के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के वरीय पदाधिकारियों ने राज्य स्तरीय टीम के साथ-साथ जिलों को जरूरी निर्देश दिए कि मतदाता पहचान पत्रों के वितरण कार्य की नियमित मॉनीटरिंग करें। मतदाता पंजीकरण के बाद यदि मतदाता पहचान पत्र वितरण में निर्धारित समय से अधिक विलंब होता है तो पोस्ट ऑफिस के साथ समन्वय कर इस कार्य में तेजी लाएं। निदेश दिया गया कि मतदाता पंजीकरण या मतदाता पहचान पत्र से जुड़ी सभी जनशिकायतों का भी ससमय निराकरण करते रहें, भले ही ये शिकायतें किसी भी माध्यम से प्राप्त हुई हों।

### युवा, दिव्यांग और महिलाओं को वोटर लिस्ट में जोड़ें

बैठक में निदेशित किया गया कि सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी युवाओं, दिव्यांगजनों, महिलाओं, पीवीटीजी आदि वर्गों को मतदाता सूची में पंजीकृत करवाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाकर समावेशी मतदाता सूची बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करें। साथ ही, विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के शत-प्रतिशत छात्रों का मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने को लेकर सभी जिले प्रभावी पहल करें। आयोग के वरीय पदाधिकारियों कि ओर से बीएलओ एवं मतदाताओं के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने एफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण

# अनाज के पास गंदगी देख लगाई फटकार

*अनाज की बोरियों का वजन कराया, कई में मात्रा कम मिली*

*कहा, जिम्मेदार व दोषी लोगों को बख्शा नहीं जाएगा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री बन्ना गुप्ता ने गरीबों के अनाज के भंडार घर कहे जाने वाले एफसीआई गोदाम कडरू का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को जब मंत्री के आने के सूचना मिली तो भागते हुए एफसीआई गोदाम पहुंचे। जहां विभाग के मंत्री को सामने देख उनके हाथ-पांव फूलने लगे।

अनाज के आसपास में गंदगी देख मंत्री बन्ना गुप्ता भड़क गए। वहीं संबंधित लोगों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अनाज की बोरियों का वजन कराया गया, जहां कई बोरियों में अनाज की मात्रा कम मिली। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी जिम्मेदार व दोषी है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने फोन पर वरीय अधिकारीयों को चेतावनी देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया, उन्होंने चेताया कि गरीबों का अनाज चोरी करने वाले और लापरवाही बरतने वाले लोगों को बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेंगे चाहे वो कोई भी हो। मौके पर मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने फूड सिक्योरिटी बिल लागू कराया था ताकि देश में कोई भूखा न रहे, सरकार का अनाज गरीब के थाली तक पहुंचे यही हमारे नेता राहुल गांधी की सोच है, उन्होंने मुझे ये जिम्मेदारी देते हुए निर्देश दिया कि गरीबों को कभी भूखा न सोना पड़े, निरीक्षण में कई गड़बड़ी मिली हैं जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा और इसको लेकर जो भी दोषी होंगे उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



गुरुवार को जेएसएफ एंड सीएससीएल यानी झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के कडरु, रांची स्थित स्टेट गोदाम में पहुंच गये। लेकिन उस वक्त कोई पदाधिकारी नहीं पहुंचा था। कुछ देर इंतजार करने के बाद आपूर्ति निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों को फोन किया गया। फोन के बाद कुछ अधिकारी गोदाम पहुंचे। खामियों से नाराज मंत्री ने स्टॉक का मिलान करना शुरू किया। उसमें भी एक माह का डाटा इंट्री अपडेट नहीं मिला। इस पर विभागीय मंत्री ने पदाधिकारियों को फटकार लगाई।

# झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही डर गया झामुमो : रमाकांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

*महतो ने आरोप लगाया है कि साढ़े चार वर्षों तक राज्य लूटने में मशगूल रही हेमंत सरकार। जनता अब अपदस्थ करेगी।*

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि झामुमो आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भयभीत है। यही कारण है कि सत्ता मद में चूर झामुमो देश की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को फरमान सुना रहा है। साथ ही, फरमान का पालन नहीं होने पर आंदोलन के जरिए परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। रमाकांत महतो ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा कि झामुमो के डीएनए में देश के संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना एवं उसे आदेशात्मक तरीके से धमकी देना प्रवृत्ति रहा है। भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य की स्मरण शक्ति शायद कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत पर जेल से बाहर आते ही दंभ भर रहे थे कि राज्य में जब चुनाव हो जाए हम डरने वाले नही हैं, फिर आज झामुमो को चुनाव की घोषणा के पूर्व ही डर सताने लगा।

महतो ने आरोप लगाया है कि साढ़े चार वर्षों तक राज्य लूटने में मशगूल हेमंत सरकार को जनता अब अपदस्थ करेगी। भय से संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाना शुरू कर दिया है, जिस चुनावी वायदे के साथ हेमंत सोरेन सरकार सत्ता में आई थी, उसमें एक भी अब तक पूरे नहीं हुए। बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के बजाय इस सरकार ने पेपर लीक कराकर प्रतिभागियों का दमन और नौकरी बेचने का काम किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के छह महीनों के भीतर चुनाव कराना चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है। अब झामुमो उसे भी साजिश समझता है और राज्य को अंतिम दिन तक लूटना चाहता है।

## न्यूज बॉक्स



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर विधायक सरयू राय ने औपचारिक मुलाकात की।

### पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी की प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक




**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिला कांग्रेस कमिटी के वरीय नेताओं और जिला से आने वाले प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन की भूमिका पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस दौरान सभी कमजोरियों को आंकने का प्रयास किया गया। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि जिले के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में बैठक कर क्षेत्रवार विश्लेषण किया जाएगा और विगत चुनाव में जो कमियां रह गई हैं, उसमें सुधार के लिए सुदृढ़ प्रणाली बनाई जाएगी। इस संदर्भ में जिले के लोगों के साथ प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ विस्तृत चर्चा आयोजित की जाएगी। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पहले से अच्छा प्रदर्शन कांग्रेस का हुआ है और हमें जरूरत है कि विधानसभा चुनाव में और बेहतर करें। भाजपा महागठबंधन की सरकार को घेरने के लिए जनता के बीच नकारात्मक प्रचार करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हमें लोगों के बीच रहकर उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना है। साथ ही, भाजपा के चेहरे को उजागर करना है कि झारखंडी जनता के विरुद्ध किस तरह भाजपा ने केंद्र सरकार के माध्यम से कुचक्र रचा है। इसका भी पदार्फाश करना जरूरी है।

### युवा आजसू ने रांची विश्वविद्यालय में जड़ा ताला

**रांची।** युवा आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय में गुरुवार को तालाबंदी कर दी। तालाबंदी दिन में 10:30 से की गई, जो लगभग छह घंटे तक रही। युवा आजसू की मांग है कि रांची विश्वविद्यालय इंटरमीडिएट में नामांकन शुरू करे। कहा है कि रांची विवि ने इंटरमीडिएट में नामांकन बंद कर दिया है, जबकि झारखंड हाई कोर्ट ने भी इंटर में नामांकन करने का निर्देश दिया था। तालाबंदी से पहले युवा आजसू ने पूरा प्रशासनिक भवन को खाली करवाया, उसके बाद तालाबंद कर दिया। दिन में 3:30 बजे विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने वार्ता के लिए बुलाया। इसके बाद ताला खोल दिया गया। मौके पर मौजूद अधकारियों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा से फोन पर बात की और प्रतिनिधिमंडल को कहा कि कुलपति साहब ने कहा है कि इस मामले पर 13 जुलाई को विचार विमर्श कर के छात्र छात्राओं के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा। वार्ता के बाद युवा आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ मुकुंद मेहता और डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू को मांग पत्र सौंपा और ताला खोल दिया। तालाबंदी में अभिषेक शुक्ला, विशाल यादव, राहुल तिवारी, दीपक दुबे, सुमित कुमार और अन्य छात्र-छात्राए शामिल रहे।

# रक्षा राज्य मंत्री ने किया कोलकाता का दौरा



रांची। रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को कोलकाता स्थिति एनसीसी, निदेशालय पश्चिम बंगाल और सिक्किम का दौरा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा के प्रति इनका समर्पण सराहनीय है। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने पश्चिम बंगाल और सिक्किम में उनके व्यापक प्रशिक्षण, सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यों को भी देखा। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी देखा।

# मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने लाह कारखाने का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने गुरुवार को नामकुम के सिदरौल स्थित राज्य सहकारी लाह क्रय-विक्रय एवं आहरण संघ सीमित के लाह कारखाना का निरीक्षण किया। झास्कोलैम्पफ की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों, प्राथमिक लाह परिष्करण ईकाई, लैक सीलिंग स्टिक उत्पादन की जानकारी ली । निरीक्षण के दौरान मंत्री को प्रबंध निदेशक, झास्कोलैम्पफ की ओर से बताया गया कि गत दो वर्षों में लगभग 2000 लाह कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति से लाह की खेती एवं लाह मूल्य संवर्द्धन (प्राथमिक परिष्करण) का प्रशिक्षण प्रदान कराया गया है। साथ ही, लाह कृषकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर लाह बीहन एवं लाह खेती में प्रयुक्त होनेवाले टूल-कीट्स उपलब्ध कराया जाता है। राज्य में निर्वाचन प्रयोजनार्थ लैक सीलिंग स्टिक की आपूर्ति 12 जिलों में की गई। उनके जरिये यह भी बताया गया कि 312 लैम्पस, पैक्स, व्यापार मंडल एवं प्राथमिक लाह उत्पादक सहयोग समितियों, झास्कोलैम्पफ से संबद्ध है। समीक्षा के क्रम में यह भी बताया गया कि राज्य में मुख्यतः नौ जिले रांची , खूंटी, सिमडेगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, लातेहार, पलामू एवं गढ़वा में कुसुम, बैर, पलास एवं सेमियालता वृक्षों पर लाह की खेती की जाती है। वर्तमान में बाजार दर न्यूनतम समर्थन मूल्य (कुसुमी लाह 275 रुपए प्रति किलोग्राम, रंगीनी लाह 200 रुपए प्रति किलोग्राम) से काफी ज्यादा होने के कारण लाह कृषकों से लाह का आहरण संभव नहीं हो पा रहा है। इस क्रम में मंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य और राज्य से बाहर लैक सीलिंग स्टिक की आपूर्ति के लिए कैबिनेट संलेख तैयार करें, ताकि राज्य के लाह उत्पादक किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके। झास्कोलैम्पफ के जरिये संचालित लाह कारखाना और प्रशिक्षण गतिविधियों में भी सुधार लाने एवं लाह आधारित उत्पादों के विपणन के लिए क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, संस्थागत विपणन के लिए कम्पनी के साथ एकरारनामा करने का भी मंत्री ने निर्देश दिया। साथ ही, लाह कारखाना, सिदरौल में स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों को भ्रमण कराकर उन्हें लाह उत्पाद एवं उसके परिसंस्करण की जानकारी दी जाए। मंत्री ने लाह कारखाना परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।



# हत्या के तीन आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने गुरुवार को हत्या के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा तीन आरोपितों रोपणा उरांव, रवि साहू एवं देवनारायण उरांव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। रोपणा उरांव हत्याकांड के बाद से ही जेल में है। वह करीब छह साल तक जेल में रहा। दो आरोपित जमानत पर बाहर थे। हत्या की घटना का अंजाम जुलाई 2018 में दिया गया था। तीनों पर चान्हो निवासी मुन्ना उरांव की हत्या करने का आरोप था। घटना को लेकर मृतक की पत्नी ने चान्हो थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 8/2018) दर्ज कराई थी। लेकिन, गवाही के दौरान कई कोशिशों के बावजूद वह गवाही देने अदालत नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी घटना के कुछ दिनों बाद दूसरी शादी कर कहीं और जाकर रह रही है, जिसे पुलिस खोज नहीं सकी। सूचक की गवाही नहीं हो पाने के कारण आरोपितों को लाभ मिला।

# अग्निवीर के बारे में देश के युवाओं को दिगभ्रमित कर रहे हैं राहुल : कर्नल सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय सिंह ने कहा कि भारतीय सेना में अग्निवीर जैसी महत्वाकांक्षी योजना के बारे में केंद्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का झूठा बयान सेना में फूट डालने तथा अग्निवीर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को दिगभ्रमित करने वाला है।

कर्नल संजय सिंह ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि हाल ही में संसद में राहुल गांधी ने गैरजिम्मेदाराना और झूठा बयान देकर पूरे देश की सेना तथा सरकार को विश्व के अन्य देशों की नजर में शर्मसार करने का काम किया है, जो देशद्रोह है। उन्होंने कहा कि देश में राजनीति का प्रतिफल देश के विरुद्ध सहा नहीं जा सकता है। सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीर को प्रथम वर्ष चार लाख 76 हजार प्रतिवर्ष से चौथे वर्ष छह लाख बानबे हजार रुपये तक दिया जाता है तथा चार वर्ष बाद सेना में ही पच्चीस प्रतिशत को रख लिया जाता है। शेष को राज्य सरकार, पीएसयू तथा अन्य जगहों पर नौकरी सुनिश्चित करने के लिए एमओयू किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए ग्यारह लाख इकहत्तर हजार रुपये भी दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जनवरी में वीरगति प्राप्त अग्निविर अजय सिंह के परिवार से मिलकर संसद में कहा कि ना ही शहीद को कोई सम्मान मिला, न ही शहीद परिवार को सरकार ने कोई सहायता दी। यह गलत बयान है। हालांकि, सरकार ने वीरगति प्राप्त अग्निवीर का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया और उनके बारिश को एक करोड़ पैंसठ लाख रुपये नियमानुसार दिए हैं।




## पृष्ट एक का शेष

**संथाल परगना में आदिवासियों का...**

ढाई गुना वृद्धि के साथ 22.73 प्रतिशत हो गई, जबकि आदिवासियों की आबादी 44.67 प्रतिशत से घटकर 28.11 प्रतिशत हो गई। यहीं पर सामान्य आबादी 45.9 प्रतिशत से 49.2 प्रतिशत तक ही बढ़ी।

उन्होंने कहा कि स्पष्ट है कि संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी को लव जिहाद, लैंड जिहाद के नाम पर सुनियोजित तरीके से घटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ की स्थिति तो भयावह है। एक विधानसभा क्षेत्र में 50 हजार मतदाता बढ़ गए। लगभग 123 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आखिर यह अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई। भाजपा वोट बैंक की राजनीति नहीं करती। भाजपा देश के लिए राजनीति करती है। राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ हम काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि जब जनसंघ का गठन हुआ था, उसी समय से हम अनुच्छेद 370 का विरोध करते थे, भले हमारी राजनीतिक ताकत कम थी। हमने देश के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए भी देश के विरोधी हैं। अनेक देशों ने घुसपैठियों को बाहर किया है। पाकिस्तान ने भी अफगानिस्तानियों को बाहर किया है, भले वे मुस्लिम ही क्यों न हों।

उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठ की समस्या को उच्च न्यायालय ने भी गंभीर माना है। सभी जिला उपायुक्तों को इस दिशा में कारवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण छोड़ घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कारवाई करे। उनका संरक्षण बंद करे।

**हाईकोर्ट से रांची विवि के गेस्ट...**

प्रोफेसर की नियुक्ति होने पर उन्हें नौकरी से हटा दिया जाएगा। उनकी ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया है कि संविदा पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। उनकी ओर से कोर्ट से यह भी कहा गया है कि उन्हें बीते 14 माह से दैनिक वेतन (पारिश्रमिक) भी नहीं मिला है, उन्हें बकाया वेतन दिलाया जाए।

**2 मजदूर झुलसे, 2 की हालत...**

हुआ था, तो उसकी आवाज मांडू बाजार तक पहुंची थी। मांडू थाने में तैनात पुलिस पदाधिकारियों ने भी वह आवाज सुनी। पहले तो लगा कि जैसे पास में कोई बम फट गया। लेकिन, बाद में पता चला कि प्लांट में विस्फोट हुआ है। घटनास्थल पर प्रबंधन की ओर से कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसकी वजह से मजदूरों को काफी परेशानी हुई। घायल मजदूर दर्द से चीखते रहे, लेकिन राहत बचाव कार्य शुरू नहीं हो पाया। मजदूरों को अस्पताल पहुंचने में भी काफी समय लगा। प्लांट प्रबंधन के लापरवाही पर मजदूरों का गुस्सा फूटा। मजदूर प्लांट का गेट जामकर आंदोलन पर उतर गए थे। वे लोग उचित मुआवजा और इलाज की मांग कर रहे थे। घायल मजदूर मुन्ना प्रसाद यादव के भाई मनीष यादव ने बताया कि हादसे के बाद वह सहायता के लिए भटकते रहे। उनका भाई भट्टी में काम कर रहा था जब हादसे के बाद फैक्ट्री कमेटी से कोई मदद नहीं मिली। प्रबंधन उपेक्षा कर रहा है। वहीं, घटना के बारे में फैक्ट्री संचालक संतु भाई मानिक ने बताया कि मामूली दुर्घटना हुई है। दो मजदूरों को हल्की छोटे आई हैं। दो अन्य मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।


**डीसी ने दिया जांच का आदेश :** चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में बॉयलर फटने की घटना पर जिला प्रशासन भी गंभीर है। डीसी नैंसी सहाय ने तत्काल अधिकारियों की टीम प्लांट में भेजी। वहां अधिकारियों ने बताया कि चार मजदूर घायल हुए थे, जिसमें दो लोग की हालत गंभीर है। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। क्या तकनीकी खामी प्लांट में थी और किस तरह की लापरवाही बरती गई है, इस पर अधिकारियों की टीम जांच कर रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### संघर्ष विराम होने पर ही इजरायल पर हमले बंद होंग : हिजबुल्लाह



**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह का कहना है कि गाजा में संघर्ष विराम पर समझौता होने पर उनका समूह इजरायल पर हमला करना बंद कर देगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नसरल्लाह ने यह बात बुधवार को टेलीविजन पर दिए गए भाषण में कही। पिछले हफ्ते दक्षिणी लेबनान में इजरायल के हमले में पार्टी नेता मोहम्मद एन. नासिर मारा गया था, उसकी याद में उन्होंने यह टिप्पणी की। हिजबुल्लाह नेता ने इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट की पहले की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी।

### फिलीपींस के सुल्तान कुदारत प्रांत में या 7.0 तीव्रता का भूकंप

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से सुल्तान कुदारत प्रांत में गुरुवार सुबह 7.0 तीव्रता का भूकंप आया। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वॉलकैनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने ये जानकारी दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिकस, संस्थान ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10.13 बजे आया। यह 722 किलोमीटर की गहराई पर था और तटीय शहर पालेमबांग से लगभग 133 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। देश के दूसरे सबसे बड़े द्वीप मिंडानाओ के आस-पास के प्रांतों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### दुसाहस... इराक ने कुर्दिस्तान में तुर्की के सैन्य घुसपैठ की निंदा की

**बगदाद।** इराक की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कुर्दिस्तान क्षेत्र में तुर्की के सैन्य घुसपैठ की निंदा की। परिषद ने इसे इराकी संप्रभुता का उल्लंघन भी बताया है। प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि परिषद ने तुर्की से अच्छे पड़ोसी होने का सम्मान करने और कूटनीतिक रूप से संलग्न होने की मांग की। एक बयान के हवाले से बताया कि इराकी प्रधानमंत्री ने स्थिति का आकलन करने और संयुक्त प्रतिक्रिया के लिए कुर्दिस्तान का दौरा करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल बनाया है।

### गाजा में युद्ध विराम के बाद फिलिस्तीन में एक ही सरकार होगी : मुस्तफा

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा ने कहा है कि गाजा में युद्ध विराम हो जाने के बाद एक ही प्राधिकरण और सरकार फिलिस्तीन पर शासन करेगी यानी कि गाजा और वेस्ट बैंक में एक ही सरकार होगी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि रामल्लाह में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, वाणिज्यदूतों और राजदूतों के साथ बैठक के दौरान मुस्तफा ने एकता और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

केरल हाई कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

# महिला के लिव-इन पार्टनर पर नहीं चल सकता क्रूरता का केस

» पुरुष जो कानूनी विवाह के बिना महिला का साथी था उस पर धारा 498ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

एजेंसी



**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी महिला का साथी जो कानूनी रूप से विवाहित नहीं है, उस पर आईपीसी की धारा 498ए के तहत क्रूरता के अपराध का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अदालत ने गुरुवार को याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने के बाद यह फैसला सुनाया, जो शिकायतकर्ता महिला का लिव-इन पार्टनर था। अदालत ने फैसला सुनाया, "आईपीसी की धारा 498 (ए) के तहत दंडनीय अपराध के लिए सबसे आवश्यक बात यह है कि महिला के पति या पति के रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता की गई हो। 'पति शब्द का अर्थ है विवाहित पुरुष, जिससे महिला की शादी हुई है। विवाह से ही कोई व्यक्ति महिला के पति का दर्जा पाता है। विवाह का अर्थ कानून की नजर में विवाह है। कानूनी विवाह के बिना यदि कोई पुरुष किसी महिला का साथी बन जाता है तो वह आईपीसी की धारा 498 (ए) के तहत 'पति' नहीं कहलाएगा।" आरोप यह था कि याचिकाकर्ता ने मार्च 2023 से अगस्त 2023 तक महिला को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, जबकि वे लिव-इन रिलेशनशिप में थे। कोर्ट ने कहा कि धारा 498ए के तहत अपराध का मुकदमा चलाने के लिए जरूरी है कि क्रूरता का अपराध पति या पति के रिश्तेदारों द्वारा किया गया हो।

इसमें कहा गया कि एक पुरुष जो कानूनी विवाह के बिना महिला का साथी था उस पर धारा 498ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

## नामी कंपनियों के मसालों व मिर्च पाउडर में मिलावट

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** यदि आप बाजार से नामी कंपनियों के मसाला व मिर्च पाउडर के पैकेट खरीद कर उपयोग कर रहे हैं, तो सतर्क हो जाइए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने हांगकांग के लैब की जांच में नामी कंपनियों के मसालों में कीटनाशक एथिलीन मिलने के मामले के बाद सरकार के आदेश पर कई जगह विशेष जांच अभियान चलाया है। ऐसे ही एक जांच अभियान में गाजियाबाद में लिए गए मसालों के सैंपल की रिपोर्ट में मिर्च में कीटनाशक की मात्रा मिली है। विभाग ने विभिन्न स्थानों के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से सीधे सैंपल एकत्र किए थे, जिनकी जांच हैदराबाद के तेलंगाना लैब में कराई गई थी। 18 सैंपल में से सात सैंपल की रिपोर्ट मिली है, जिसमें से सातों मिर्च के सैंपल में यह कीटनाशक पाया गया है। इस अभियान में लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर सहित शहरी क्षेत्र में जहां मसालों का उत्पादन किया जाता है, वहां से सैंपल एकत्र किए थे। 18 सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए थे, जिसमें से सात सैंपल की रिपोर्ट सेहत के लिए असुरक्षित पाई गई है। यह सातों सैंपल मिर्च पाउडर के हैं। इसमें पैकेट बंद और खुले सभी प्रकार के मसालों के सैंपल शामिल थे। सैंपल की जांच रिपोर्ट में एथिलीन नहीं पाया गया है, लेकिन अन्य कीटनाशक की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। वाद दायर करने के लिए रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। इस रिपोर्ट को आयुक्त खाद्य सुरक्षा को भेज दिया जाएगा। उनकी स्वीकृति के बाद एसीजीएम-प्रथम कोर्ट में वाद दायर होगा। दोष साबित होने के बाद दोषियों के लिए तीन महीने की सजा और तीन लाख के जुर्माने का प्रावधान है। इससे पहले हल्दी और मिर्च पाउडर में रंग की मिलावट पाई है।

सांसद सौगत रॉय को धमकी का आरोप

## पार्टी नेता जयंत सिंह की रिहाई नहीं हुई तो जान से मार देंगे

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद और वरिष्ठ नेता सौगत रॉय ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें जयंत सिंह की रिहाई को लेकर धमकी भरे कॉल आए हैं। लोकसभा सांसद सौगत रॉय ने कहा कि स्थानीय तृणमूल नेता जयंत सिंह की रिहाई का प्रबंध न करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। जयंत सिंह उत्तर 24 परगना के अरियादाहा इलाके के टीएमसी नेता है। पुलिस ने उन्हें पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार, जयंत सिंह को भीड़ द्वारा की गई हिंसा का मुख्य संदिग्ध बनाया गया है। सौगत रॉय ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, "मेरे मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले तो अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और फिर मुझे धमकी दी कि अगर मैंने पार्टी नेता जयंत सिंह की रिहाई का प्रबंध नहीं किया तो वह मुझे जान से मार देगा। मुझे दो बार कॉल आई। सांसद ने बताया कि उन्होंने बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से अपील की है कि वे उनके द्वारा दिए गए नंबर से कॉल करने वाले की पहचान करें। सौगत रॉय सत्तारूढ़ पार्टी के दूसरे नेता हैं जिन्हें सिंह की गिरफ्तारी के मामले में जान से मारने की धमकी मिली है। मदन मित्रा ने बुधवार को कहा था, "मुझे डर है कि मुझे कभी भी गोली मार दी जा सकती है। मैं इस मामले में पुलिस के खिलाफ मुखर रहा हूं। यह संभव है कि पुलिस असामाजिक तत्वों से यह कहे कि मदन मित्रा के दबाव के कारण उन्हें कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ा। यह पुराना खेल है।

### मोदी सरकार ने आंध्र प्रदेश को दी 60,000 करोड़ रुपये की सौगात

**नई दिल्ली।** 8वीं लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद सत्ता के गलियारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिठाने वाले दो प्रमुख दलों में से एक की बात कुछ हद तक मान ली गई है। हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे। मुलाकात को महज 5 दिन ही बीते थे और आज खबर आ रही है कि मोदी सरकार ने आंध्र प्रदेश में 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए मंजूरी दे दी है। यह खबर ऐसे समय आई है जब एनडीए के दोनों प्रमुख घटक दल यानी जेडीयू और टीडीपी अपने-अपने प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की कोशिश में हैं। वहीं, केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में ऑयल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब बनाने के लिए 60,000 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है।

## पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर छा गए नेहमर

एजेंसी

**वियना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और ऑस्ट्रिया का दौरा समाप्त कर स्वदेश लौट आए हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी दूसरी विदेश यात्रा थी। इससे पहले वह जी7 समिट में हिस्सा लेने के लिए इटली गए थे। रूस से लेकर ऑस्ट्रिया तक अपने दौरे के क्रम में पीएम मोदी अपने संबोधन में इस बात पर जोर देते नजर आए कि यह युद्ध का नहीं, बल्कि शांति का समय है। रूस के बाद प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया पहुंचे थे। जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। दोनों ही यूरोपीय देशों में प्रधानमंत्री का रेड कारपेट वेलकम किया गया। ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग खुद उन्हें लेने एयरपोर्ट पहुंचे।



बता दें कि ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर से भी पीएम मोदी की मुलाकात हुई। नेहमर पीएम मोदी की यात्रा से पहले ही उनसे मिलने को बेचैन नजर आए थे। सोशल मीडिया पर उन्होंने इसको लेकर पोस्ट भी डाला था।

### पीएम मोदी की सेल्फी ने हंगामा मचा दिया

ऐसे में पीएम मोदी से जब कार्ल नेहमर की मुलाकात हुई तो नेहमर ने उनके साथ सेल्फी ली जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। ऐसे में दुनिया के देशों में पीएम मोदी का दम तो दिखा ही आभासी दुनिया में भी कार्ल नेहमर और पीएम मोदी की सेल्फी ने हंगामा मचा दिया। पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रियाई चांसलर नेहमर द्वारा ली गई सेल्फी वाली तस्वीर ने सोशल मीडिया पर ऐसा हंगामा मचाया कि कार्ल नेहमर के इस तस्वीर वाली ट्वीट को 3,500 रीट्वीट, लगभग 36,000 लाइक और 1.3 मिलियन से अधिक बार देखा गया।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** आखिर लैंगिक अध्ययन क्या है? लैंगिक अध्ययन एक विशाल और विषय विषय है जिसे स्त्री, पुरुष और एलजीबीटी पहचान पर केंद्रित सोशियोलॉजी का एक उप-विषय भी माना जाता है। इसका उद्देश्य जातियता कामुकता, वर्ग और राष्ट्रीयता में लिंग पहचान और प्रतिनिधित्व का विश्लेषण करना है। इसमें महिलाओं का अध्ययन, नारीवादी दृष्टिकोण, राजनीति आदि शामिल हैं।

# लैंगिक अध्ययन की पढ़ाई कर बना सकते है अपना करियर

### इन विषयों पर आप का अध्ययन कर सकते हैं

- जेंडर एंड टेक्नोलॉजी
- इंट्रोडक्शन टू वूमन एंड जेंडर स्टडीज
- कल्चर, रेस एंड आइडेंटिटी
- वूमन एंड वॉर
- जेंडर, पॉवर, लीडरशिप एंड द वर्कप्लेस
- चेंजिंग लाइफः रीडिंग द इंटरसेक्शन ऑफ जेंडर, रेस, बायोलॉजी एंड लिटरेचर
- इंटरनेशनल विमेंस वॉइस
- जेंडर एंड मीडिया
- पॉपुलर कल्चर एंड नैरेटिवः लिटरेचर, कॉमिक्स एंड कल्चर

### लैंगिक अध्ययन के प्रमुख विषय

- लिंग अध्ययन का परिचय
- महिला के विरुद्ध क्रूरता
- युवाओं को समझना
- लिंग और समाज
- लिंग और विकासः दृष्टिकोण और रणनीतियाँ
- अनुसंधान क्रियाविधि
- नारीवादी आंदोलन नारीवादी सिद्धांत
- लिंग और अर्थव्यवस्था
- नारीवादी अनुसंधान पद्धति
- युवा विकास के लिए सकारात्मक मनोविज्ञान
- लिंग और स्वास्थ्य
- लिंग, पर्यावरण और आजीविका
- लिंग और गरीबी
- लिंग और मीडिया



### मास्टर्स कोर्सेज

- एमए इन जीएस
- मास्टर ऑप जेंडर स्टडीज
- एमए विमेंस एंड जेंडर स्टडी
- एमए इन जेंडर एंड मीडिया
- एमए इन जेंडर एंड विमेंस स्टडी एंड
- एमए इन जेंडर एंड कल्चक
- एमए इन विमेंस स्टडी
- मास्टर ऑफ फिलोसफी

### बैचलर्स कोर्सेज

- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर विमेन स्डडिज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन सोशियोलोजी जेंडर वर्क एंड फैमली
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर रेस एंड आईडेंचटिटी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन विमेन जेंडर एंड सेक्सएलिटी स्टडी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन हेल्थ एंड सोसाइटिज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन सोशियोलोजी जेंडर एंड सोसाइटी
- बैचलर ऑप साइंस इन साइकोलोजी विमेस स्टडी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर विमेन एंड सेक्सएलेटी

### लैंगिक अध्ययन के लिए भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- हिंदू कॉलेज, दिल्ली
- प्रेसीडेंसी कॉलेज, चेन्नई
- लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
- गार्गी कॉलेज, दिल्ली
- रामजस कॉलेज, दिल्ली
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता
- लेडी ब्रेबोर्न कॉलेज, कोलकाता
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद